फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 168 प्रभात जयपुर, गुरुवार 18 जनवरी, 2024 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



**Women are let off for being women**

Artemisia's rendering of "Judith Beheading Holofernes," shows 'a determined Judith slaughtering the Assyrian general' brutally while female assistant pins him down.

**JAIPUR READS**

**Social Media Helping To Protect Biodiversity**






*ऑस्ट्रेलिया में "वाइट्स सी हॉर्स" का पुनर्वास लगातार जारी है। वाइट्स सी हॉर्स ऑस्ट्रेलिया के आइकन माने जाते हैं और ऑस्ट्रेलिया में इन्हें दुर्लभ जानवरों की श्रेणी में रखा गया है। मई में सैकड़ों वाइट्स सी हॉर्स न्यू कासल के उत्तरी भाग में विशेष रुप से बनाए गए "बाड़ों" में छोड़े गए थे। संरक्षित केन्द्रों में जन्मे सी हॉर्स के इतिहास का यह अब तक का सबसे बड़ा पुनर्वास था। अब सिडनी हार्बर के उत्तर में क्लोनटार्फ नाम के स्थान पर एक टाइडपूल में इनका पुनर्वास किया जाएगा। इन सी हॉर्स का प्रजनन सिडनी के सी लाइफ एक्वेरियम में करवाया गया था। एक्वेरियम की क्यूरेटर लॉरा सिमन्स का कहना है कि, 2024 में कुछ और सी हॉर्स छोड़े जाने हैं। वाइट्स सी हॉर्स, जिन्हें न्यू हॉलैण्ड सी हॉर्स भी कहते हैं, में कई रोचक विशेषताएं होती हैं। इनमें "ओवोवीवीपैरस" प्रजनन होता है। जिसमें मादा अण्डे पैदा करती है तथा ट्यूब जैसी एक संरचना, ओविपॉज़िटर (अंड-निक्षेपक) के जरिए अंडों को नर के शरीर में बनी थैली में डाल देती है, जहां अंडे फर्टिलाइज़ होते हैं और बच्चे निकलने तक अंडे वहीं रहते हैं। ये सी हॉर्स एक सीजन में एक ही पार्टनर के साथ प्रजनन करते हैं। इनकी संख्या कुछ वर्षों से निरंतर कम हो रही है। सिमन्स ने कहा, "हम इस रुझान को बदलना चाहते हैं और इन्हें पुनः स्थापित करना चाहते हैं। ये हमारे सी हॉर्स हैं, ऑस्ट्रेलिया के आईकन हैं।" सिमन्स ने बताया कि, पूर्व में क्लोनटार्फ से सिडनी हार्बर में चाओडर बे, बॉटनी बे और लिटिल मैनली बीच पर कुल400 सी हॉर्स का सफल पुनर्वास हो चुका है।*

# प्र.मंत्री मोदी ने दक्षिण भारत में पैर जमाने के प्रयास और तेज किये

## तमिलनाडू के बाद केरल में 3 मेगा प्रॉजैक्ट लगाने की घोषणा की

- **ये चार हजार करोड़ रूपये की लागत से लगने वाले प्रोजैक्ट कोची में स्थित होंगे।**
- **मोदी ने इन प्रोजैक्ट्स को बुधवार को कोची में लॉन्च करते समय राम के प्रति केरल की जनता की आस्था व श्रद्धा का भी स्मरण कराया और प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पूर्व बुधवार की प्रातः गुरूवयूरप्पन मंदिर के दर्शन करे तथा साथ ही कुछ देर पहले रामास्वामी मंदिर में पूजा करने व दर्शन करने को अपना सौभाग्य बताया।**
- **22 जनवरी को अयोध्या के राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के दिन सभी कार्यकर्ताओं से अपील की कि, वे उस दिन सभी मंदिरों में सफाई अभियान के रूप में करें।**

**-लक्ष्मण वैंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 17 जनवरी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी लोकसभा चुनावों को ध्यान में रख दक्षिण भारत में निरन्तर प्रयासरत हैं। तमिलनाडु में हजारों करोड़ रूपयों के प्रोजैक्ट्स का उद्घाटन करने के कुछ दिन बाद वे अब केरल दौरे पर हैं और इस राज्य में भी अपने तीव्र विकास के एजेण्डे में राम मंदिर मुद्दे का मिश्रण कर रहे हैं जहाँ भाजपा ने अभी अपना खाता भी नहीं खोला हैं।

सभी जानते हैं कि, केरल में भाजपा का सिर्फ एक विधायक रहा है। वह भी वर्ष 2016 में जीता था। भाजपा केरल से लोकसभा की अब तक एक भी सीट जीत नहीं सकी है। लेकिन, सतत प्रयासरत प्रधानमंत्री मजबूत विकास पर जोर देने के साथ ही रामायण के प्रति, खासतौर पर "रामायण मासम" के दौरान केरल की आस्था की बात भी कह रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि, "श्रीराम ज्योति" को पूरी समरसता के साथ प्रज्ज्वलित किया जाएगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर के 22 जनवरी को हो रहे भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह के शुभ अवसर की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित किया और केरल में पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं से अपील की कि, वे मंदिरों, गांवों, शहरों और बूथों में सफाई अभियान चलाएं।

प्रधानमंत्री ने प्रत्येक व्यक्ति से भगवान का नाम लेने की अपील करते हुए कहा कि, अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को है, लेकिन उम्मीद है कि, देश के प्रत्येक मंदिर और घर में दिव्य जोत प्रदीप्त की जाएगी।

लेकिन उनका फोकस स्पष्ट रूप से विकास पर था। उन्होंने अपने दो दिवसीय केरल दौरे की समाप्ति से पूर्व आज कोच्चि में 4,000 करोड़ रूपयों से अधिक के तीन बड़े इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजैक्ट्स का उद्घाटन किया।

इनमें कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सी.एस.एल.) में न्यू ड्राइ डॉक, सी.एस.एल. की इन्टरनैशनल शिप रिपेयर फैसिलिटी (आई.एस.आर.एफ.) और कोच्चि के पुथुवाइपीन में इण्डियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड का एल.पी.जी. इम्पोर्ट थर्मल शामिल है। ये प्रमुख इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजैक्ट्स भारत के बंदरगाहों, जहाजरानी और जलमार्ग सैक्टर्स की कायापलट करने और उनके क्षमता निर्माण एवं आत्मनिर्भरता के प्रधानमंत्री के स्वप्न के अनुरूप हैं।

प्रधानमंत्री ने जनसमूह को संबोधित करते हुए आज सुबह किए गए भगवान गुरुवायुरप्पन के दर्शन का जिक्र किया। उन्होंने स्मरण कराया कि, अयोध्या धाम में महर्षि वाल्मिकी इन्टरनैशनल एयरपोर्ट के हाल ही में हुए उद्घाटन के दौरान उन्होंने अपने संबोधन में केरल के उन पवित्र मंदिरों का उल्लेख किया था जो रामायण से सम्बद्ध हैं। उन्होंने कहा कि, अयोध्या धाम में प्राण प्रतिष्ठा से कुछ

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# एक फरवरी से आयोजित होगा पांच दिवसीय जयपुर लिटरेचर फैस्टिवल

## इस बार 550 वक्ता, कलाकार व लेखक भाग लेंगे इस साहित्यिक आयोजन में

- **जे.एल.एफ. के आयोजक संजॉय रॉय ने कहा कि, जे.एल.एफ. के दौरान सामान्तर रूप से जयपुर बुकमार्क भी आयोजित होगा, जिसमें प्रकाशक, सम्पादक, लिटरेरी एजेन्ट्स, लेखक, अनुवादक व पुस्तकों के विक्रेता आप से बातचीत कर सकेंगे।**

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 17 जनवरी। एक फरवरी से 5 फरवरी तक आयोजित होने वाले जयपुर लिटरेचर फैस्टिवल का आगामी साहित्यिक समारोह, पिछले संस्करणों की तुलना में कम भव्य होने की संभावना नहीं है।

यह महोत्सव, गुलाबी शहर के लिए एक वार्षिक बुकमार्क बन गया है तथा इस वर्ष यह विभिन्न राष्ट्रीयताओं के लगभग 550 वक्ताओं, कलाकारों और लेखकों की मेज़बानी करेगा।

बुकर पुरस्कार, पुलित्ज़र, साहित्य अकादमी, दादा साहेब फाल्के पुरस्कार, दक्षिण एशियाई साहित्य के लिये डी.एस.सी. पुरस्कार जैसे प्रमुख पुरस्कारों के विजेता, इस महोत्सव में भाग लेंगे। महोत्सव की सह-निदेशक नमिता गोखले ने बताया कि, इस वर्ष महोत्सव में, 16 भारतीय भाषाओं और 25 विभिन्न देशों के लेखक सम्मिलित होंगे। दुनिया भर के विचारों और भिन्न-भिन्न थीम्स, जैसे कि, गणित, संगीत, ऊँट से लेकर व्यंजन तक, पर्यावरण से लेकर अर्थशास्त्र और परिकल्पना से गुटबाजी तक, पर मंथन होगा। लेखक और इतिहासकार, विलियम डैलरिम्पल भी इस महोत्सव में शामिल होंगे।

नमिता गोखले, जो इस महोत्सव की सह-लेखिका भी हैं, ने विश्वास व्यक्त किया कि, इस वर्ष (2024) का महोत्सव, जो महानतम उपन्यासकारों, कवियों, पर्यावरणविदों, खोजी पत्रकारों, इतिहासकारों, वैज्ञानिकों, यात्रा लेखकों व अन्य गणमान्य लोगों से सुशोभित होगा, अब तक का सबसे बेहतरीन महोत्सव होगा। महोत्सव में महान साहित्यिक हस्तियाँ और असाधारण विचारक मुक्त रूप से अपने विचार रखेंगे। यह एक वैश्विक महासंगोष्ठी या एक मैगा विश्वविद्यालय की तरह होगा, जो पूरे पाँच दिनों के लिये, इसमें शामिल होने के इच्छुक किसी भी व्यक्ति के लिए अपने द्वार खोल रहा है।

जयपुर लिटरेचर फैस्टिवल आज दुनिया का सबसे लोकप्रिय साहित्यिक उत्सव माना जाता है। टीमवर्क आर्ट्स के, संजॉय के रॉय, जो कि, इस कार्यक्रम के निर्माता हैं, ने बताया कि, इस वर्ष का मुख्य आकर्षण, भारतीय लेखकों, कलाकारों की बढ़ती भागीदारी है। इस वर्ष असमिया, अवधी, बंजारा, बंगाली, हिंदी, कन्नड़, कश्मीरी, मलयालम, उड़िसा, संस्कृत आदि के लेखक महोत्सव में सम्मिलित होंगे।

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

### डिप्टी सी.एम. दिया कुमारी के ससुर पंच तत्व में विलीन

बौंली- बामनवास, 17 जनवरी (निस)। राज्य की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के श्वसुर, क्षेत्र के कोटडा गांव के गढ़ ठिकाना तहसील मित्रपुरा, उपखंड बौंली के निवासी ठाकुर बुद्ध सिंह (91), का मंगलवार को जयपुर में निधन हो गया।

- **जयपुर राज परिवार के उत्तराधिकारी पद्मनाभ सिंह एवं राजकुमारी गौरवी भी अपने दादा ठाकुर बुद्ध सिंह के अंतिम संस्कार में शामिल हुईं।**

ठाकुर बुद्ध सिंह की अंत्योष्टि उनके पैतृक गांव कोटडा में बुधवार को दोपहर बाद की गई। ज्ञातव्य है कि, ठाकुर बुद्ध सिंह के छोटे पुत्र नरेंद्र सिंह ने जयपुर राज परिवार में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी से

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# अखिलेश यादव ने "संविधान बचाओ, देश बचाओ" यात्रा की शुरुआत की

## इस अवसर पर पार्टी कार्यालय में आयोजित समारोह में अखिलेश यादव ने कहा कि, यात्रा डॉक्टर अम्बेडकर, डॉ. राम मनोहर लोहिया व मुलायम सिंह यादव की "आइडियोलॉजी" गांव-गांव पहुंचायेगी

- **यादव ने यह भी कहा कि, उनकी राहुल गांधी की यात्रा में शामिल होने की संभावना कम है, क्योंकि न तो भाजपा और न ही कांग्रेस कभी उन्हें अपने कार्यक्रमों में आमंत्रित करते हैं।**

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 17 जनवरी। पार्टी कैडर को संगठित करने के प्रयास के तहत, समाजवादी पार्टी के सुप्रीमो अखिलेश यादव ने आगामी लोकसभा चुनावों की निकटता को देखते हुए आज "संविधान बचाओ, देश बचाओ समाजवादी पी.डी.ए. (पिछड़ा, दलित एवं अल्पसंख्यक) यात्रा" को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिसका लक्ष्य है, जनता तक पहुंच बनाना।

एक सवाल के जवाब में, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि, राहुल गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस की "भारत जोड़ो न्याय यात्रा" में उनके शामिल होने की कोई संभावना नहीं है" क्योंकि, "न तो कांग्रेस और न ही भाजपा उनको अपने कार्यक्रमों में आमंत्रित करते हैं।"

सूत्रों के अनुसार, सीटों के बंटवारे के मुद्दे पर कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और आर.एल.डी. के मध्य वार्ता चल रही है। सूत्रों ने यह भी कहा कि, वार्ता के विवरण सोच समझ कर गोपनीय रखे गए हैं क्योंकि भाजपा इस वार्ता को नाकाम करने की पूरी कोशिश कर रही है। यादव ने पार्टी कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर यात्रा रवाना करने के बाद कहा कि, यह यात्रा डॉ. भीमराव अंबेडकर, डॉ. राम मनोहर लोहिया और मुलायम सिंह यादव की सैद्धांतिक विचारधाराओं को देश के हर छोटे बड़े गांवों तक पहुंचाएगी।

समाजवादी पार्टी अध्यक्ष ने यह भी कहा कि, "हमने पुराने समाजवादियों के सपनों को साकार करने की प्रतिज्ञा की है और यह यात्रा प्रदेश के अनेक जिलों

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

### आर.ए.एस.-2023 की उत्तर कुंजी पर हाई कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

जयपुर, 17 जनवरी। राजस्थान हाईकोर्ट ने आरएएस एवं अधीनस्थ सेवा भर्ती-2023 की प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम और उत्तर कुंजी को चुनौती देने वाली याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। जस्टिस समीर जैन की

- **याचिका के अनुसार अभ्यर्थियों की आपत्तियों का निस्तारण किये बगैर आर.पी.एस.सी. ने परिणाम जारी कर दिये थे।**

एकलपीठ ने यह आदेश कीर्ति पारीक व अन्य की ओर से दायर याचिका में दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद दिए।

याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने बताया कि आरपीएससी ने गत

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# कांग्रेस ने अपने चुनाव घोषणा पत्र में समाहित करने के लिये जनता से सुझाव मांगे

## जनता के सुझाव प्राप्त करने के लिये कांग्रेस ने एक वेबसाइट व ई-मेल आई.डी. लॉन्च की है

- **कांग्रेस की घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष पी. चिदम्बरम ने यह भी कहा कि, विपक्षी दलों के संगठन, "इंडिया" के नेतागण निर्णय लेंगे, कि "इंडिया" का अपना अलग से घोषणा पत्र होगा या कांग्रेस के घोषणा पत्र को कुछ परिवर्तन प्रतिवर्द्धन करके, "इंडिया" के चुनाव घोषणा पत्र के रूप में स्वीकार किया जायेगा।**
- **चिदंबरम ने इस संदर्भ में आगे यह भी कहा कि, हर राज्य में कम से कम दो पब्लिक कन्सल्टेशन्स आयोजित किया जायेंगे और जनता से रू-ब-रू होकर सुझाव लिये जाये।**

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 17 जनवरी। कांग्रेस पार्टी ने जनता में अपनी पहुंच बनाने के एक और प्रयास के तहत आज कहा कि, "इण्डिया" गठबंधन की पार्टियों का एक संयुक्त घोषणा पत्र हो इसके बारे में निर्णय सभी सहयोगी पार्टियों के प्रमुखों द्वारा ही किया जाएगा। साथ ही कांग्रेस ने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए अपने स्वयं के घोषणा पत्र पर जनता के सुझाव जानने के लिए एक वैबसाइट व एक ई-मेल आई.डी. भी लाँच की।

ए.आई.सी.सी. मुख्यालय पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी की घोषणा पत्र कमेटी के अध्यक्ष पी. चिदम्बरम ने बताया कि, पार्टी घोषणा पत्र के लिए सुझाव लेने के लिए प्रत्येक राज्य में कम से कम एक सार्वजनिक विचार-विमर्श कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

उन्होंने पत्रकारों को बताया कि, इन सार्वजनिक विचार-विमर्श कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए इण्डिया गठबंधन की सहयोगी पार्टियों का स्वागत है।

कांग्रेस नेता एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव ने कहा कि, इण्डिया गठबंधन के साझा घोषणा पत्र के बारे में गठबंधन की सभी पार्टियों के प्रमुखों द्वारा निर्णय लिया जाएगा।

उन्होंने आगे कहा कि, कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र पर सुझाव देने के लिए समाज के सभी वर्गों का स्वागत है। इसके लिए एक ई-मेल आई.डी. और awaazbharatki.in नामक वैबसाइट को आज लाँच कर दिया गया है। चिदम्बरम ने कहा कि, घोषणा पत्र कमेटी की जहां दो मीटिंग्स हो चुकी हैं, वहीं, वैबसाइट और ई-मेल आई.डी. की शुरुआत करने के पीछे सोच यह है कि, आम जनता से, जितना संभव हो उतने सुझाव लिए जाएं, क्योंकि अन्ततः यह जनता का ही घोषणा पत्र होगा।

घोषणा पत्र को अंतिम रूप देने की अंतिम समय सीमा के बारे में पूछने पर पूर्व वित्त एवं गृह मंत्री ने कहा कि, एक आदर्श समय सीमा के रूप में वह चाहेंगे कि, यह काम 15 फरवरी तक पूर्ण हो जाए।

चिदम्बरम ने बताया कि, घोषणा कमेटी के सभी 15 सदस्य भी जनता के सुझाव लेने के लिए विभिन्न राज्यों का दौरा करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि, कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र में तीन आपराधिक कानूनों सहित भाजपा नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार द्वारा बनाए गए अनुचित कानूनों का भी उल्लेख होगा। जब यह पूछा गया कि, क्या घोषणा पत्र में तीन आपराधिक कानूनों के बारे में पार्टी के विचार भी शामिल किए जाएंगे, तो चिदम्बरम ने कहा कि, इन कानूनों के खिलाफ उनकी व कांग्रेस के अन्य नेताओं की विरोधी प्रतिक्रिया पहले से ही सार्वजनिक है।

### मुख्यमंत्री भजनलाल ने बीकानेर हाउस में बैठक ली

जयपुर, 17 जनवरी, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित बीकानेर हाउस में अधिकारियों के साथ बैठक ली। उन्होंने नई दिल्ली में राजस्थान सरकार के प्रोजेक्ट्स के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

इस दौरान ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर, अतिरिक्त आवासीय आयुक्त श्रीमती अंजू ओमप्रकाश एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## विचार बिन्दु

**जीवन में आधे दु:ख इस कारण जन्म लेते हैं क्योंकि उनमें आशाएं बड़ी होती हैं इन आशाओं का त्याग करके देखो जीवन में सुख ही सुख है।**

**- भगवान श्रीकृष्ण**

# मोदी की गारंटी का असर, भारत में गरीबी पर तगड़ा प्रहार

भारत में गरीबी की स्थिति को लेकर नीति आयोग ने एक रिपोर्ट जारी की है। नीति आयोग की ताजा रिपोर्ट भारत के विकास के लिए बेहद अच्छी खबर लेकर आई है। मोदी सरकार के दोनों कार्यकालों में चलाई गई योजनाओं का असर दिखने लगा है। रिपोर्ट की माने तो गरीबी कम करने के मामले में भारत को बड़ी कामयाबी मिली है। रिपोर्ट के मुताबिक मोदी सरकार के कार्यकाल के 9 सालों में 24 करोड़ 82 लाख लोग गरीबी रेखा से बाहर निकल आए हैं। बताया जाता है बड़ी संख्या में लोगों के गरीबी रेखा से बाहर आने की खास वजह सरकारी योजनाओं में लीकेज बंद होना है। इस रिपोर्ट में भारत में गरीबी के विरुद्ध लड़ाई में भारत सरकार के प्रयासों की सराहना की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक 2013-14 में भारत में गरीबी दर 29.17 फीसदी थी, जो 2022-23 में घटकर 11.28 प्रतिशत रह गई। मोदी सरकार के 9 साल के कार्यकाल में गरीबी दर में 17.89 फीसदी की कमी आई है। लगभग 25 करोड़ लोगों के गरीबी रेखा से बाहर निकलने के बाद देश में अब भी 11.28 प्रतिशत लोग गरीब हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 41.3 प्रतिशत लोग अब भी बेघर हैं। 31 प्रतिशत लोग टॉयलेट सुविधा से वंचित हैं। यही नहीं तमाम अभियानों के बाद भी 44 प्रतिशत के पास रसोई गैस कनेक्शन नहीं है। रिपोर्ट 12 मानकों के आधार पर तैयार हुई है। विश्व बैंक ने दिन में 180 रुपये से कम कमाने वालों को गरीबी रेखा से नीचे माना है। रिपोर्ट के मुताबिक, यूपी में 5.94, बिहार में 3.77, मध्य प्रदेश में 2.3, राजस्थान में 1.87 करोड़ गरीब घटे हैं। वहीं, महाराष्ट्र में 1.59 करोड़ और गुजरात में 89 लाख लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। नीति आयोग ने कहा कि राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवनस्तर के मोर्चे पर स्थिति को मापती है। यह 12 सतत विकास लक्ष्यों से संबद्ध संकेतकों के माध्यम से दर्शाए जाते हैं। इनमें पोषण, बाल और किशोर मृत्यु दर, मातृत्व स्वास्थ्य, स्कूली शिक्षा के वर्ष, स्कूल में उपस्थिति, खाना पकाने का ईंधन, स्वच्छता, पीने का पानी, बिजली, आवास, संपत्ति और बैंक खाते शामिल हैं। नीति आयोग का राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) गरीबी दर में गिरावट का आकलन करने के लिए 'अलकायर फोस्टर पद्धित का उपयोग करता है।

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने नीति आयोग की रिपोर्ट को 'बहुत उत्साहजनक बताया है। यह समावेशी विकास को आगे बढ़ाने और हमारी अर्थव्यवस्था में परिवर्तनकारी बदलावों पर ध्यान केंद्रित करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हम चौतरफा विकास और प्रत्येक भारतीय के लिए समृद्ध भविष्य सुनिश्चित करने की दिशा में काम करना जारी रखेंगे।

**बताया जाता है बड़ी संख्या में लोगों के गरीबी रेखा से बाहर आने की खास वजह सरकारी योजनाओं में लीकेज बंद होना है। इस रिपोर्ट में भारत में गरीबी के विरुद्ध लड़ाई में भारत सरकार के प्रयासों की सराहना की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक 2013-14 में भारत में गरीबी दर 29.17 फीसदी थी, जो 2022-23 में घटकर 11.28 प्रतिशत रह गई। मोदी सरकार के 9 साल के कार्यकाल में गरीबी दर में 17.89 फीसदी की कमी आई है। लगभग 25 करोड़ लोगों के गरीबी रेखा से बाहर निकलने के बाद देश में अब भी 11.28 प्रतिशत लोग गरीब हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 41.3 प्रतिशत लोग अब भी बेघर हैं। 31 प्रतिशत लोग टॉयलेट सुविधा से वंचित हैं। यही नहीं तमाम अभियानों के बाद भी 44 प्रतिशत के पास रसोई गैस कनेक्शन नहीं है।**

आजादी के 76 सालों के बाद भारत में गरीब और गरीबी पर लगातार अध्ययन और खुलासा हो रहा है। गरीबी मापने के लिए जीवनस्तर में चूल्हे से लेकर साफ-सफाई, पेयजल, बिजली, घर, संपत्ति और बैंक अकाउंट इत्यादि भी देखे जाते हैं। स्वास्थ्य और शिक्षा का गरीबी के मानकों में शामिल करना गरीबी को सम्यक बनाता है। कुछ सर्वेक्षणों में मोदी राज में भारत में गरीबी घटने की बात कही गयी थी तो कुछ सर्वेक्षणों में गरीबी बढ़ती बताई जा रही है। कुल मिलकर देखा जाये तो देश की गरीबी आंकड़ों के मायाजाल में फंसी दिखाई दे रही है। विभिन्न स्तरों पर गरीबी खत्म किये जाने के दावे स्वतंत्र विश्लेषक सही नहीं मानते है। मगर यह अवश्य कहा जा सकता है कि पिछले एक दशक में गरीबी उन्मूलन के प्रयास जरूर सिरे चढ़े है। भारत सरकार ने हर प्रकार की गरीबी को कम करने के लक्ष्य के साथ लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में उल्लेखनीय प्रगति की है। पोषण अभियान और एनीमिया मुक्त भारत जैसी उल्लेखनीय पहलों ने स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच में उल्लेखनीय वृद्धि की है, जिससे वंचित रहने में काफी कमी आई है। दुनिया के सबसे बड़े खाद्य सुरक्षा कार्यक्रमों में से एक का संचालन करते हुए, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के तहत लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली 81.35 करोड़ लाभार्थियों को कवर करती है, जो ग्रामीण और शहरी आबादी को खाद्यान्न प्रदान करती है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत मुफ्त खाद्यान्न वितरण को अगले पांच वर्षों के लिए बढ़ाना, सरकार की प्रतिबद्धता का उदाहरण है। मातृ स्वास्थ्य का समाधान करने वाले विभिन्न कार्यक्रम, उज्ज्वला योजना के माध्यम से स्वच्छ खाना पकाने के ईंधन वितरण, सौभाग्य के माध्यम से बिजली कवरेज में सुधार, और स्वच्छ भारत मिशन और जल जीवन मिशन जैसे परिवर्तनकारी अभियानों ने सामूहिक रूप से लोगों की रहने की स्थिति और समग्र कल्याण की स्थिति में सुधार किया है। इसके अतिरिक्त, प्रधानमंत्री जन धन योजना और पीएम आवास योजना जैसे प्रमुख कार्यक्रमों ने वित्तीय समावेशन और वंचितों के लिए सुरक्षित आवास प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इससे बुनियादी सेवाओं तक पहुंच में आने वाली मूलभूत समस्याओं का तेजी से समाधान हो रहा है ताकि देश एक विकसित राष्ट्र यानी विकसित भारत 2047 बनने की ओर अग्रसर हो सके।

भारत में गरीबी उन्मूलन और खाद्य सहायता कार्यक्रमों पर करोड़ों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद कुपोषण लगातार एक बड़ी समस्या बनी हुई है। भूख के कारण कमजोरी के शिकार बच्चों में बीमारियों से ग्रस्त होने का खतरा लगातार बना रहता है। इसके अलावा करोड़ों बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास नहीं हो पाता है क्योंकि उन्हें अपने शुरुआती वर्षों में पूरा पोषण नहीं मिल पाता है। विभिन्न स्तरों पर गरीबी खत्म किये जाने के दावे स्वतंत्र विश्लेषक सही नहीं मानते है। मगर यह अवश्य कहा जा सकता है कि पिछले एक दशक में गरीबी उन्मूलन के प्रयास जरूर सिरे चढ़े है। सरकारी स्तर पर यदि ईमानदारी से प्रयास किये जाये और जनधन का दुरूपयोग नहीं हो तो भारत शीघ्र गरीबी के अभिशाप से मुक्त हो सकता है।

**- अतिथि संपादक**
**बाल मुकुन्द ओझा**
**वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार**

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

### गुरुवार 18 जनवरी 2024

**पौष मास शुक्ल पक्ष, अष्टमी तिथि, विक्रम सम्वत 2080, अश्विनी नक्षत्र रात्रि 2.58 तक, सिद्ध योग दिन 2.47 तक, विष्टिकरण प्रातः 9.26 तक, चन्द्रमा आज मेष राशि में संचार करेगा।**

**ग्रह स्थिति - सूर्य-धनु, चन्द्रमा-मेष, मंगल-धनु, बुध-धनु, गुरु-मेष, शुक्र-वृश्चिक, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में संचार करेगा।**

**आज सवार्थ सिद्धि योग सूर्योदय से रात्रि 2.58 तक है। रवियोग रात्रि 2.58 से आरम्भ होगा। आज भद्रा प्रातः 9.26 तक है। आज दुर्गाष्टमी है आज से शाकम्बरी देवी नवरात्रा आरम्भ होंगे।**

**आज शुक्र मूल धनु में रात्रि 8.56 से प्रवेश करेगा।**

**श्रेष्ठ चौघडिया - शुभ सूर्योदय से 8.40 तक, चर - 11.18 से 11.37 तक, लाभ-अमृत 12.37 से 3.15 तक।**

**राहुकाल - 1.30 से 3.00 तक, सूर्योदय 7.21 सूर्यास्त 5.53**

**मेष**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनःस्थिति में सुधार होगा। आत्मविश्वास बडेगा। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। मनोबल बडेगा।

**सिंह**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य संपन्न हो सकते हैं। शुभ कार्य के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित परामर्श मिलेगा।

**धनु**
घर-परिवार में वाद-विवाद बड सकते हैं। अथितियों के आगमन से दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है।

**वृष**
आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है। अनावश्यक धन खर्च होगा। अर्नगल कार्यों में समय खराब हो सकता है। स्वास्थ्य संबंधित मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

**कन्या**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों में व्यवधान उत्पन्न हो सकते हैं। परिवार में वाद-विवाद बड सकते हैं। यात्रा में दुर्घटना का भय बना रहेगा।

**मकर**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेगी। नौकरी पैशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है।

**मिथुन**
आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**तुला**
व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक सम्पर्क बनेंगे। नौकरी पैशा व्यक्तियों का प्रभाव प्रभुत्व बडेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कुंभ**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेगी।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य संपन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख सुविधाएं बनी रहेगी।

**मीन**
आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल आत्मविश्वास बडेगा। वर्तमान में चल रही परेशानियां दूर होने लगेगी।

# राष्ट्रहित से जुड़े राजकाज को संवारता राममय भारत



डॉ. निमिषा गौड़

**लोकतांत्रिक** देश भारत के संविधान की मूल भावना में सभी नागरिक समान है। इसी दृष्टिकोण से प्रेरित लोक के मत से निर्मित शासन तंत्र का कार्य जनता के प्रति उत्तरदायी होता है। इसी जवाबदेयिता की भावना से आमजन का सरकारों के प्रति विश्वास या अविश्वास रहता है। विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में बहुदलीय राजनीतिक दलों की व्यवस्था के कारण सत्ताधारी दल की कार्यशैली निरंतर जनता के मध्य जाकर जवाब देने की बनी रहती है।

कई दशकों तक राज करने वाली कांग्रेस पार्टी पिछले 10 वर्षों से संसद में दो अंकों तक सिमट कर रह गई है और हाल ही के पांच राज्यों के चुनाव में चार राज्यों में कांग्रेस सत्ता से बाहर हो गई। इसी कारण 138 साल पुराना कांग्रेस दल अब क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के गठबंधन के साथ से हाथ को मजबूत करने का प्रयास कर रहा है। इन्हीं प्रयासों में सत्ताधारी दल भाजपा के त्वरित कार्य प्रणाली पर प्रश्न उठाते हुए कांग्रेस को हाशिए पर धकेल रही है। राफेल से लेकर रामराज के विरोध के आरोप तक का सफर कांग्रेस को लगातार बेकफुट की ओर ले जा रहा है।

भारतीय लोकमत में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार के अनुरूप सत्ताधारी दल विधायिका के पटल से लेकर सड़कों तक बहुतरे प्रश्नों का उत्तर तार्किकता और तथ्यों के साथ रहा है परंतु कुशल नेतृत्व के अभाव में कांग्रेस की नीतियां डिजाइन बॉक्स के टूल किट या घटनाओं के सहारे जीवित रहने का प्रयास कर रही है। वर्ष 2014 से लेकर 2024 तक एनडीए की सरकार पर लोकमत को संपूर्ण विश्वास रहा है। बीते दस वर्ष के शासनकाल में भारत की केंद्र सरकार के आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक निर्णयों ने भारत में युगांतरकारी परिवर्तन किए हैं जिसमें से डिजिटलीकरण, विमुद्रीकरण, धारा 370 को जम्मू कश्मीर से समाप्त करना, तीन तलाक को अपराधिकृत घोषित करना, सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक, नई संसद भवन का शिलान्यास और निर्धारित समय में उद्घाटन, नारी शक्ति वंदन अधिनियम और अब प्रभु श्री राम जी की अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अभिनंदन के ऐतिहासिक क्षण शामिल है। ई-गवर्नेंस से सुशासन की केंद्र सरकार के प्रति आम जन की पूर्ण निष्ठा ने सरकारी योजनाओं के लाभ के मध्य पुल बनाया है। 51 करोड़ से अधिक जनधन बैंक अकाउंट में गांव का गरीब भी सरकारों से सीधा संवाद कर रहा है।

इसी कारण भारत के अमृतकाल में गांव गरीब किसान मजदूर और महिलाओं का आत्मनिर्भर बनने का स्वप्न अब पूरा हो रहा है। हाल ही में नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले 9 वर्षों में 24.82 करोड़ भारतीयों के जीवन को ग़रीबी के स्तर से उठाकर मध्य वर्गी जीवन स्तर पर लाने में मोदी सरकार सफल हुई। राष्ट्र की आधारभूत संरचना के निर्माण के साथ रक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा, तकनीकी विज्ञान के अनेक विकसित पैमानों को लांघती भारतीय अर्थव्यवस्था ग्रोथ का वह इंजन है जिसने भू राजनीतिक संकटों में अनुकूल तरीक़े से निपटकर ग्लोबल सप्लाई चयन रिफॉर्म का प्रमुख लाभार्थी बना। जी-20 की अध्यक्षता और मेजबानी करते भारत के नेतृत्व को अमेरिका और फ्रांस जैसे समृद्ध राष्ट्रों ने सराहा तो दक्षिण अफ्रीका ने आभार व्यक्त किया।

यूपीए के शासनकाल में औसत विकास दर 2 प्रतिशत तक ही रही और अब कोरोना महामारी के संकटकाल से उभरने पर भी एनडीए के काल में भारत की विकास दर 7.8 प्रतिशत तक जा चुकी है। वर्ल्ड इकोनॉमिक फ़ोरम के प्रमुख बोर्गे बेंडे ने 2024 के दावोस सम्मेलन के दौरान कहा कि भारत की डिजिटल इकोनॉमी बाक़ी अर्थव्यवस्था की तुलना में दोगुनी तेज़ी से बढ़ रही है। इस वर्ष भारत 8 प्रतिशत की दर से विकास करेगा और आने वाले एक दशक में भारत 10 ट्रिलियन अमरीकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बन सकता है। आज मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्श राज्य की संकल्पना से प्रेरित हर भारतीय आराध्य प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक क्षण पर श्रद्धा व्यक्त कर रहा है। 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में भारत के विकास और गौरवपूर्ण विरासत का संगम हो रहा हैं। एक तरफ़ सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबके प्रयास से एकजुट भारत संयुक्त राष्ट्र संघ के सतत् विकास लक्ष्यों के साथ तारतम्मय स्थापित करते हुए तेज़ी से प्रगति कर रहा है ।

वहीं दूसरी ओर कांग्रेस पीछलग्गू राजनीतिक दल की तरह पिछले 10 वर्षों के सफर में डिजिटलीकरण विमुद्रीकरण जैम (आधार कार्ड मोबाइल न. बैंक ) जैसे नवाचारों का का विरोध करते रहे ओर कोरोना महामारी के काल में लाशों की राजनीति की ओर भारतीय टीकाकरण अभियान पर अविश्वास का माहौल बनाया। और अब तो अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के सादर निमंत्रण तक को ठुकरा दिया। हिंदुओं के प्रति अलगाववाद की नीति जवाहरलाल नेहरू से लेकर मल्लिकार्जुन खड़गे तक रही है और आज राष्ट्रहित से जुड़े राज काज का विरोध करते-करते, राममय भारत के विकास ओर निष्ठा के प्रति द्वेष रखना कांग्रेस के विनाश को निमंत्रण दे बैठा। 21वीं सदी में प्रवेश करते कृषि प्रधान देश भारत के किसान भाई बहनों को स्तरीय विकास की ओर ले जाने वाले कृषि बिल 2020 का कांग्रेस समेत विपक्षी पार्टियों ने पुरजोर विरोध किया। कृषि बिल 2020 से लेकर हिट एंड रन बिल 2023 सीधे जनता के साथ न्यायपूर्ण जुड़ाव शासकीय तंत्र का हो जाता किंतु मुद्दा विहीन कांग्रेस के साथ अन्य दलों के विरोध के कारण इन बिलों को वापस लेना पड़ा आज भी कांग्रेस पार्टी में राहुल गांधी के नेतृत्व पर लगातार चुनावी हार का सामना करने के बाद भी आशा की डोर टीका रखी है, लेकिन पिछली हास्यास्पद गलतियों से सबक़ न लेते हुए भी सांसद सदस्य महुआ मोइत्रा के निष्कासन की मिमिक्री के तमाशें की रिकॉर्डिंग राहुल गांधी की अपरिपक्वता को फिर से सामने ला दिया, इसी के चलते अब कांग्रेस की दूसरी भारत तोड़ो यात्रा में भी कांग्रेस छोड़ो अभियान का आगाज महाराष्ट्र में पूर्व केंद्रीय मंत्री मिलिंद देवड़ा ने कर दिया है।

अंत्योदय के दर्शन से प्रेरित दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता का तोड़ विपक्षी दलों के गठबंधनों को ढूंढते नहीं मिल रहा है इसीलिए सता के खोट निकालते निकालते विपक्षी दल आम जन की नज़रों में खोटे होते गए। राष्ट्र के विकास और कांग्रेस के विनाश के मध्य लोकमत को समझना सत्ता लोलुप पार्टीयों के लिए असंभव सा लग रहा है। नए भारत में भारतवासी राष्ट्र हित से जुड़े राज काज को सवारंते हुए, राममय भारत डिजिटल वर्ल्ड में चौतरफ़ा विकास की नई राहें गढ़ने लगा है।

**- डॉ. निमिषा गौड़,**
**असिस्टेंट प्रोफेसर,**
**कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर।**

# सर्द हवाओं ने ठिठुराया, तापमान में आई कमी

## सर्द हवाओं का असर मकर संक्रांति के बाद बढ़ा

- **प्रातः 11 से सायं 3 बजे तक संचालित होंगे राजकीय और गैर राजकीय विद्यालय**

**अनूपगढ़,** (निसं)। मकर संक्रांति के बाद मौसम में परिवर्तन आना शुरू हो जाता है और ठंड का असर कम होने लगता है, लेकिन इस बार सर्द हवाओं का असर मकर संक्रांति के बाद पिछले दो दिनों से बढ़ गया है। बुधवार को पूरे दिन सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए। जिससे पूरे दिन सर्दी का असर बरकरार रहा। शाम होते-होते ठंडी हवाएं नश्तर से चुभने लगी। दिन का न्यूनतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। शीत हवाओं के चलते लोगों की दिनचार्य प्रभावित हुई। बुधवार शाम को ही बाजार सूना हो गया। शीतकालीन अवकाश के बाद निजी तथा सरकारी विद्यालय खुल गए हैं, लेकिन दिन ठंड का असर ज्यादा होने के कारण विद्यार्थियों की उपस्थिति की संख्या कम ही है। क्षेत्र में अत्यधिक शीतलहर को देखते हुए जिला कलक्टर अवशेध मीणा ने भी स्कूलों के समय में परिवर्तन किया है। जिले में संचालित राजकीय और गैर राजकीय विद्यालयों में 18 जनवरी से लेकर 20 जनवरी तक कक्षा नर्सरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों का शिक्षण समय प्रातः 11 से सायं 3 बजे तक रहेगा।

जिला कलेक्टर अवधेश मीणा ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा विभाग निदेशक के निर्देशों की पालना में अत्यधिक शीतलहर को देखते हुये स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप जिले में संचालित समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों में 18 जनवरी से लेकर 20 जनवरी तक कक्षा नर्सरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों का शिक्षण समय प्रातः 11 से सायं 3 बजे तक रहेगा। उक्त अवधि में ऑनलाइन शिक्षण देने की छूट रहेगी। उन्होंने बताया कि कक्षा 9 से लेकर 12वीं तक के विद्यार्थियों का शिक्षण समय तथा शिक्षकों एवं संचालित अन्य परीक्षाओं का समय विभागीय नियमानुसार रहेगा। उक्त निर्देशों की अवहेलना करने वाले राजकीय व गैर राजकीय विद्यालयों के विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से सात कुरजां मरी

- **रावरा में कुरजां पक्षियों के साथ अब तक छह से अधिक बार हादसे हो चुके हैं**
- **हादसा होने पर ग्रामीण सुरक्षा को लेकर मांग करते है, लेकिन उस पर काम नहीं हो रहा**

**बाप,** (निसं)। रावरा गांव में हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आने से सात प्रवासी पक्षी कुरजां की मौत हो गई। रावरा में कुरजां पक्षियों के साथ अब तक छह से अधिक बार हादसे हो चुके हैं, लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। हादसा होने पर ग्रामीण सुरक्षा को लेकर मांग करते है, लेकिन उस पर काम नहीं हो रहा है। इस कारण आए दिन प्रवासी कुरजां करंट से काल कलवित हो रही है।

रावरा निवासी पर्यावरण प्रेमी केशाराम रावरा ने बताया बुधवार को रावरा तालाब के आगोर में करंट से 7 कुरजां मर गई। कुरजां तालाब के आगोर में से निकल रही सोलर कंपनी टाटा और हिन्दुजा सोलर प्लांट की संयुक्त 132 केवी हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आई थी। यह लाइन सोलर प्लांट से बाप जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कुछ वर्षो से रावरा गांव के तालाब पर बडी तादाद में कुरजां पहुंच रही है। कुरजां यहां तालाब किनारे व आगोर में विचरण करती है। इस वर्ष भी रावरा तालाब पर कुरजां पक्षियों का जमावड़ा लगा हुआ है। यह पक्षी उडान भरते समय और नीचे उतरते समय हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ जाती है। पहले भी इस तरह के हुए हादसो में कुरजां मरी है। ग्रामीणों ने रावरा तालाब के आगोर से निकल रही हाईटेंशन लाइनों को अंडर ग्राउंड करने या यहां से शिफ्टिंग करने की मांग फिर उठाई है।

# अवैध खनन के विरूद्ध कार्रवाई, 16 वाहन जब्त

- **वाहन चालाकों एवं मालिकों से 25 लाख का जुर्माना वसूला**

**अजमेर,** (कासं)। अवैध खनन के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत जिले में प्रभावी कार्यवाही करते हुए बुधवार को 16 वाहन जब्त किए गए।

खनि अभियन्ता जयप्रकाश गोदारा ने बताया कि जिला कलैक्टर डॉ. भारती दीक्षित के निर्देशानुसार अधीक्षण खनि अभियन्ता पुष्कर राज आमेटा की देखरेख में जिले में अवैध खनन के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जा रही है।

बुधवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों में खान विभाग, राजस्व विभाग, पुलिस, वन विभाग एवं परिवहन विभाग के दलों ने औचक कार्यवाही को अंजाम दिया। पुलिस थाना क्षेत्र गेगल, क्रिश्चयनगंज, पीसांगन, अंराई एवं रूपनगढ़ में कार्यवाही कर 16 वाहन जब्त किए गए।

इनमें एक्सकेवेटर, डम्पर, ट्रेलर तथा ट्रेक्टर ट्रोली शामिल हैं। इन वाहन चालाकों एवं मालिकों से लगभग 25 लाख का जुर्माना वसूला गया। कार्यवाही में खनिज ग्रेनाईट, मार्बल, स्लेरी पाउडर, स्टोन गिट्टी, बजरी एवं मैसेनरी स्टोन की जब्ती की गई। जिले में अवैध खनन के विरूद्ध यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

# 'राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से पावन काम कोई और हो नहीं सकता'

- **कार सेवा में शहीद हुए स्वर्गीय महेंद्रनाथ अरोड़ा की स्मृति में बनाए गए चौराहे पर पहुंचे केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत**

**जोधपुर,** (कासं)। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत बुधवार सुबह कार सेवा में शहीद हुए स्वर्गीय महेंद्रनाथ अरोड़ा की स्मृति में बनाए गए चौराहे पर पहुंचे और वहां संपूर्ण चौराहे की स्वच्छता को लेकर साफ-सफाई की। इस दौरान उन्होंने कहा कि एक और जहां राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है, ऐसे में इससे पावन काम कोई और हो नहीं सकता।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राम मंदिर प्रतिष्ठा से पहले देश में स्वच्छता को लेकर किए गए आव्हान के फलस्वरूप भारतीय जनता पार्टी के नेता इस अभियान को सफल बनाने में जुटे हैं। यहां महेंद्रनाथ अरोड़ा सर्किल से साफसफाई का कार्यक्रम आरंभ करने से अच्छा कोई स्थान हो ही नहीं सकता है।

इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी से जुड़े कार्यकर्ता भी मौजूद रहे और उन्होंने भी हाथ में झाड़ू पकड़ दिवंगत प्रोफेसर महेंद्र नाथ अरोड़ा के चौराहे को साफ किया। साफ-सफाई के बाद प्रो. अरोड़ा को श्रद्धांजलि के सुमन अर्पित किए। इस दौरान दक्षिण महापौर वनिता सेठ, भाजपा जोधपुर शहर जिला अध्यक्ष देवेंद्र सालेचा, प्रदेश मंत्री महेन्द्र कुमावत, भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ही कई पार्षद मौजूद रहे। जानकारी के अनुसार कार सेवक के रूप में महेंद्र नाथ अरोड़ा ने अपने प्राणों का बलिदान दिया था।

# शेखावाटी में कोहरा छाया, सर्दी बढ़ी

- **शेखावाटी में किसानों को बारिश का इंतजार है**

**चूरू,** (कासं)। शेखावाटी में बुधवार को सवेरे दस बजे तक कोहरा छाया रहा। साथ ही यहां कंपकंपा देने वाली सर्दी रही। यहां मध्य रात्रि तक कोहरा अपने पूरे रंग में था।

इस दौरान लम्बी दूरी के वाहन चालकों को तो अपने वाहन किसी सुरक्षित स्थान पर खड़े करने पड़े। सुबह के समय चली बर्फीली हवाओं ने लोगों को ठिठुरा कर रख दिया। कोहरे के कारण सुबह के समय सड़क पर गाड़ियां हेडलाइट जलाकर रेंगती हुई चलती नजर आई। मंगलवार की अपेक्षा बुधवार को अधिकतम तापमान में 1.2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है। वहीं न्यूनतम तापमान में 1.2 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को चूरू में अधिकतम तापमान 22.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 6.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। यहां शाम ढलने से पहले एक बार सर्दी ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए। शेखावाटी में किसानों को बारिश का इंतजार है। बारिश के अभाव में बिरानी चने की फसल दिनों-दिन खराब हो रही है। किसान चिंतित दिखाई देने लगे हैं।




**शेखावाटी में सवेरे दस बजे तक कोहरा छाया रहा। साथ ही यहां कंपकंपा देने वाली सर्दी रही।**

# पी.ई.के.बी. व परसा कोल ब्लॉक से अविलंब खनन शुरू करने की मांग

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आग्रह पर केन्द्रीय कोयला मंत्री ने हरसंभव सहयोग के लिए आश्वस्त किया

**जयपुर,** (का.सं.)। प्रदेश के बिजलीघरों में कोयले की पर्याप्त एवं निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने दिल्ली प्रवास के दौरान बुधवार को केन्द्रीय कोयला मंत्री प्रल्हाद जोशी से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान प्रदेश के ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर भी मौजूद रहे। मुलाकात के दौरान केन्द्रीय कोयला मंत्री ने प्रदेश की बिजली की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए केन्द्र सरकार के स्तर पर अतिरिक्त कोयला आवंटन के लिए हरसंभव सहयोग करने के लिए आश्वस्त किया। केंद्रीय मंत्री ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री से बात करके परसा कोल ब्लॉक से खनन करने में आ रही दिक्कतों का शीघ्र समाधान निकालने के लिए भी आश्वस्त किया।

- **इसके प्रारंभ होने तक कोल इंडिया लि. से अतिरिक्त कोयला आपूर्ति सुनिश्चित करने का आग्रह किया**



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने दिल्ली प्रवास के दौरान बुधवार को केन्द्रीय कोयला मंत्री प्रहलाद जोशी से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान प्रदेश के ऊर्जा राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) हीरालाल नागर भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय कोयला मंत्री का ध्यान राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम (आरवीयूएन) के बिजलीघरों में कोयले की आवश्यकता की ओर आकृष्ट किया। उन्होंने कहा कि रबी सीजन के कारण राज्य में बिजली की बढ़ी हुई मांग को देखते हुए उत्पादन निगम को प्रतिदिन 23 कोल रैक की आवश्यकता है जबकि वर्तमान में कोल इंडिया लिमिटेड से औसतन 16.5 रैक प्रतिदिन की ही आपूर्ति हो पा रही है। इससे विद्युत उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

शर्मा ने केन्द्रीय कोयला मंत्री से परसा ईस्ट एवं कांता बेसिन (पी.ई.के.बी.) तथा परसा कोल ब्लॉक से खनन अविलंब प्रारंभ करने तथा यह खनन प्रारंभ होने तक कोल इंडिया लिमिटेड एवं इसकी सहायक कंपनियों के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाले कोयले की मांग के अनुरूप आपूर्ति सुनिश्चित करने का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री एवं प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ने राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम को खाली रैक्स की अतिरिक्त व्यवस्था तथा रैक डायवर्जन कराने के लिए केन्द्रीय कोयला मंत्रालय के माध्यम से रेल मंत्रालय के स्तर पर समन्वय करने का भी आग्रह किया। बैठक में केंद्रीय कोयला मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव विस्मिता तेज, ऊर्जा विभाग के प्रमुख शासन सचिव आलोक गुप्ता तथा ऊर्जा विकास निगम के एमडी एम. एम. रिणवा भी मौजूद रहे।

## वकीलों की समस्याओं के निपटारे के लिए कमेटी गठित

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने वकीलों की समस्याओं के लिए विवाद निस्तारण कमेटी का गठन किया है। वकील अब अपनी समस्या के निस्तारण के लिए आंदोलन या हडताल आदि करने से पहले इस कमेटी के समक्ष अपनी मांग रखेंगे। हाईकोर्ट प्रशासन की ओर से गठित इस छह सदस्यीय कमेटी में मुख्य न्यायाधीश, जस्टिस पंकज भंडारी, जस्टिस इन्द्रजीत सिंह को शामिल किया गया है। जबकि वकीलों के प्रतिनिधि के तौर पर महाधिवक्ता, बार कौंसिल ऑफ राजस्थान के चेयरमैन और हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष को शामिल किया गया है।

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रहलाद शर्मा ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने वकीलों की समस्याओं से जुडे एक मामले में व्यवस्था दी थी कि हर हाईकोर्ट में मुख्य न्यायाधीश और दो वरिष्ठ न्यायाधीशों की एक विवाद निस्तारण कमेटी बनाई जाए। वकील अपनी समस्याओं के लिए आंदोलन करने से पूर्व इस कमेटी के समक्ष अपना पक्ष रखें। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत कमेटी गठन के लिए एसोसिएशन की ओर से गत दिनों हाईकोर्ट प्रशासन को पत्र लिखा गया था। बार अध्यक्ष प्रहलाद शर्मा ने बताया की वकीलों से जुडी कई समस्याएं हैं। नए वकीलों के बैठने के लिए चैंबर की अपर्याप्त संख्या है। चैंबर आवंटन के नियमों के तहत तीन साल की वकालत और तीस मुकदमों में पैरवी कर चुका अधिवक्ता चैंबर के लिए हकदार होगा। इसके बावजूद नए वकीलों को चैंबर नहीं मिले हैं। इसके अलावा वाहन खडा करने के लिए भी वकीलों को रोजाना परेशानी का सामना करना पडता है। कई बार वकीलों को वाहन खडा करने की जगह नहीं मिलती और दूसरी तरफ अदालत में उसके मुकदमें का नंबर निकल जाता है।

# दिया कुमारी ने गुरु गोबिंद सिंह की ऐतिहासिक तलवार की पूजा की



**सिक्खों के 10वें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर आज उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सिटी पैलेस के सर्वतोभद्र चौक में गुरु जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने जयपुर के सिटी पैलेस में विराजमान गुरु जी की ऐतिहासिक तलवार की भी पूजा-अर्चना की।**

**जयपुर,** (का.सं.)। सिक्खों के 10वें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर आज उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सिटी पैलेस के सर्वतोभद्र चौक में गुरु जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने जयपुर के सिटी पैलेस में विराजमान गुरु जी की ऐतिहासिक तलवार की भी पूजा-अर्चना की। उन्होंने कहा गुरु गोबिंद सिंह जी का त्याग, बलिदान और शौर्य की गाथा हम सबको सदैव प्रेरित करती रहेंगी। इसके बाद शबद कीर्तन का आयोजन किया गया और सभी को प्रसाद वितरित किया गया। एमएसएमएस संग्रहालय की कार्यकारी ट्रस्टी रमा दत्त और सिटी पैलेस, कला एवं संस्कृति, ओएसडी, रामू रामदेव भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

गुरू गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर यह तलवार सिटी पैलेस के सर्वतोभद्र चौक में आगंतुकों, पर्यटकों और आमजन के दर्शन के लिए रखी गई है। गौरतलब है कि गुरु गोबिंद सिंह जी ने कुछ समय नाहन (सिरमौर जिला, हिमाचल प्रदेश) में व्यतीत किया था। तब नाहन छोड़ते समय उन्होंने अपनी निजी तलवार तत्कालीन शासक को स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की थी। राजमाता पद्मिनी देवी, जो कि नाहन से हैं, कुछ वर्ष पहले तलवार को जयपुर लेकर आई थीं। तब से इस तलवार की सिटी पैलेस में नित्य पूजा-अर्चना की जाती है।

# अशोक कजारिया, सुरेन्द्र सिंह शेखावत व अक्षय हाडा फिक्की के सदस्य बने

**जयपुर,** (का.सं.)। फैडरेशन ऑफ इंडियन चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) ने उसके राजस्थान स्टेट काउंसिल के लिये तीन सदस्यों का चयन किया है। फिक्की की राजस्थान स्टेट काउंसिल में कजारियस सिरेमिक लिमिटेड के अध्यक्ष अशोक कजारिया, शाहपुरा होटल्स एंड रिजोर्ट्स के मालिक सुरेन्द्र सिंह शेखावत और अक्षय इन्फ्रासिस इंडस्ट्रीज़ प्राईवेज लिमिटेड के प्रबंधकीय निदेशक अक्षय हाडा को सदस्य बनाया है। इस काउंसिल में अशोक कजारिया को अध्यक्ष का पद और सुरेन्द्र सिंह शेखावत व अक्षय हाडा को सह अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है।



**फिक्की के सह अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह शेखावत**

इस समिति की पहली बैठक 25 जनवरी 2024 को आयोजित की जायेगी और 30 जनवरी 2024 तक यह समिति तीन से पांच ऐसे लक्ष्य निर्धारित करेगी जिसे उसे एक वर्ष में ही पूर्ण करना होगा। उल्लेखनीय है कि फिक्की की 97 एन्युअल जनरल मीटिंग 21-22 नवम्बर 2024 को आयोजित की जायेगी जिसमें राजस्थान की काउंसिल भी भाग लेगी। जैसा कि विदित है कि फिक्की भारत में व्यवसायियों और उद्योगपतियों द्वारा बनाई गई एक निर्भीक संस्था है, जो उद्योगपतियों की समस्याओं का समाधान करती है। इस संस्था के साथ ढाई लाख उद्योगपति जुड़े हुए है। इस संस्था का गठन 1927 को हुआ था।

## 'भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत का कोई सानी नहीं'

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज (शक्ति वंदन-महिला स्वंय सहायता समूह एवं एनजीओ संपर्क अभियान) की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला के (एनआरएलएम) सत्र को संबोधित करते हुए कृषि एंव ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशभर में दो करोड़ लखपति दीदी तैयार करने का लक्ष्य दिया है। हमारा प्रयास होना चाहिए कि राजस्थान लखपति दीदी योजना में देश में सबसे अव्वल रहे इसके लिए हम सभी को संयुक्त प्रयास करने होंगे। भाजपा के कार्यकर्ताओं की मेहनत का कोई सानी नहीं है। रेत से सोना निकालना प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता का संकल्प होना चाहिए।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के में कई राज्यों में भारी भीड़ उमड़ी

**जयपुर,** (का.सं.)। विकसित भारत संकल्प यात्रा ने केवल दो महीनों में, भारत को वशीभूत कर दिया है, जिसमें 15 करोड़ से अधिक उत्साही प्रतिभागी शामिल हुए हैं। लोगों की यह विशाल भागीदारी एक उन्नतिशील और समावेशी भारत की दिशा में संगठित मार्ग बनाने के लिए यात्रा की तीव्रता के बारे में बहुत कुछ बताती है। विकसित भारत संकल्प यात्रा एक ऐतिहासिक पहल है जिसका उद्देश्य पूरे देश में सरकारी योजनाओं की 100 प्रतिशत परिपूर्णता सुनिश्चित करना है।

राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना राज्यों में अभियान शुरू होने के बाद लोगों की भागीदारी संख्या में तेजी से वृद्धि हुई। जहां चौथे सप्ताह के अंत में 13 दिसम्बर, 2023 को यात्रा 2.06 करोड़ लोगों तक पहुंची थी, वहीं पांचवें सप्ताह के अंत में 22 दिसम्बर, 2023 को यह संख्या बढ़कर 5 करोड़ हो गई। अगले चार हफ्तों में, यात्रा में 10 करोड़ लोग शामिल हुए जिससे इसने 15 करोड़ प्रतिभागियों का आंकडा पार कर लिया। 17 जनवरी तक विकसित भारत संकल्प यात्रा डैशबोर्ड में 15.34 करोड़ प्रतिभागियों ने 2.21 लाख ग्राम पंचायतों और 9,541 शहरी स्थानों को कवर किया।

17 जनवरी 2023 तक स्वास्थ्य शिविरों में 4 करोड़ से अधिक लोगों की जांच की जा चुकी है।

# जीतना है तो सभी को साथ रहना होगा, क्योंकि कांग्रेस ही कांग्रेस को हराती है : रजनी पाटिल

## कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की अध्यक्ष बोली, ''तय मापदंड के अनुसार होगा उम्मीदवारों का चयन''

- **रंधावा ने फिर जिताऊ उम्मीदवारों की चर्चा की, जैसे कि विधानसभा चुनाव में उतारे थे**
- **डोटासरा का दावा कि लोकसभा चुनाव में हमारी परफॉर्मेंस अच्छी रहेगी**

**जयपुर,** (का.प्र.)। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव की तैयारी के तहत आज जयपुर में फीडबैक कार्यक्रम रखा। लोकसभा चुनाव के लिए राजस्थान की स्क्रीनिंग कमेटी की अध्यक्ष रजनी पाटिल के साथ ही सदस्य परगट सिंह और कृष्णा अल्लावरु ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में 25 लोकसभा सीटों के दावेदारों सहित अन्य नेताओं और विधायकों से मुलाकात कर लोकसभा चुनाव की तैयारी के बारे में चर्चा की।

इस मौके पर राजस्थान में सभी नेताओं के साथ मिलकर चुनाव लड़ने की बात पर रजनी पाटिल ने मीडिया से कहा कि कांग्रेस ही कांग्रेस को हराती है, वरना कांग्रेस को कोई नहीं हरा सकता। ऐसे में लोकसभा जीतनी है तो सभी नेताओं को मिलकर ही चुनाव लड़ना होगा। राजस्थान में उम्मीदवार तय करने की बात पर रजनी पाटिल ने कहा कि अभी यह जल्दी है। अभी हम चर्चा कर रहे हैं और बाद में जो भी मापदंड तय होंगे, उसके अनुरूप उम्मीदवार तय किए जाएंगे।

राजस्थान कांग्रेस के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने लोकसभा चुनावों में विधायकों को बड़ी संख्या में टिकट देने के संकेत देते हुए कहा कि अगर बीजेपी वाले सांसद को लाकर विधानसभा में हरवा सकते हैं। तो कांग्रेस के पास जीते हुए विधायक हैं, जो जीत सकते हैं। हम उन विधायकों को क्यों नहीं उतार सकते। कैंडिडेट्स में विनेबिलिटी और कांग्रेस का डीएनए देखा जाएगा। रंधावा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में हम यूथ लीडर्स को ग्रूम करेंगे। इस बार फोकस यूथ पर रहेगा। हम यूथ और पुराने नेताओं का कॉम्बिनेशन बनाएंगे। जल्दी इलेक्शन कैंपेन कमेटी बनाएंगे। जिला स्तर पर तैयारी करेंगे। उन्होंने कहा कि श्रीकरणपुर के इलेक्शन हुए हैं, कांग्रेस के रुपिंदर सिंह कुन्नर वहां से जीते। 15 दिन बाद ही एक ऐसा मंत्री सुरेंद्र पाल टीटी, जो अग्निवीर बन गया। बिना पेंशन और बंदूक के ही वापस आ गया। जब उन्हें लड़ाई में जाने का मौका मिला तो बुरी तरह हार कर आए। इससे राजस्थान ने अपना करेक्टर दिखाया है कि यहां की जनता ऐसे फैसले पसंद नहीं करती। राममंदिर के मुद्दे पर रंधावा ने कहा कि हमारे गुरु की शरण में जो आया उसे माफ किया। उन्होंने औरंगजेब को भी माफ कर दिया। धर्म के नीचे सियासत होनी चाहिए, भाजपा राजनीति के नीचे धर्म को लेकर आ गई है। वे कहते हैं राम मंदिर हम जाएंगे क्या? मैं पूछना चाहता हूं क्या राम इनके हैं। गुरु ग्रंथ साहिब में राम 5000 बार लिखा है। ऐसे में क्या यह हमें सिखाएंगे? जब मंदिर बन जाएगा, मूर्ति की प्रतिष्ठा हो जाएगी तब हम राम मंदिर जाएंगे। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा था कि हम योजना बंद नहीं करेंगे, लेकिन अब वे हमारी योजनाओं को लागू नहीं कर रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि हम लोकसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करेंगे और कांग्रेस पार्टी भारी संख्या में जीतकर जाएंगे। इंडिया अलायंस की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि यह सरकार पर्ची सरकार है और अब तो घनश्याम तिवाड़ी ने भी कह दिया है कि यह पर्ची से बनी हुई सरकार है। अब हमें सर्टिफिकेट मिल गया है कि ऊपर से जो पर्ची आई उसके आधार पर यह सरकार बनी।

डोटासरा ने कहा कि राजीव गांधी युवा मित्र को निकालने और स्वास्थ्य मंत्री द्वारा चिरंजीवी योजना को फर्जी बताने सहित करीब 50 केस मेरे संज्ञान में है। यदि मंत्री मेरे सामने बैठ जाएं तो मैं बता सकता हूं कि कितने लोगों को राहत मिली है। वे हमारी अच्छी योजनाओं को बदनाम कर अपनी चमक दिखाना चाहते हैं, जिसका हम विरोध करेंगे।

# कोविड के वैरिएंट ऑमीक्रोन जेएन-1 के स्पाइक प्रोटीन पर होगा अनुसंधान : आचार्य बालकृष्ण

**हरिद्वार/जयपुर**(का.सं.)। बीते कोरोना काल में जहाँ सम्पूर्ण विश्व में हाहाकार मचा हुआ था, वहीं पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन के वैज्ञानिकों ने सतत् अनुसंधन से कोरोनिल का अविष्कार कर करोना के क्रूर पंजों से हजारों जीवन बचाये थे तथा मानव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के इतिहास में आयुर्वेद का परचम लहराया था। अब करोना के नये वैरिएंट पर अनुसंधन करने हेतु चीन की साइनो बॉयोलॉजिकल लैब से स्पाइक प्रोटीन मंगाया गया है, जिस पर पतंजलि अनुसंधन संस्थान के वैज्ञानिक रिसर्च करेंगे।

वर्तमान में करोना का नया वैरिएंट ऑमीक्रोन जेएन-1 पुन: सम्पूर्ण विश्व में अपने पैर पसार रहा है। करोना चिकित्सा के क्षेत्र में अपने अनुसंधान कार्यों को आगे बढ़ाने के क्रम में पतंजलि अनुसंधन संस्थान द्वारा चीन की साइनो बॉयोलॉजिकल लैब से मंगाये गये स्पाइक प्रोटीन पर नवीन अनुसंधन कार्य आरम्भ कर दिया गया है। इस अवसर पर पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि जिस तरह से करोना ने भयावह तथा विकराल रूप से सम्पूर्ण विश्व को भयभीत किया तथा अत्यध्कि पीड़ा पहुँचायी अब उसी का नया वैरिएंट ऑमीक्रोन जेएन-1 देश-विदेश में फैल रहा है। इस वायरस से होने वाले रोग की चिकित्सा हेतु जो अनुसंधान करना है उसके लिए वायरस के स्पाइक प्रोटीन की आवश्यकता होती है और हमें गर्व है कि पतंजलि अनुसंधन संस्थान वह पहली संस्था है जहाँ ऑमीक्रोन जेएन-1 वायरस का स्पाइक प्रोटीन चीन की साइनो बॉयोलॉजिकल लैब से पहुँच चुका है।



- **चीन की साइनो बॉयोलॉजिकल लैब से मंगाया गया ऑमीक्रोन जेएन-1 का स्पाइक प्रोटीन**

यह वायरस बहुत खतरनाक है परन्तु उसकी स्पाइक प्रोटीन पर कार्य करके ही उसका समाधान पाया जा सकता है। सबसे अधिक प्रयास स्पाइक प्रोटीन को बचाने का करना पड़ता है क्योंकि यह बहुत दूर चीन से मंगाया गया है। इसे मंगाने के लिए हमें काफी परिश्रम और सम्पर्क करना पड़ा, बहुत सारी जटिल प्रक्रियाएं पूर्ण करने के बाद लगभग डेढ़ माह बाद यह स्पाइक प्रोटीन हमें मिल पाया है जो हमारे वैज्ञानिकों को काफी उत्साह और प्रेरणा देने वाला है।

इस ओमीक्रॉन जेएन-1 वायरस का स्पाइक प्रोटीन पर अनुसंधन कर हम सम्पूर्ण विश्व को पुन: यह दिखायेंगे कि पतंजलि किस प्रकार से आयुर्वेदिक औषधियों पर अनुसंधन कर उनका निर्माण करता है तथा मॉडर्न मेडिकल सांइस के जो स्टैण्डर्ड तथा पैरामीटर्स है उन पर योग व आयुर्वेद को पुन: स्थापित करने का कार्य पतंजलि कर रहा है। हमारे पास विश्व के आधुनिकतम अनुसंधन लैब, उपकरण तथा एक्सपर्ट सांइटिस्ट की टीम उपलब्ध है। पतंजलि एक विश्वास का नाम है तथा करोड़ो लोगों का भरोसा पतंजलि के साथ जुड़ा हुआ है। पतंजलि वैज्ञानिक अनुसंधन तथा उसके उच्च स्तरीय मापदण्डों के साथ कोई समझौता नहीं करता।

पतंजलि अनुसंधन संस्थान के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. अनुराग वार्ष्णेय ने कहा कि ओमीक्रॉन जेएन-1 वायरस के स्पाइक प्रोटीन पर कोरोनिल के इस्तेमाल से इन्फेक्शन कन्ट्रोल का ट्रॉयल किया जायेगा, जिसके परिणाम वायरस कन्ट्रोल के क्षेत्रा में नये आयाम स्थापित करेंगे।

नम्बर मिलाइए
9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

**खोया पाया**

मेरे आवास संख्या-160/46 प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर का मूल आवंटन पत्र कहीं गिर/गुम गया है मिलने पर सूचित करें। मनीष-9828574663

**गुमशुदा की तलाश**



**भाग्यशाली मीना** पुत्र रामकिशन उम्र- 40 वर्ष, रंग गौरा, कद 6 फीट, रेल्वेकर्मी मानसिक अस्वस्थता की दशा में 6/3/2023, शाम 6.00 बजे से लापता है। पुलिस रिपोर्ट के बावजूद नहीं मिल रहे है यदि किसी को कोई सूचना या जानकारी मिलें तो सूचित करें।
9636182581, 8854098846

**नाम परिवर्तन**

मैंने मेरा नाम नरेन्द्र कुमार फलोर से बदलकर नरेन्द्र फ्लोर रख लिया है भविष्य में मुझे नरेन्द्र फ्लोर (Narendra Falor) पुत्र स्व. श्री हरीराम फलोर के नाम से जाना जावें। पता-3/90 विद्याधर नगर, जयपुर

मेरा नाम शकुंतला था। अब मैंने बदलकर शकुंतला कंवर पत्नी रघुवीर सिंह रख लिया है। भविष्य में मुझे शकुंतला कंवर के नाम से जाना जावें। पता-हाऊस नं. 56, टोंक रोड सांघी फार्म के सामने कैलाशपुरी दुर्गापुरा, जयपुर

मैं पूजा शर्मा उर्फ पप्पू शर्मा पत्नी कमलेश शर्मा उम्र 31 वर्ष जाति ब्राह्मण निवासी जाटों की ढाणी 2, दहमी खुर्द, बगरू, तहसील सांगानेर जो कि मेरा शुद्ध नाम पूजा शर्मा है। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

मै धर्मचन्द दायमा पुत्र लक्ष्मण राम खटीक किशनगढ़ रेनवाल जयपुर राजस्थान का हूँ। मेरे आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में धर्मचन्द दायमा पुत्र लक्ष्मण राम खटीक है, और मेरे पासपोर्ट में धर्मचन्द खटीक पुत्र लक्ष्मण लाल खटीक हैं। यह दोनों नाम मेरे स्वयं के हैं अतः मुझे दोनों नामों से ही पहचाना जावें।

**आम सूचना** यह कि मेरे अभिभाष्यगण आमिना खांन पत्नी श्री इस्लाम खांन उम्र 60 साल एवम इस्लाम खांन पुत्र चांद खांन उम्र 62 साल निवासीयान बी 579 भट्टा बस्ती शास्त्री नगर जयपुर (राज) ने अपनी पुत्री रूबिया खांन जो कि मेरे अभिभाष्यगण के साथ अच्छा व्यवहार नही करती ना ही मेरे अभिभाष्यगण के कहने में है इसलिये मेरे अभिभाष्यगण ने अपनी चल व अचल सम्पति तथा पुरे भारत वर्ष में स्थित स्वयं की चल व अचल सम्पति बैंक खाते इत्यादि से अपनी पुत्री रूबिया खांन को बेदखल (निष्काषित) कर दिया है तथा आज के पश्चात उक्त रूबिया खांन से कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का संव्यवहार करता है तो उसकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी तथा रूबिया खांन का मेरे अभिभाष्यगण की चल व अचल सम्पति मे किसी प्रकार का कोई हक व अधिकार नही होगा एवम रूबिया खांन किसी भी न्यायालय में मेरे अभिभाष्यगण की चल व अचल सम्पति बैंक खाते के हक व अधिकार हेतु दावा करती है तो वह स्वत: ही झूठा समझा जावेगा। जिसकी सूचना हेतु यह प्रमाण पत्र जारी किया है। सूचित रहे।
तालिब कुरैशी, एडवोकेट, मो.-9929993399

**आम सूचना:** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्लाट नम्बर ए-13, योजना हाथोज (करधनी) विस्तार ग्राम हाथोज, कालवाड़ रोड, तहसील व जिला जयपुर बाबत् जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर द्वारा श्री धर्मेन्द्र मिश्रा पुत्र स्व. श्री पी. डी. मिश्रा के हक में आवंटन पत्र क्रमांक: एफ-10(ए-13) जेडीए/जोन-11-बी/हाथोज/2004/400 दिनांक 05.07.2004 को जारी किया गया था। यह कि उक्त मूल आवंटन पत्र कहीं गुम हो गया/गिर गया है, जिसके बाबत् एक गुमशुदगी रिपोर्ट राजस्थान पुलिस एल.आर.नम्बर 2037919/2024 दिनांक 02.01.2024 को दर्ज करवा रखी है। यह कि मेरे अभिभाष्यगण श्री जयदीप मीणा पुत्र श्री गोपाल लाल मीणा एवं सुश्री यशप्रिया मीणा पुत्री श्री कैलाश चन्द्र मीणा उक्त सम्पति पर भारतीय स्टेट बैंक, जयपुर से लोन प्राप्त कर लिया है। यदि किसी व्यक्ति, बैंक व अन्य किसी को उक्त मूल आवंटन पत्र किसी को मिले या किसी प्रकार की कोई भी आपति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपति प्रस्तुत करें। बाद गुजरने मियाद किसी भी प्रकार की कोई आपति मान्य नहीं होगी। भवदीय- रमेश कुमार शर्मा (एडवोकेट) सी-246, मालवीय नगर, जयपुर, राज मो. 9950995598

**न्यायालय अपर सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजि. क्रम-17, सांगानेर जयपुर महानगर-प्रथम, जयपुर**

मुकदमा नंबर 728/2023

**इमरान खान व अन्य बनाम अमर नाथ गृह निर्माण सह. समिति व अन्य**

**नोटिस अन्तर्गत आदेश 1 नियम 8 सीपीसी**

वादीगण ने वैलकमसिटी आवासीय योजना गोनेर रोड, खो नागोरियान में दुकान नम्बर-2 क्रय की थी। प्रतिवादीगण द्वारा उक्त आवासीय योजना हकोलोजीकल जोन से बिना वन विभाग, बिजली विभाग, जेडीए एवं राज्य सरकार की अनुमति के विकसित की है, जो कि गैरकानूनी व विधि विरूद्ध है। जिसके बाबत वादीगण द्वारा प्रतिनिधित्व वाद प्रस्तुत किया जिस कारण सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यदि कोई भी व्यक्ति उक्त वाद में पक्षकार बनना चाहता है जो वह आगामी तारीख पेशी 20.01.2024 को प्रातः 10.30 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर पक्षकार के रूप में संयोजित हो सकते है। भविष्य में कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी।

आज दिनांक-17.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया।

मोहर अदालत

हस्ताक्षर न्यायाधीश
अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम.17
जयपुर महानगर प्रथम, सांगानेर

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वाके महानगर जयपुर तहसील सांगानेर, ग्राम खो-नागोरियान में कृषि भूमि खसरा नम्बर 2492 रकबा 0.3300 हैक्टेयर 2506 रकबा 0.5800 हैक्टेयर 2510 रकबा 0.0500 हैक्टेयर कुल किता 5 खसरा नम्बर का कुल रकबा 1.83 हैक्टेयर राजस्व रिकॉर्ड में कृषि भूमि (1) श्री अब्दुल रशीद, अब्दुल रऊफ, अब्दुल हफीज, अब्दुल रहमान पुत्रान अब्दुल मजीद, निवासीगण- मकान नम्बर 2142 छपरबंदो का मोहल्ला, घाटगेट जयपुर के नाम दर्ज हैं जो संयुक्त रूप से मालिक स्वामी एवं काबिज है। उक्त कृषि भूमि के संबंध में जून 2018 में एक इकरारनामा मुदस्सर पुत्र हाजी मोईनुद्दीन कुरैशी के हक में निष्पादित किया था जिसे निरस्त कर दिया है तथा श्री मुदस्सर पुत्र हाजी मोईनुद्दीन कुरैशी को दिनांक 21.12.2023 को इकरारनामा जून 2018 को निरस्त का नोटिस भी भेज दिया है अगर कोई दीगर व्यक्ति उक्त कृषि को अपनी बताकर अन्य किसी को भी हस्तान्तरित, बख्शीश, रहन, विक्रय आदि ना करें ना ही अन्य कोई व्यक्ति खरीदे। अन्यथा स्वयं जिम्मेदार होगा।
जयपुर (मुजीब उर रहमान एडवोकेट)
दिनांक-17.01.2024 मो.नं. 9587860191

**सार्वजनिक नोटिस**

यह सार्वजनिक सूचना दी गई है कि हमारी कंपनी अर्थात् आर्के इंटरनेशनल फिनसेक लिमिटेड सीआईएन नं. U61720RJ1995PLC010776 और पंजीकृत कार्यालय कमरा नंबर 123, पहली मंजिल, जेएसईएल बिल्डिंग मालवीय नगर जयपुर-17 (राजस्थान)। हमने कंपनी के नाम पर आरबीआई द्वारा जारी एनबीएफसी पंजीकरण प्रमाणपत्र (सीओआर) संख्या 10.00021 वर्ष 2004 की मूल प्रति खो दी है। इसकी एफआईआर दिनांक 23.12.2023 को ऑनलाइन प्रोसेस जयपुर क्रमांक 2029133/2023 पर दर्ज कराई गई है।
उपरोक्त नोटिस जनता के पंजीकरण प्रमाणपत्र के खो जाने के संबंध में दिया जा रहा है और अनुरोध किया गया है कि यदि यह पाया जाए तो इसे कंपनी को वापस कर दिया जाए, पंजीकृत कार्यालय में या भारतीय रिज़र्व बैंक, डीओएस टोंक रोड, जयपुर को भेजा जाए और साथ ही यह भी अनुरोध किया जाए कि बेईमान तत्वों द्वारा पंजीकरण प्रमाणपत्र के दुरुपयोग के खिलाफ चेतावनी। उपरोक्त सार्वजनिक सूचना कंपनी द्वारा जारी की जा रही है।
पंजीकृत कार्यालय: कमरा नंबर 123, पहली मंजिल जेएसईएल बिल्डिंग, मालवीय नगर जयपुर-17 (राजस्थान)
ई-मेल: arkaylimited@yahoo.com
संपर्क नंबर: +91-94140-54971

94
14.12.23

**विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन**
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
**समक्ष अतिरिक्त वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश, क्रम संख्या 1, जयपुर महानगर द्वितीय, जयपुर**
**स्टेट बैंक ऑफ इंडिया**
विरूद्ध
**स्नेहा भारद्वाज एवं अन्य**
वाद बाबत वसूली 3,70,418.00 रूपये
वाद संख्या 59 सन् 2021

बनामः 1. स्नेहा भारद्वाज पुत्री श्री शशिकान्त भारद्वाज, निवासी मकान संख्या- 13, कृष्णा नगर कॉलोनी, तीन दुकान, ढेहर के बालाजी, सीकर रोड, जयपुर-302039
वादी ने आपके विरूद्ध वसूली के लिये वाद पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 29 माह जनवरी सन् 2024 को दिन में 10.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में हैं पेश करें, जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल / मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह वाद तारीख 13 माह 12 सन् 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

सील

न्यायाधीश
अतिरिक्त वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट
क्रम-01, जयपुर महानगर द्वितीय

**आम सूचना** संपरिवर्तन आदेश क्र.सं. 238-245 दिनांक 10.01.2020 को तहसीलदार महोदय लवाण द्वारा श्री अशोक कुमार सैनी पुत्र श्री पूनीलाल सैनी के पक्ष में 587.84 वर्गमीटर आवासीय प्रयोजनार्थ भूमि का जारी किया गया था। उक्त रूपान्तरित भूमि को श्रीमती पूनी देवी पत्नि श्री सीताराम सैनी को बेचान कर दिया गया। उक्त मूल संपरिवर्तन आदेश क्र.सं. 238-245 दिनांक 10.01.2020 श्रीमती पूनी देवी द्वारा कहीं गुम हो गया है। किसी खास ओ आम या व्यक्ति विशेष को उक्त संपरिवर्तन आदेश मिल जावे तो मो.नं. 94144-94445 पर 07 दिवस के भीतर सूचित करें।
दिनेश जोशी, एडवोकेट दौसा
मा.नं. 94144-94445

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस**
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 10/2024
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि शंकर लाल जांगिड पुत्र श्री जवाना राम जांगिड निवासी 64 लक्ष्मी कॉलोनी नया खेड़ा अम्बाबाड़ी जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत श्री ओमकारेश्वर महादेव मंदिर सेवा समिति प्लॉट नं. 69 लक्ष्मी कॉलोनी नया खेड़ा अम्बाबाड़ी जयपुर सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 12.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 18.03.2024

मोहर अदालत

आकाश रंजन (आर.ए.एस.)
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग, जयपुर

D.No.13
16.01.24

**विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन**
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
**समक्ष अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, क्रम संख्या 2, जयपुर महानगर प्रथम, जयपुर**
**स्टेट बैंक ऑफ इंडिया**
विरूद्ध
**नमित मेहता**
वाद बाबत वसूली 7,79,053.19 रूपये
वाद संख्या 12 सन् 2023

बनामः 1. नमित मेहता पुत्र श्री रमेश चन्द मेहता, निवासी : फ्लैट नं 601, मकान संख्या एस.बी. 161, पर्ल मेधम, महात्मा गांधी रोड़, बापू नगर, जयपुर 302015 एवं केयर ऑफ ग्रीन फील्ड लैण्ड डेवलपर्स एण्ड पिंक टर्बन, मकान संख्या 15, उनियारा गार्डन, मोती डूंगरी रोड़, जयपुर 302015 एवं केयर ऑफ ग्रीन फील्ड लैण्ड डेवलपर्स एस 1,बी 7,मदान मेन्शन गोबिन्द मार्ग, राजा पार्क, जयपुर 302004
वादी ने आपके विरूद्ध वसूली के लिये वाद पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 13 माह मार्च सन् 2024 को दिन में 10.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में हैं पेश करें, जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल / मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह वाद तारीख 08 माह 01 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

सील

वरिष्ठ रीडर अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश क्रम संग-2 जयपुर महानगर प्रथम

# ए.एस.आई. को 25 हजार व दलाल को पांच हजार की रिश्वत लेते पकड़ा

## भैंस चोरी के मुकदमे में मुलजिम नहीं बनाने की एवज में मांगी गई थी रिश्वत



ए.एस.आई. धारा सिंह गुर्जर



दलाल लल्लू खान

- एसीबी की टीम एक दिन पूर्व भी किशनगढ़ बास थाने में कार्रवाई के लिए आई थी लेकिन एएसआई धारा सिंह थाने पर नहीं मिले थे

**किशनगढ़ बास।** खैरथल तिजारा जिले के किशनगढ़ बास पुलिस थाने पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) धारा सिंह गुर्जर को 25 हजार रुपए एवं दलाल लल्लू खान को पांच हजार रुपए की राशि के साथ गिरफ्तार किया है। यह रिश्वत भैंस चोरी के मामले में आरोपी नहीं बनाने की एवज में ली गई।

एसीबी के एडिशनल एसपी पीयूष दीक्षित ने बताया कि परिवादी गांव चोर बसई निवासी सरफुद्दीन ने तीन दिन पहले लिखित में शिकायत दी कि किशनगढ़ बास पुलिस थाने में सात जनवरी को अज्ञात चोरो के विरुद्ध भैंस चोरी का मामला दर्ज हुआ था। अज्ञात लोगों के विरुद्ध दर्ज मुकदमे में उसके भाई साहबदीन को गिरफ्तार करने की धमकी देकर धारा सिंह गुर्जर सहायक उप निरीक्षक एवं उसके दलाल लल्लू खान निजी व्यक्ति को हजार 30 हजार की रिश्वत की मांग कर रहे हैं।

इस पर एएसपी ने सत्यापन के बाद जाल बिछाया और आरोपी को पकड़ने के लिए एसीबी की टीम बुधवार को किशनगढ़ बास पहुंची। प्रातः करीब 11.15 बजे किशनगढ़ बास थाने में 25 हजार की रिशवत लेते हुए एएसआई धारा सिंह पुत्र विजेंद्र सिंह गुर्जर निवासी बरई (डीग) को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। वहीं सहायक उप निरीक्षक के दलाल लल्लू खान पुत्र चांद खां निवासी खोहा बास (निजी व्यक्ति) को 5 हजार की रिश्वत लेते हुए पुलिस थाने के बाहर चाय के खोखे से गिरफ्तार किया। एसीबी की टीम एक दिन पूर्व मंगलवार को भी किशनगढ़ बास थाने में कार्रवाई के लिए आई थी लेकिन एएसआई धारा सिंह थाने पर नहीं मिले थे।

# चार बदमाशों ने कार सहित युवक का अपहरण किया

## मेघरास में आयोजित सामाजिक कार्यक्रम में शरीक होने कार से आये थे

- एक साथी को बदमाश नीचे धकेल गये, जबकि एक अन्य लघुशंका करने गया था
- अपहरण की इस वारदात को लेकर साथी ने थाने में केस दर्ज करवाया

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के कारोई थाना इलाके में पाली जिले से सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने आये एक युवक का चार बदमाशों ने टाटा हैरियर गाड़ी सहित अपहरण कर लिया। अपर्हत के एक साथी को बदमाश नीचे धकेल गये, जबकि एक अन्य साथी लघुशंका करने गया हुआ था। अपहरण की इस वारदात को लेकर अपर्हत के साथी ने थाने में केस दर्ज करवाया है। पुलिस अपर्हत और अपहरणकर्ताओं की तलाश कर रही है।

कारोई पुलिस के अनुसार, पाली जिले के सिवास निवासी आसाराम (37) पुत्र ताराराम सिरवी, आचार्य मोहल्ला करेड़ा निवासी राकेश पुत्र मिठालाल आचार्य और कालुराम प्रजापत के साथ मेघरास में आयोजित सामाजिक कार्यक्रम में शरीक होने टाटा हैरियर कार से आये थे। कार्यक्रम में खाना खाने के बाद कार में आसाराम चालक सीट पर बैठे, जबकि परिवादी राकेश पीछे की सीट पर बैठा था। कालुराम लघुशंका कर लौट रहा था, तभी पहले से छिपे चार अज्ञात बदमाश आये और राकेश आचार्य को खींच कर कार से नीचे धक्का दे दिया।

वहीं आसाराम को धक्का देकर पीछे बैठा दिया और एक बदमाश चालक सीट पर बैठ गया। बदमाश, आसाराम का अपहरण कर ले गए। उसने व कालुराम ने लोगों को बुलाने का प्रयास किया तब तक ये बदमाश कार और आसाराम को लेकर फोरलाईन की और फरार हो चुके थे। वहां से ये बदमाश दोनों वाहनों को भीलवाड़ा की ओर भगा ले गये। इस वारदात को लेकर राकेश आचार्य ने कारोई थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस अपर्हत युवक व अपहरणकर्ताओं के साथ ही कार की तलाश कर रही है।

# बिजौलियां थाने का सिपाही रंगदारी मांगने और मारपीट के आरोप में निलम्बित



कॉस्टेबल सूर्यप्रकाश चौधरी

- आरोप है कि बिजौलियां कस्बे में कुछ युवकों के साथ नशे में मारपीट कर रुपयों की मांग की गई थी

**मांडलगढ़, (निसं)।** बिजौलियां थाने के कॉन्स्टेबल सूर्यप्रकाश चौधरी को भीलवाड़ा पुलिस अधीक्षक ने बुधवार को निलंबित कर दिया है। सिपाही परआरोप है कि बिजौलियां कस्बे में कुछ युवकों के साथ नशे में मारपीट कर रुपयों की मांग की गई। इस मामले को शुरुआत में थाना स्तर पर दबाने का प्रयास किया। लेकिन इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया तथा पीड़ित युवकों ने सिपाही के खिलाफ पुलिस के उच्चाधिकारियों को शिकायत दर्ज कराई हैं।

बिजौलियां थाना क्षेत्र के बिजौलियां खुर्द निवासी धर्मराज मीणा व मोनू दरोगा ने भीलवाड़ा पुलिस को की गई शिकायत में आरोप लगाया कि 16 जनवरी की साँय बिजौलियां स्थित विद्यावासनी होटल के पीछे की तरफ बाइक से गए थे। जहाँ बिजोलिया थाने का सिपाही सूर्यप्रकाश चौधरी कुछ युवकों के साथ शराब पार्टी में बैठा था। सिपाही ने हमें देखते ही गाली-गलौच कर मारपीट करने लग गया और रुपयों की माँग करने लगा। रुपए नहीं देने पर थाने में बंद करने की धमकी दी।

घटना को लेकर पीड़ित युवकों ने पहले थाने में शिकायत की। जहां थाने में एक अधिकारी ने राजीनामा करने का दबाव बनाया। बात नहीं बनी तो कांस्टेबल सूर्यप्रकाश चौधरी की थाने में गैरहाजिरी डाल दी गई। बिजौलियां थाने के सिपाही की उक्त घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वाइरल हुआ। भीलवाड़ा पुलिस अधीक्षक ने इस घटना को लेकर सिपाही के ख़िलाफ़ विभागीय जांच करने के साथ उसे निलम्बित करने का आदेश जारी किया है। कॉन्स्टेबल का जांच कारवाई के दौरान मुख्यालय भीलवाड़ा पुलिस लाइन रहेगा।

# ट्रक ने मजदूर को कुचला

**बीकानेर, (निसं)।** जिले के लूणकरनसर कस्बे में अरसे से प्रशासन व पुलिस के उदासीन रवैये से कालू रोड पर बेतरतीब यातायात व सड़क के किनारे हुए अतिक्रमण के चलते ट्रक से कुचलने से एक बिहारी मजदूर की मौत हो गई। हादसे को लेकर घटना स्थल पर बड़ी तादाद में लोग एकत्र हो गए तथा पुलिस व प्रशासन से कार्रवाई की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

पुलिस के अनुसार लूणकरनसर की अनाज मण्डी में पिछले 20-25 साल से पल्लेदारी का काम करने वाले बिहार के अररिया जिले की राणीगंज तहसील के ग्राम कविलासा निवासी जगदीश यादव उर्फ पप्पू यादव (50) पुत्र महादेव सिंह यादव दोपहर करीब 12.30 बजे बाजार में काम के लिए आया था। इस दौरान वापस अनाज मण्डी लौटते समय कालू रोड पर अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट आवास के सामने रेल फाटक से सरदारशहर की तरफ जाने वाले ट्रक की चपेट में आ गया।

हादसे में ट्रक के पीछे के टायर पैरों के ऊपर से निकलने से बुरी तरह कुचल गया। गंभीर घायल अवस्था में उसे ग्रामीणों ने लूणकरनसर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर भर्ती करवाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बीकानेर पीबीएम अस्पताल भिजवाया गया। जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। वही पुलिस ने हादसे को लेकर ट्रक को जब्त कर लिया है। कालू रोड पर हुए सड़क हादसे में एक मजदूर की मौत को लेकर लोग कस्बे में अरसे से बेतरतीब यातायात व्यवस्था व अतिक्रमण को लोग जिम्मेदार माने रहे हैं। इस मुद्दे को लेकर हादसे के बाद सैकड़ों लोग एकत्र हो गए।

# ट्रेन की चपेट से युवक की मौत

**भीलवाड़ा, (निसं)।** रायला क्षेत्र में ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। युवक की हत्या की है या आत्महत्या यह इस पर संशय बना हुआ है। पुलिस मृतक की पहचान के प्रयास में लगी है। मामला भीलवाड़ा के रेलवे स्टेशन का है। बुधवार को ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में भीड़ लग गई। पुलिस ने मृतक के शव को रायला पीएचसी की मोर्चरी में रखवाया है और मृतक की पहचान के प्रयास किया जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि मंगलवार शाम को एक महिला की मौत भी ट्रेन की चपेट में आने से हो गई थी और आज अगले ही दिन एक अन्य हादसा हो जाने से कस्बे वासियों में दहशत का माहौल भी है।

# जाट समाज को केंद्र में ओ.बी.सी. के आरक्षण के लाभ की मांग को लेकर महापड़ाव शुरु



भरतपुर-धौलपुर के जाट समाज को आरक्षण के लाभ की मांग को लेकर महापड़ाव शुरू हुआ।

**भरतपुर, (निसं)।** भरतपुर-धौलपुर के जाट समाज को केंद्र में ओबीसी के आरक्षण के लाभ की मांग को लेकर बुधवार से जयचौली स्टेशन के पास महापड़ाव शुरू हो गया है। जाट समाज के लोगों ने गांव जयचोली में महापड़ाव डाल दिया है।

आरक्षण संघर्ष समिति के संयोजक नेम सिंह फौजदार ने कहा है कि 22 जनवरी तक गांधीवादी तरीके से यह आंदोलन चलेगा। अगर सरकार की तरफ से कोई व्यक्ति बात नहीं करने नहीं पहुंचेगा तो फिर दिल्ली मुंबई रेलवे ट्रैक पर बैठ करके आंदोलन किया जाएगा। जाट समाज के महा पड़ाव को देखते हुए गांव में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया है और गांव में प्रशासनिक अधिकारी दौरा कर रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक भरतपुर और धौलपुर के जाटों को राज्य में तो आरक्षण दे रखा है जबकि केंद्र में नहीं है और यह सन 1998 से आरक्षण की मांग करते आ रहे हैं. 2013 में मनमोहन सिंह की सरकार ने नौ राज्यों सहित भरतपुर और धौलपुर के जाटों को आरक्षण दिया था। लेकिन 2015 में भाजपा की सरकार बनती ही सुप्रीम कोर्ट की सहयोग से आरक्षण खत्म कर दिया। राजस्थान में 2017 में वसुंधरा सरकार ने आरक्षण दे दिया। लेकिन केंद्र सरकार ने अभी तक इन्हें आरक्षण नहीं दिया है इसी की मांग को लेकर के यह आंदोलन कर रहे हैं। मंगलवार शाम को आरक्षण संघर्ष समिति के 21 लोगो के प्रतिनिधिमंडल ने जिला प्रशासन से वार्ता की थी लेकिन वार्ता सकारात्मक नहीं रही। जिला प्रशासन ने आरक्षण संघर्ष समिति के पदाधिकारी से यह आंदोलन स्थगित करने की मांग की। लेकिन लेकिन सरकार की तरफ से कोई सकारात्मक पहल नहीं होने की वजह से इन लोगों ने बुधवार के दिन महा पड़ाव डालना शुरू कर दिया। जिला प्रशासन के अधिकारी भी इस मामले पर पूरी तरह से नजर बनाए हुए हैं।

पुलिस प्रशासन ने फोर्स को रोकने के लिए टेंट भी लगा दिए हैं। इस महापडाव को लेकर गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम का कहना है कि भाजपा हमेशा जाट समाज के लिए खड़ी रही है। जब ओबीसी वर्ग की लड़ाई लड़ी गई थी तब अटल बिहारी वाजपेयी ने नागौर में सभा की थी उस समय उन्होंने ओबीसी में जाट समाज को शामिल किया था। लेकिन तकनीकी कारणों से चलते आयोग की रिपोर्ट आने के बाद भरतपुर और धौलपुर के जाटों को आरक्षण का लाभ नहीं मिला पाया। बाद में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, पूर्व समाज कल्याण मंत्री अरूण चतुर्वेदी ने भारत सरकार को जाट समाज को आरक्षण का लाभ दिलाने के लिए पत्र लिखा गया था। जाट समाज को आंदोलन करने की जरूरत नहीं है। भाजपा पार्टी जाट समाज के साथ है। जो भी कानूनी दायरा में होगा उसके लिए संभव प्रयास किया जाएगा। उनको आरक्षण का लाभ कैसे मिले इसके लिए अधिकारी एवं सरकार के स्तर पर बात की जाएगी।

# क्रिप्टो में निवेश के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के रामेश्वर, नगर बासनी में रहने वाले डेंस्टिस्ट को क्रिप्टो में निवेश के नाम पर 14.60 लाख की ठगी करने वाले शातिर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिससे अब पूछताछ की जा रही है। रिपोर्ट में अन्य लोगों को नामजद किया गया जिनकी गिरफ्तारी नहीं हुई है। मामला भगत की कोठी थाने में गत वर्ष दर्ज हुआ था।

रामेश्वर नगर ई-349 निवासी डॉक्टर मुकेश पालीवाल की तरफ से गत साल मामला दर्ज कराया गया था। उनका कहना था कि उनका डेंटल क्लिनिक क्षेत्र में ही चलता है। जहां पर वर्ष 2019 में चंद्रकला नाम की महिला इलाज के लिए आई थी। बाद में काम पड़ने पर उसका क्लिनिक आना जाना रहा। वर्ष 2020 में उसने अपने पुत्र प्रतीक चारण से मिलवाया था। तब प्रतीक ने कहा कि वह क्रिप्टो में निवेश का कार्य करता है और लोगों को इसमें काफी मुनाफा भी होता है। इस तरह उसने डॉक्टर पालीवाल को झांसे में लेकर पहले निवेश के नाम पर 27 हजार लगाने का कहा फिर कहा कि इसका मुनाफा दस लाख तक हो सकता है।

इस पर डॉक्टर को झांसे में लेता गया और फिर 2022 तक लुनार यानी क्रिप्टो में निवेश के नाम पर 14.60 लाख रूपए ऐंठ लिए। जब मुनाफा और रकम देने बात आई वह टालमटोल जवाब देने लगा। प्रकरण भगत की कोठी थाने में दर्ज करवाया गया। पुलिस ने बताया कि ठगी के इस प्रकरण में अब आरोपी कृष्णा नगर पाली रोड निवासी प्रतीक चारण को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अब उससे रूपयों के संबंध में पड़ताल के साथ अग्रिम जांच कर रही है।

# "ऑपरेशन वायु शक्ति" में जैसलमेर आयेंगे पी.एम. मोदी

**जैसलमेर, (निसं)।** प्रत्येक तीन वर्ष बाद जैसलमेर फील्ड फायरिंग रेंज में होने वाले वायु सेना के प्रदर्शन के तहत आगामी 17 फरवरी को ऑपरेशन वायु शक्ति का आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं विश्व के अनेक देशों के सर्वोच्च पदाधिकारियों की उपस्थिति में होगा। ज्ञात रहे कि तीन वर्ष पूर्व कोरोना महामारी के चलते वायु सेना का प्रदर्शन नहीं हो पाया था।

जानकारी के अनुसार वायु सेना प्रदर्शन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सहित अनेक देशों के राष्ट्राध्यक्ष, देश के रक्षामंत्री राजनाथसिंह, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, राज्यपाल कलराज मिश्र, देश के ग्रहमंत्री अमित शाह के शामिल होने की संभावना है। भारतीय वायु सेना जैसलमेर में वायु शक्ति अभ्यास के दौरान अपनी ताकत का प्रदर्शन करेगी। इस अभ्यास में कुल 150 एयरक्राफ्ट शामिल होंगे। अभ्यास में भारतीय वायुसेना के चुने गए टारगेट पर फाइटर जेट 5सौ से लेकर 1हजार किलो तक के बम गिराएंगे। फाइटर जेट राफेल सुपरसोनिक स्पीड में उड़ान भरते दिखाई देगा और एयर टू एयर मिसाइल से फायर करेगा।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अभ्यास के दौरान वास्तविक युद्ध जैसे हालात तैयार करके ऑपरेशन को अंजाम दिया जाता है। वायु शक्ति अभ्यास में लड़ाकू विमान जगुआर, सुखोई-30, तेजस, राफेल समेत कुल 150 एयरक्राफ्ट के शामिल होने की संभावना है। इसमें 109 फाइटर जेट, 24 हेलिकॉप्टर, 7 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट होंगे। इस अभ्यास में कार्गो सी-17 और सी-130 जे भी भाग लेंगे। 17 फरवरी को एयर फोर्स रेंज चांधन में प्रस्तावित वायुशक्ति एक्सरसाइज (फायर पावर डेमोस्ट्रेशन) के आयोजन संबंधी व्यवस्थाओं के लिए जिला कलेक्टर प्रतापसिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में बैठक हुई। इस दौरान वायुसेना के अधिकारियों के साथ जिले के कई अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर प्रतापसिंह ने पूर्व में भी जिले में आयोजित वायु शक्ति एक्सरसाइज की जानकारी ली। उन्होंने सभी अधिकारियों को वायु सेना के संबंधितअधिकारियों के साथ तालमेल बिठाते हुए सौंपे गए कामों के संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# आग से कार जलकर राख

**करौली, (निसं)।** करौली जिला मुख्यालय स्थित मेला दरवाजा बाहर घर के पास खड़ी कार में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग इतनी भयानक थी कि कार पूरी तरह जलकर राख हो गई। सूचना पर करौली कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची।

करौली मेला दरवाजा बाहर क्षेत्र निवासी शकील खान पुत्र बुलाकी खान कार चालक का काम करता है। शकील खान ने बताया कि दोपहर को उसने अपनी इनोवा कार घर के बाहर खड़ी की थी। रात करीब 1:30 बजे अचानक से घर के बाहर खड़ी कार धूं-धूं कर जलने लगी। पड़ोस में रहने वाले पड़ौसी ने कार में आग लगने की सूचना दी। कार में आग लगने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। पीड़ित और क्षेत्र के लोगों ने सबसे पहले आसपास खड़ी अन्य गाड़ियों को घटनास्थल से दूर खड़ा किया तथा पुलिस को घटना की सूचना दी।

# शिक्षा रूपी रथ घर-घर में रोशनी व रोजगार के साथ विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा : उप मुख्यमंत्री बैरवा

## भामाशाहों द्वारा शिक्षा जैसे पवित्र कार्य में अपने धन का उपयोग किया जाना सराहनीय है : शिक्षा मंत्री दिलावर



शकुन्तला देवी रतनचन्द खिवेसरा रा.उ. माध्यमिक विद्यालय आकोली के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर व मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने किया।

**जालोर, (कासं)।** राज्य के उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा ने कहा कि शिक्षा रूपी रथ घर-घर में रोशनी व रोजगार के साथ विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा। आहोर विधानसभा क्षेत्र के आकोली ग्राम पंचायत में शकुन्तला देवी रतनचन्द खिवेंसरा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आकोली के पांच करोड़ की लागत से अधिक राशि से नवनिर्मित विद्यालय भवन के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा ने ये विचार व्यक्त किए।

उप मुख्यमंत्री प्रेम चन्द बैरवा ने अपने उद्बोधन में जालोर जिले को ऋषि जाबाली की तपोभूमि एवं कवि माघ व ब्रह्मगुप्त की भूमि के साथ-साथ की स्टील उद्योग, हस्तकला, ईसबगोल व अनार की खेती वाला बताते हुए जिले के भामाशाहों का शिक्षा एवं स्वास्थ्य में जन सहयोग की प्रशंसा की। डॉ. बैरवा ने कहा कि दान देने की परंपरा भारत की गौरवशाली परम्परा है। वहीं गुणवत्तापूर्ण के लिए शिक्षा का दान उत्तम दान है। आजादी के अमृतकाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत तथा "सबका साथ सबका विश्वास" के साथ विकसित श्रेष्ठ भारत के सपनों को साकार करने में हम सब अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे है। उन्होंने शिक्षा को रोजगारपरक बनाने के साथ-साथ युवाओं को गौरव मूल्य सिखाकर भारत को विश्व की आर्थिक शक्ति बनाने के साथ ही अपने अधिकारों से पहले मौलिक कर्तव्यों को याद रखने की बात कही।

समारोह को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि भामाशाहों द्वारा शिक्षा जैसे पवित्र कार्य में अपने धन का उपयोग किया जाना सराहनीय है। उन्होंने अपने उद्बोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छता के संकल्प को साकार करने में सहयोग के साथ-साथ मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के गरीब को गणेश मानकर कार्य करने के संकल्प को दोहराया। उन्होंने 450 रूपये गैस सिलेण्डर उपलब्ध करवाने एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के माध्यम से रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने की बात कही। शिक्षा मंत्री ने अपने उद्बोधन में 22 जनवरी को दीपावली की तरह उत्साहपूर्वक मनाने के साथ 15 फरवरी को सूर्य सप्तमी पर योग एवं सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम आयोजित किये जाने की बात कही।

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने आकोली में आयोजित समारोह में अपने उद्बोधन में आहोर विधायक की मांग पर भामाशाह द्वारा नवनिर्मित शकुन्तला देवी रतनचन्दजी खिवेंसरा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आगामी शैक्षणिक सत्र में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड का केन्द्र बनाने तथा विद्यालय में बारहवीं विज्ञान एवं गणित संकाय प्रारंभ किये जाने की घोषणा की। उन्होंने जालोर विधायक, आहोर विधायक एवं जिला प्रमुख की अनुशंसा पर जीर्णशीर्ण व क्षतिग्रस्त विद्यालय भवनों के पुनर्निर्माण एवं मरम्मत कार्यों के लिए जालोर एवं आहोर विधानसभा क्षेत्र के लिए 3-3 करोड़ रूपये दिए जाने की घोषणा की। शिक्षा मंत्री ने जिला प्रमुख राजेश कुमार की मांग पर सांचौर जिले में ग्राम पंचायत चितरोड़ी के वाडाभोजा ग्राम के प्राथमिक विद्यालय को उच्च प्राथमिक विद्यालय में क्रमोन्नत किये जाने की घोषणा की, जिससे स्थानीय बच्चों को उच्च प्राथमिक स्तर की शिक्षा गांव में ही प्राप्त हो सकेगी।

उन्होंने ग्राम पंचायत को स्वच्छ रखने के लिए एफएफसी एवं एसएफसी की धनराशि में से 40 प्रतिशत धन का उपयोग स्वच्छता प्रकल्प में खर्च करने तथा 60 प्रतिशत राशि नाली निर्माण सहित अन्य कार्यों पर खर्च करने की बात कही। समारोह में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक एवं जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों को भामाशाहों का विशेष सहयोग एवं सम्मान करने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने अपने उद्बोधन में जालोर के प्रवासियों को नवीन उद्योगों की स्थापना के लिए प्रेरित करने की बात कही। जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित हो सकें साथ ही औद्योगिक विकास को गति मिले। आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित ने भामाशाह जितेन्द्र पुत्र रतनचन्द खिवेंसरा परिवार की प्रशंसा करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में इस परिवार द्वारा दिया गया योगदान शिक्षा की अलख जगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

समारोह में संत प्रेम भारती व बाबुगिरी के सानिध्य के साथ अतिथि के रूप में जिला प्रमुख राजेश कुमार, जिला कलैक्टर निशान्त जैन, जिला पुलिस अधीक्षक मोनिका सेन, श्रवणसिंह राव, रविन्द्र सिंह बालावत, जालोर प्रधान नारायणसिंह राजपुरोहित उपस्थित रहे। समारोह के पश्चात् समस्त अतिथियों द्वारा नवनिर्मित विद्यालय का फीता काट एवं शिलापट्ट का अनावरण कर विद्यालय भवन का उद्घाटन किया। साथ ही स्व. शकुन्तला देवी रतनचन्दजी खिवेंसरा की मूर्ति का भी अनावरण किया गया। इससे पूर्व विद्यालय की बालिकाओं एवं लाभार्थी परिवार द्वारा कलश यात्रा निकालकर मां सरस्वती की पूजा की गई।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री के विशेषाधिकारी सावन कुमार चायल, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहित कुमार, पूर्व विशेष योग्यजन आयुक्त धन्नाराम पुरोहित, भूपेन्द्र देवासी, सुरेश सोलंकी सहित जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# ग्रेटर निगम की साधारण सभा से पहले भाजपा नेताओं का 'अंतर्कलह' उजागर

## उपमहापौर, चेयरमैन और पार्षदों ने आयुक्त को ज्ञापन देकर शॉर्ट नोटिस पर मीटिंग बुलाने पर आपत्ति जताई

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । ग्रेटर नगर निगम की साधारण सभा की छठवीं बोर्ड बैठक 18 जनवरी को दोपहर 2 बजे मुख्यालय स्थित स्वामी विवेकानंद सभागार में होगी। बोर्ड मीटिंग से पहले ही भाजपा नेताओं का 'अंतर्कलह' सामने आया है। ऐसे में संभावना है कि अगर पार्षदों की नाराजगी दूर नहीं हुई तो कहीं गुरूवार को कोरम पूरा करने में दिक्कत हो जाए।

सूत्रों की मानें तो मात्र 2 दिन के शॉर्ट पीरियड (कम समय) पर बुलाई गई इस बैठक पर उपमहापौर पुनीत कर्णावट, चेयरमैन हरीश शर्मा, रश्मि सैनी, अभय पुरोहित, जितेन्द्र श्रीमाली तथा पार्षद दिनेश गौड़ और रणवीर सिंह ने आपत्ति जताई है। उन्होंने ग्रेटर निगम की आयुक्त रूकमणि रियाड़ को ज्ञापन सौंपकर इस साधारण सभा को निरस्त करने की मांग भी उठाई है। इनका कहना था कि बुधवार शाम तक अधिकांश पार्षदों को इस बारे में सूचना नहीं दी गई। नियमानुसार कम से कम 6 दिन पहले साधारण सभा के बारे में पार्षदों को सूचित करना जरूरी है, अति आवश्यक होने की स्थिति में भी कम से कम 48 घंटे पहले सूचना देनी होती है। इन नेताओं का हस्ताक्षरित ज्ञापन भी बुधवार शाम को वायरल हुआ।





इस ज्ञापन में तमाम भाजपा नेताओं ने आयुक्त रूकमणि रियाड़ से पूछा कि 16 जनवरी को जारी हुई बैठक की सूचना में अति आवश्यक क्या था। जबकि साधारण सभा की बैठक की सूचना, स्थान और समय की जानकारी कम से कम 6 दिन में देनी जरूरी है। अति आवश्यक परिस्थितियों में भी कम से कम 48 घंटे पहले जानकारी देनी जरूरी होती है, फिर ऐसी क्या नौबत आन पड़ी कि अचानक बोर्ड मीटिंग रख दी। बुधवार 17 जनवरी को दोपहर 2 बजे तक डाक द्वारा या अन्य उचित रीति से पार्षदों को बैठक के सूचनार्थ पत्र नहीं मिला। अगर 19 जनवरी से शुरू हो रहे विधानसभा सत्र के कारण यह जल्दबाजी दिखाई गई तो भी उचित नहीं है। विधानसभा सत्र के दौरान परमिशन लेकर भी बोर्ड मीटिंग बुलाई जा सकती थी, हमें पूरा भरोसा है कि सांसदों व विधायकों की हमें इजाजत मिलती।

- **आज दोपहर 2 बजे ग्रेटर निगम मुख्यालय स्थित विवेकानंद सभागार में प्रस्तावित है बैठक**
- **महापौर ने बोर्ड मीटिंग को विकास के लिए अहम बताया, उपमहापौर, चेयरमैन व पार्षदों ने बयानबाजी से दूरी बनाई**

हालांकि शाम को संवाददाता द्वारा उपमहापौर पुनीत कर्णावट से जब इस बारे में बात की गई तो उन्होंने कहा कि बुधवार शाम को 5 बजकर 20 मिनट पर मेरे कार्यालय सहायक को एक बैठक की सूचना का पत्र मिला है, अभी मैंने उसे खोलकर नहीं देखा है। कुछ पार्षदों के पास भी नगर निगम में कार्यरत सफाई कर्मचारी के जरिए बोर्ड मीटिंग की सूचना भिजवाई गई है, जो कि नियमों के विपरीत है। उन्होंने बाकी किसी मुद्दे पर टिप्पणी करने से मना कर दिया।

महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने इस साधारण सभा को विकास के मुद्दों पर चर्चा करने और बजट पास करने के लिए अहम बैठक बताया है। उन्होंने कहा कि पिछले 2 वर्षों से बजट सीधे राज्य सरकार से पास करवाया जा रहा था, 19 जनवरी से विधानसभा सत्र शुरू हो रहा है, ऐसे में पार्षदों के साथ वार्डों के विकास पर चर्चा करने और बजट पर उनके सुझाव जानने के लिए यह बैठक बुलाई है। डॉ. सौम्या गुर्जर का कहना है कि प्रत्येक पार्षद को फोन करके सूचना दे दी गई है, विधानसभा सत्र के बीच में अगर साधारण सभा की बैठक बुलाई जाती तो उसके लिए सांसदों व विधायकों से भी अनुमति लेने की प्रक्रिया से गुजरना पड़ता। बोर्ड मीटिंग में नगर निगम ग्रेटर जयपुर के संशोधित बजट अनुमान वर्ष 2023-24 और प्रस्तावित बजट अनुमान वर्ष 2024-25 की स्वीकृति और अनुमोदन पर चर्चा होनी है, जो ना सिर्फ जयपुर शहर बल्कि पार्षदों के लिए अहम होनी चाहिए। बैठक की सूचना सिर्फ कम समय पर देने की बात कहकर इसे राजनीति का विषय बनाना ठीक नहीं है।

# 1189 करोड़ का बजट बनाया ग्रेटर निगम ने

## गत वित्तीय वर्ष 2023-24 से करीब 20 फीसदी ज्यादा है रकम

- **सफाई, रोड लाइट और गाड़ियों पर बजट 28 फीसदी तक बढ़ाया, जबकि सड़क निर्माण, पब्लिक टॉयलेट बनवाने, नए पौधे लगाने, कच्ची बस्ती के विकास व गौशाला में गायों के चारे-पानी के बजट में इजाफा नहीं**
- **ज्ञात रहे कि पिछले 2 साल के बजट को साधारण सभा की बैठक में पेश नहीं करके आयुक्त के जरिए सीधे राज्य सरकार को भिजवाया गया था**

**जयपुर** (कासं)। नगर निगम ग्रेटर का बजट 18 जनवरी पेश किया जाएगा। इस बार (वित्त वर्ष 2024-25) कुल 1189.42 करोड़ का बजट बैठक में रखा जाएगा, जो मौजूदा साल (वित्त वर्ष 2023-24) के मुकाबले 20 फीसदी ज्यादा है। इस बार सफाई, रोड लाइट और गाड़ियों पर बजट 28 फीसदी तक बढ़ाया है। जबकि नई सड़कों के निर्माण, नए पब्लिक टॉयलेट बनवाने, नए पौधे लगाने, कच्ची बस्ती में विकास करवाने और गौशाला में गायों के चारे-पानी के बजट में कोई इजाफा नहीं किया है।

सूत्रों की मानें तो जयपुर ग्रेटर एरिया में अगले साल सफाई पर नगर निगम करीब 375 करोड़ रुपए खर्च करेगा। वहीं, शहर में नई सड़कों के निर्माण पर इस बार 40 करोड़ रुपए, जबकि लाइट और पार्क के रखरखाव 75.28 करोड़ रुपए का प्रावधान है।

महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर के कार्यकाल का ये चौथा बजट है। पिछले 2 साल के बजट को साधारणा सभा की बैठक में न पेश करके आयुक्त के जरिए सीधे सरकार को भिजवाए गए थे। इस बार विशेष बैठक बुलाकर मेयर ने बजट पास करने का निर्णय किया है।

अचानक से बैठक बुलाकर बजट पेश करना पार्षदों के लिए चौंकाने वाला निर्णय है। क्योंकि नियमानुसार 7 दिन पहले पार्षदों को पत्र लिखकर बजट बैठक बुलाने के लिए सूचना देनी पड़ती है, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ।

मेयर ने इस बार कुछ चीजों पर बजट बढ़ाया नहीं है। कुछ पर औसत से कम यानी, 10 फीसदी से भी कम बजट बढ़ाया है। हिंगोनिया गौशाला समेत अन्य जगह जहां गायों को रखा जाता है वहां मौजूदा वित्त वर्ष में गौशालाओं में गायों के चारे-पानी और दवाओं के लिए 28.01 करोड़ रुपए कर प्रावधान है, जिसे आगामी वित्त वर्ष 2024-25 में भी यथावत रखा गया है। शहर में नई सड़कें बनाने के लिए बजट में भी कोई बढ़ोतरी नहीं है। पिछले बजट में इस पर 40 करोड़ रुपए का प्रावधान था, इस बार भी इतना ही रखा है।

सड़क सीवर लाइनों के रखरखाव, कब्रिस्तान-श्मशान के विकास, पब्लिक टॉयलेट के निर्माण, फुटपाथ रिपेयर, एसटीपी प्लांट के रखरखाव समेत अन्य कई विकास कार्यों के लिए बजट भी पिछली बार की तुलना में 9 फीसदी कम कर दिया। इस बार इस मद के लिए 174.82 करोड़ रुपए का बजट रखा है, जबकि पिछले साल इसके लिए 190.49 करोड़ रुपए का प्रावधान था। शहर में सफाई करवाने पर बजट 29 फीसदी बढ़ाया है।

ये बजट पहले 264.91 करोड़ का था, जिसे आगामी साल बढ़ाकर 341 करोड़ रुपए कर दिया। डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का बजट भी 12.50 फीसदी बढ़ाकर 80 से 90 करोड़ रुपए कर दिया। फायर शाखा में भी बजट 23 फीसदी बढ़ाकर 12.71 से 15.71 करोड़ रुपए किया है। केन्द्र की अमृत योजना के तहत करवाए जाने वाले विकास कार्यों के लिए 20 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 115 करोड़ रुपए किया गया है।

# देवरंजनी म्यूजिक स्कूल में 'रामोत्सव'

**जयपुर** । देवरंजनी म्यूजिक स्कूल के संगीत साधकों की ओर से प्रस्तुत राम भजनों ने आज यहाँ जवाहर कला केन्द्र के रंगायन सभागार को राममय बना डाला। रामोत्सव में प्रभु श्री राम को समर्पित भजन, गीत और नृत्य नाटिकाओं ने श्रोताओं को पूरे कार्यक्रम के दौरान भक्ति रस में डुबोये रखा।

प्रारंभ में रामकृष्ण मिशन, जयपुर के सचिव स्वामी देव प्रभानंद, वरिष्ठ साहित्यकार और दूरदर्शन, जयपुर के पूर्व निदेशक नंद भारद्वाज, प्रसिद्ध भजन गायक पद्मश्री मुन्ना मास्टर, प्रसिद्ध तबलावादक उस्ताद निसार हुसैन और जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय के दर्शन संकाय के विभागाध्यक्ष श्री कोसेलेन्द्र दास शास्त्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर रामोत्सव का शुभारंभ किया। देवरंजनी म्यूजिक स्कूल की निदेशक डॉ. सरिता द्विवेदी ने सभी



अथितियों को सम्मानित किया। प्रभु राम की आरती से शुरू हुए कार्यक्रम में एक के बाद प्रस्तुत भजनों में भगवान राम के विराट व्यक्तित्व और आदर्शों का गुण-गान किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पद्मश्री रमजान खान उर्फ़ मुन्ना मास्टर एवं उस्ताद निसार हुसैन की भजन प्रस्तुति रही। कथक साधिकाओं की ओर से पेश राम जन्म उल्लास और सीता राम के प्रथम मिलन पर आधारित नृत्य नाटिकाओं को दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम में जनम लिए रघुरैय्या, राजा दशरथ जी के घरवा, ठुमक चलत, रामचन्द्राय जनक राजा मनोहराय, राम भजो आराम तजो, जन जन क़े प्रभु राम, रण जीती राम राउ आये, जैसे सूरज की गर्मी से जलते, मेरी चौखट पे चल के आज चार धाम आये हैं, नाम रामायण, हमारे साथ श्री रघुनाथ तो किस बात की चिन्ता जैसे भजनों की प्रस्तुति हुई।



**पी.एच.डी. चैम्बर राजस्थान चैप्टर के सह अध्यक्ष मनीष गुप्ता की अध्यक्षता में पी.एच.डी. चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्रतिनिधि मण्डल ने कृषि एवं बागवानी, ग्रामीण विकास विभाग मंत्री किरोड़ीलाल मीणा से मुलाकात कर उनका अभिनंदन किया। गुप्ता ने कैबिनेट मंत्री को पी.एच.डी. चैम्बर के कार्यकलापों के बारे में जानकारी दी । मंत्री किरोड़ीलाल से चर्चा के दौरान पी.एच.डी. चैम्बर के प्रतिनिधिमण्डल में श्रीविकास जैन और अखिलेश जैन उपस्थित रहे।**

# अजमेर रोड पर सांझरिया में बन रही सीमेंट सड़क में गड़बड़ी!

## जी शेड्यूल में आर.एम.सी., मौके पर ट्रेक्टर ट्रॉली में रोडी-कंक्रीट का मसाला बनाकर डाल रहा ठेकेदार

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा अजमेर रोड पर सांझरिया में बनाई जा रही सीमेंट सड़क में जमकर गड़बड़ी की जा रही है। मुख्य सड़क पर खामियां छोड़ी जा रही है और गलियों में लोगों के घरों के बाहर तक सड़क बनाई जा रही है।

सूत्रों की मानें तो जोन 12 में सांझरिया में सीमेंट सड़क बनाने का काम सत्यम कंस्ट्रक्शन ने ले रखा है। इस फर्म ने काम में इतनी खामियां छोड़ रखी है, जिससे सड़क छह महीने भी चल जाए तो काफी होगी। सड़क बनाने के लिए पहले जीएसबी, पीसीसी होना जरूरी है उसके बाद सीसी (सीमेंट सड़क) बनाई जानी चाहिए। ठेकेदार ने यहां पर सड़क बनाने के लिए जी शेड्यूल में रोड मिक्स कंक्रीट (आरएमसी) से काम करने की स्वीकृति ले रखी है, जबकि मौके पर मिनी प्लांट लगा कर ट्रेक्टर ट्रॉली में मसाला डालकर रोड बनाई जा रही है। सड़क में कहीं पर जीएसबी तो कहीं पीसीसी नहीं करके ठेकेदार को फायदा पहुंचाया जा रहा है। जेडीए के इंजीनियर भी मौके पर जाकर चैक कर आए और उन्होंने भी सड़क की गुणवत्ता सही होने का सर्टिफिकेट दे दिया।



- **सड़क में कहीं जी.एस.बी. नहीं तो कहीं पर पी.सी.सी. नहीं करके ठेकेदार को फायदा पहुंचाने की जुगत**
- **मजेदार बात यह है कि सड़क निर्माण पूरा होने से पहले ही इंजीनियर्स ने 70 लाख का बिल भी मंजूर कर दिया**

सूत्रों का कहना है कि जेडीए के जोन 12 के सहायक अभियंता को इस काम का बिल पास करने की इतनी जल्दी है कि उन्होंने काम भी पूरा नहीं कराया और लगभग 70 लाख रुपए का बिल भी भुगतान के लिए मंजूर कर दिया। मौके पर कई जगह पर सीसी की मोटाई भी कम है। इससे सड़क छह महीने भी चलना मुश्किल है।

सूत्रों का कहना है कि जेडीए के अधिकारियों ने ठेकेदार को फायदा पहुंचाने के लिए सीमेंट सड़क, मुख्य सड़क को छोड़कर गलियों तक में लोगों के घरों तक बना दी गई। इसके लिए हालांकि बजट में ही स्वीकृति ले ली गई थी जबकि जोन के इंजीनियर्स यह बहाना लगा रहे है कि लोग उन्हें घरों तक काम कराने का दबाव बना रहे है जबकि असली फायदा ठेकेदार को हो रहा है। उसका बजट बढ़कर दोगुना हो गया है।

इससे पहले कुंडा में जयपुर हैरिटेज स्कूल में भी खामियां मिलने पर स्थानीय पार्षद और उनके प्रतिनिधियों ने मौके पर घटिया निर्माण कार्य होने पर विरोध किया था, इसके बाद अधिशाषी अभियंता को मौके पर जाकर मामला शांत कराना पड़ा था।

## सार-समाचार

### 300 बच्चों को जूते और हूडीज बांटे



**जयपुर**, (का.सं.)। प्रिज़न एड एंड एक्शन रिसर्च (पार) द्वारा बुधवार को सांगानेर खुली जेल में बच्चों के लिए डोनेशन ड्राइव का आयोजन किया गया। कोलकाता स्थित संगठन पार की यह पहल जेल में अपने परिवारों के साथ रहने वाले बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य की देखभाल करने पर केंद्रित है। अभियान के तहत, 2 से 13 वर्ष की आयु के 300 से अधिक बच्चों को 300 हूडीज, 600 स्कूल के जूते और स्नीकर्स वितरित किए गए। ये बच्चे खुली जेल के अंदर स्थित प्राथमिक विद्यालय या आंगनवाड़ी में पढ़ते हैं। पार की संस्थापक, स्मिता चक्रवर्ती ने कहा कि, पार पूरे देश में खुली जेल के सांगानेर मॉडल के विस्तार का समर्थन करता है। स्मिता ने कहा, हमारा संगठन भले ही कोलकाता में स्थित है, लेकिन हमारी टीम हर वर्ष इस समय में सांगानेर जेल का वार्षिक दौरा करती है और बच्चों को आवश्यक चीजें प्रदान करती है। हम यहां स्थित स्कूल और आंगनवाड़ी का विशेष रूप से सहयोग करते हैं। सांगानेर खुली जेल भारत की सबसे बड़ी खुली जेल है और इसमें 450 कैदी अपने परिवार के साथ रहते हैं। जेल में उन बच्चों के लिए आंगनवाड़ी और एक प्राथमिक विद्यालय भी हैं, जो वहां अपने माता-पिता के साथ रहते हैं।

### जयपुर में बनाये जा रहे हैं लाखों दीपक

**जयपुर** । बुधवार को रामलला के मंदिर में विराजमान होने के उपलक्ष्य में जहाँ एक ओर पूरे राष्ट्र में उमंग की लहर है, वहीँ दूसरी ओर छोटी काशी जयपुर शहर में हिंगोनिया गौ पुनर्वास केंद्र के सहयोग से नगर निगम ग्रेटर के साथ गौ माता के गोबर से निर्मित लाखों दीपकों का निर्माण हो रहा है। 22 जनवरी को जयपुर शहर में नगर निगम के सहयोग से विभिन्न स्थानों पर इन दीपकों का वितरण किया जाएगा। गौ पुनर्वास केंद्र के कार्यक्रम प्रबंधक रघुपति दास ने कहा कि गौशाला में कार्यरत सभी गौ पालकों द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ राम लला के एक बार पुनः अयोध्या लौटने के अवसर पर राम भक्ति में लीन होकर इन दीपकों का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इससे राम लला के मंदिर में प्रतिष्ठित होने के इस पावन अवसर को सभी जयपुरवासी दीपावली की रूप में मना सकें।

### जयपुर में आज जुटेंगे इस्लामी विद्वान

**जयपुर** । सुन्नी दावते इस्लामी जयपुर का एक दिवसीय इज्तिमा (इस्लामी समागम) राजधानी में गुरुवार को दो अलग-अलग समय पर आयोजित किया जाएगा। जिसमें देशभर से इस्लामी विद्वान आएंगे तथा अपने विषय पर तकरीरें (व्यायान) करेंगे। यह इज्तिमा महिलाओं व पुरुषों के लिए अलग-अलग रखा गया है। इस मौके पर समाज में फैलती गलत रस्मों-रिवाज व आडम्बरों पर इस्लामी विद्वान अपनी बात रखेंगे। वहीं लोगों को एकेश्वरवाद के साथ-साथ सूफिज्म की शिक्षा से अवगत कराएंगे।

### अवैध शराब बेचते दो युवक गिरफ्तार

**जयपुर** । जवाहर नगर थाना इलाके में घूम-घूम कर अलग-अलग जगहों पर शराब बेच रहे दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके पास से करीब सौ से अधिक पव्वे जब्त किए गए है। पुलिस के अनुसार गोल मार्केट सर्किल जवाहर नगर में 30 वर्षीय देवकिशन एक कट्टे में शराब लेकर बेचने की फिराक में घूम रहा था। गश्त के दौरान जवाहर नगर थाने में तैनात एसआई रामकेश ने उसे पकड़ लिया। उसके पास से 46 पव्वे देशी शराब के जब्त किए गए। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर शराब सप्लायर का पता लगाने का प्रयास कर रही है। वहीं गणेश विहार विस्तार द्रव्यवती नदी के किनारे एक युवक कट्टा लेकर घूमता नजर आया। गश्त के दौरान श्याम नगर थाने में तैनात हैडकांस्टेबल रामनरेश ने उसे रोका तो वह भागने लगा। इस पर उसका पीछा कर पकड़ लिया। कट्टे को खोलकर देखा तो उसमें देशी शराब के 62 पव्वे मिले। आरोपी 24 वर्षीय अजय गणेश विहार विस्तार का रहने वाला है।

# 'साइबर सुरक्षा की दृष्टि से सकारात्मक कदम उठाएंगे'

## जयपुर में राजस्थान पुलिस साइबर क्राइम अवेयरनेस मिशन के तहत हेकाथॉन 1.0 का आयोजन

**जयपुर** । गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा है कि राज्य सरकार की ओर से प्रदेश में साइबर सुरक्षा की दृष्टि से सकारात्मक कदम उठाये जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश को अपराध मुक्त बनाने के साथ ही एक सुनहरे राजस्थान का निर्माण किया जायेगा।

बेढ़म ने बुधवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में राजस्थान पुलिस साइबर क्राइम अवेयरनेस मिशन के तहत आयोजित राजस्थान पुलिस हेकाथॉन 1.0 के उदघाटन सत्र को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मेवात क्षेत्र में बढ़े अपराधों पर रोक लगाने के लिये सार्थक प्रयासों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध पर लगाम कसने में हेकाथॉन मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि मैं जिस जिले से आता हू, वह अपराध में टॉप है। यहां पांचवीं फेल व्यक्ति पढ़े लिखे लोगों को चीट कर रहा है। उन्होंने सभी जिलों में साइबर विशेषज्ञ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारियों के नेतृत्व में टीम गठित करने का सुझाव दिया।

भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के सीईओ राजेश कुमार ने बताया कि यह संस्थान देश में साइबर अपराध से समन्वित और व्यापक तरीके से निपटने के लिए भारत सरकार के गृह मंत्रालय की एक पहल है। राजेश कुमार ने कहा कि साइबर अपराध से निपटने के लिए





**गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म बुधवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में राजस्थान पुलिस साइबर क्राइम अवेयरनेस मिशन के तहत आयोजित राजस्थान पुलिस हेकाथॉन 1.0 के उद्घाटन सत्र में शरीक हुए।**

सभी स्तरों पर समन्वय की आवश्यकता होती है। उन्होंने बताया कि भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र देश में साइबर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए एक नोडल बिंदु के रूप में कार्य कर रहा है। साइबर अपराध से संबंधित शिकायतों को आसानी से दर्ज करने और साइबर अपराध के रुझान और पैटर्न की पहचान करने की सुविधा प्रदान करना भी इस संस्था का उद्देश्य है।

एसीएस गृह आनन्द कुमार ने कहा कि साइबर अपराध निरन्तर बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि बढ़ते साइबर अपराध को रोकना एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि इन्हें नियंत्रित करने के लिए निरंतर नई तकनीक का उपयोग करना आवश्यक है। पुलिस महानिदेशक यू आर साहू ने कहा कि राजस्थान पुलिस हेकाथॉन का शुभारंभ कर साइबर सुरक्षा की दृष्टि से अभिनव शुरुआत की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस 2 दिवसीय हैकाथॉन 1.0 में विभिन्न शैक्षिणक संस्थानों, उद्योगों,

- **'मेवात क्षेत्र में बढ़े अपराधों पर रोक लगाने के लिये सार्थक प्रयासों की आवश्यकता'**

रिसर्च लैबों और स्टार्टअप्स के 1665 प्रतिभागियों द्वारा पंजीयन करवाया गया है। इनमें लगभग 300 टीमें भाग लेगी। यह टीमें 12 साइबर सुरक्षा से संबंधित समस्याओं का समाधान निकालने के लिए 36 घंटे तक निरंतर काम करेंगी। हैकाथॉन के विजेताओं को विभिन्न श्रेणियां में कुल 20 लाख रु के नगद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान करने के साथ ही इच्छुक टीमों को राजस्थान पुलिस के इंटर्नशिप प्रोग्राम में शामिल किया जाएगा।

डीजीपी साइबर सुरक्षा डॉ. रविप्रकाश मेहरड़ा ने हेकाथॉन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध पुलिस के समक्ष निरन्तर चुनौती प्रस्तुत कर रहे हैं। पुलिस साइबर अपराध की रोकथाम के लिए तत्परता से कार्य कर रही हैं। इस अवसर पर डीजीपी कानून व्यवस्था राजीव शर्मा, डीजीपी राजेश निर्वाण, डीजीपी एसीबी हेमन्त प्रियदर्शी, एडीजी मुख्यालय संजय अग्रवाल, सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, प्रायोजक, विशेषज्ञ और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### पुलिस अपना तंत्र व प्रशिक्षण से टेक्नोलॉजी अपग्रेड करेगी : मेहरड़ा

**जयपुर** । पुलिस महानिदेशक साइबर क्राइम, एससीआरबी, तकनीकी सेवाएं डॉ. रविप्रकाश मेहरड़ा ने कहा कि साइबर क्रिमिनल समय के साथ अपग्रेड होते जा रहे हैं, पुलिस भी अपना तंत्र और ट्रेनिंग मजबूत कर टेक्नोलॉजी को अपग्रेड करेगी। डीजी डॉ. मेहरड़ा ने कहा कि राजस्थान में हैकाथॉन आयोजित के मुख्यतः दो मकसद थे। पहला साइबर क्राइम में अवेयरनेस और दूसरा पुलिस की समस्याओं का टेक्नोलॉजिकल सॉल्यूशन। इसके लिए साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों और युवाओं को एक मंच प्रदान किया गया। मेहरड़ा ने बताया कि साइबर क्राइम से बचाव के लिए जागरूकता बहुत जरूरी है। आज लगभग हर व्यक्ति मोबाइल, लैपटॉप के मार्फत साइबर स्पेस से जुड़ा है। डिजिटल पेमेंट्स की संख्या भी लगातार बढ़ रही है, इससे भी साइबर अपराधियों को मौका मिल गया। आमजन ही नही, पढ़े लिखे लोगों को भी साइबर क्रिमिनल बातों में फंसा फाइनेंशियल फ्रॉड के शिकार बना लेते हैं। जनता को जागरूक व सावचेत करना हैथाथॉन का पहला मकसद है।



## Get A Balanced Life Month

*Get A Balanced Life Month* is for those hoping for a new start to get their lives into some sort of order and balance, to relieve the stresses of everyday life. To those who are unfamiliar with the concept, balancing work and life involves adjusting priorities and balancing personal and professional commitments. By better balancing your time, you can ensure an equal distribution of your mental capacity between the two areas. While time and energy aren't always split evenly, finding a balance that works best for you, is the key.



#CONSERVATION

# Social Media Helping To Protect Biodiversity

"We hope our research can inspire development of technology such as an app that transfers biodiversity data posted on Facebook directly to the global biodiversity databases."





Nature photographers, posting to social media, are helping improve biodiversity conservation mapping in South Asia, and the method could go global.

Dr. Shawan Chowdhury, from UQ's School of the Environment, led an international team which scoured images on 'Facebook nature photography groups' in Bangladesh, to add to the existing *Global Biodiversity Information Facility* database.

"We found 44,000 photos of almost 1,000 animal species, including many birds and insects, 288 of which are considered threatened in Bangladesh," Dr. Chowdhury said.

"This has vastly improved 'habitat mapping' across the country where only 4.6 per cent of land is designated as *protected*."

"We identified many more high-priority areas for conservation, spanning 4,000 square kilometres for birds, and 10,000 square kilometres for butterflies."

"We'd been missing out on the distribution data of hundreds of endangered species in Bangladesh, so, this is a big result."

"This could change the way scientists gather biodiversity information in the future, especially, in regions where there is a lack of reliable and up-to-date, structured monitoring to inform conservation efforts."

In Australia, social media posts are being used to track pest species.

"A South Asian butterfly, called the *tawny coster*, entered Australia in 2012," says Dr. Chowdhury. "We've searched for additional locali-




ty records from Facebook to analyse the movement, ecology and colonisation status of this species and shown that it expanded at about 135 kilometres per year in Australia between 2012 and 2020."

Co-author Professor Richard Fuller from UQ said that while Facebook had been helpful, there are some big opportunities for social media companies.

"There is currently no automated way to collect this information, and it was a very arduous task for us to do it manually." Professor Fuller said.

"We hope our research can inspire development of technology such as an app that transfers biodiversity data, posted on Facebook, directly to the global biodiversity databases."

"This way, conservation scientists can easily access that data and use it."

The research is published in BioScience, One Earth, and Conservation Biology.

Dr. Chowdhury is also a researcher at the German Centre for Integrative Biodiversity Research (iDiv) Halle-Jena-Leipzig, the Helmholtz Centre for Environmental Research and the Friedrich Schiller University Jena.





Biljana Plavsic.

While 'gender stereotyping' often creates problems for women, sometimes, it works to their advantage. For ages, women have been regarded as incapable of many things including violence and atrocities, just because of their gender.



Pauline Nyiramasuhuko, her son, Arsène Shalom Ntahobali, and her daughter-in-law, Béatrice Munyenyezi.



Simone Gbagbo.

# Women are let off for being women

#FAIRER SEX



Dilshad Parwani
*Relationship Expert*

In a world where men, mostly, rule the roost, women are often seen as meek, docile creatures who are incapable of most things, including inflicting violence or cruelty. However, this is one gender stereotype that has worked in their favour for ages. With time, people realized that women could be as cruel and violent, sometimes even more, than their male counterparts.

Born in 1593, Italian painter, *Artemisia Gentileschi*, was the first woman to establish herself as a successful artist in a profession long dominated by men.

One of the most striking aspects of her work is the way she paints women. Her male contemporaries tended to portray women as passive victims or tentative actors. Artemisia's women, on the other hand, defend themselves, scheme and relish in perpetrating violence.

When Italian painter, *Caravaggio*, painted the biblical scene of 'Judith Beheading Holofernes,' he depicted Judith as uneasy, even squeamish, as she decapitates him.

But in *Artemisia's* rendering of "Judith Beheading Holofernes," *Artemisia* paints 'a determined Judith slaughtering the Assyrian general.' 'The brutal and bloody act' takes place with the assistance of Judith's female accomplice, who pins Holofernes down.

In the book, "*Women as War Criminals: Gender, Agency, and Justice*," the author chose 'Artemisia's depiction of Judith' for the cover because the painting shows that women, just like men, are capable of perpetrating violence and inciting genocidal acts.

Yet four centuries after Artemisia painted Judith, gender stereotypes and outdated assumptions about women, as peaceful and innocent, prevent 'women' from being seen as 'blameworthy.'

This matters, because if women are treated as less capable in one regard, even, one that involves horrible atrocities, it can extend to other realms, too.

In many courts, women criminals go free. International courts, military trials and domestic criminal justice systems often ignore or downplay 'women's acts of violence.'

Take the Nuremberg trials, the series of international military tribunals that prosecuted Nazi war criminals. Many *Nazi women* escaped trial and punishment for their roles in the Holocaust because prosecutors focused on high-level Nazi leaders, exempting those in roles, commonly held by women, such as secretaries and clerks.

Decades later, the United Nations international tribunals that investigated atrocities, committed in Rwanda and Yugoslavia



Caravaggio's 'Judith Beheading Holofernes.' Photo credit: Galleria Nazionale d'Arte Antica.

in the 1990s, brought in each instance only one woman to justice.

Women were overlooked by international tribunals despite their involvement in perpetrating violence because they were rarely in positions to command others. Nonetheless, *Rwandan women* participated in murders of adults and children, revealed hiding spots to killing squads, and refused to feed refugees. Some of the thousands of women, who served in military units, across the former Yugoslavia, participated in ethnic cleansing by committing extrajudicial killings and acts of torture.

The same double standard prevails in the 21st century. The only woman indicted, in the 20-year history of the International Criminal Court, is *Simone Gbagbo*, the former first lady of Cote d'Ivoire.

Gbagbo was indicted in 2012 on four counts of crimes against humanity, sexual violence and persecution, for her role in the violence that followed her husband's loss in the 2011 elections. In 2015, she was convicted of undermining the security of the state and was sentenced to 20 years in prison by an Ivorian court. She was later acquitted of crimes against humanity and in 2018, received a presidential pardon. She was, ultimately, never brought before the International Criminal Court.

When women are taken to court, some will use gender, strategically, in an effort to secure favourable treatment. They have well-developed strategies to avoid the blame.

Some, for example, claim that men made them do it. Despite her political rank, *Biljana Plavšic*, former co-president of Republika Srpska in Bosnia, argued, during her trial, that she was manipulated by men in similar leadership positions. The International Criminal Tribunal for Rwanda (1994 to 2015) also had a single female defendant, *Pauline Nyiramasuhuko*, Rwanda's former minister of Family and Women's development. During the Rwandan genocide, Nyiramasuhuko played a central role in the regime's extermination plan by directing the Interahamwe militia in Butare province and managing a roadblock with the assistance of her son, Arsène Shalom Ntahobali. Using a loud speaker to incite killings of Tutsi men and the rape and murder of Tutsi women, Nyiramasuhuko travelled throughout Butare to ensure that local government offices were abiding with the government's genocidal plan. After her arrest in Kenya, she was prosecuted in a group trial with five male co-defendants.

Like Plavšic, Nyiramasuhuko's legal team portrayed her as a pious woman, a caring mother, and a defender of Rwanda's women and families. However, the court did not accept her lawyers' attempt to distance Nyiramasuhuko from the other government officials who were held responsible for the genocide. As a result, Nyiramasuhuko is thus far *the only woman* 'convicted by an international tribunal for genocide and for rape, as a crime against humanity'. She received a life sentence, which was later reduced to 47 years, and is currently in prison in Senegal.

Lesser-known women have used similar arguments.

*Samantha Elhassani*, an American, sentenced to six-and-a-half years in prison, for aiding and abetting the Islamic State, had her sentence reduced by arguing that her husband, who was killed fighting for the group, had misled and abused her.

Similarly, the defence team for *Lynndie England*, who was court-martialled and sentenced to three years in prison by the US Army, after she posed in the infamous photos of abuse at Abu Ghraib prison in Iraq, argued that she was just following the lead of her manipulative boyfriend.

Studies have also shown that when women choose to plead guilty or show remorse, they are more likely to see reduced charges and sentences, especially if their behaviour contrasts with defiant male defendants.

For example, after Plavšic pleaded 'guilty to one count of persecution on political, racial and religious grounds,' the prosecution dropped the remaining eight charges, which included genocide. In contrast, Radovan Karad ic, who served as co-president alongside Plavšic, pleaded 'not guilty to all charges' against him. He received a 40-year sentence that was increased to 'life in prison,' on appeal.

Advocates of criminal justice reform argue that societies around the world and the United States, in particular, would benefit from lighter sentences and less punitive criminal justice systems.

Justice, then, would not imply harsher sentences for women, but rather, fewer disparities in the treatment of men and women.

The fact that women can occupy 'dual role of oppressor and oppressed' is a reality that is still not fully understood. Yet, 400 years ago, Artemisia skilfully portrayed women as 'victims and as victimizers.' Adamant about her own capabilities, she once told one of her patrons, "I will show you what a woman can do."

Centuries later, her words are just as resonant. Though Artemisia was popular in her era, art historians tended to overlook her contributions to the canon. No longer. This winter, the National Gallery in London finally devoted a full-scale exhibition to this 'Baroque master.'

Her works reflect that women's agency is a double-edged sword. Women are capable of not just 'achievement' but also of 'depravity.'

rajeshsharma1049@gmail.com



Artemisia Gentileschi.



Women doing *Nazi Salute*.

#COMMUNITY

# JAIPUR READS

Beyond the bustling events of Jaipur, discover the silent revolution of *Jaipur Reads*. The rustle of pages and the shared silence create a unique sense of community under the sunlit canopy of Central Park.






Tusharika Singh
*Freelancer writer and city blogger*

In the vibrant cultural landscape of Jaipur, where literature events and festivals abound, there is a distinctive community that deviates from the typical book club norm, offering an unconventional haven for book lovers, 'Jaipur Reads.'

This literary initiative, born last year in July, has blossomed into a gathering that marries the tranquility of libraries with the warmth of home. Founded by by Nishkant and Karan Beniwal in Jaipur, the community started with a modest four participants but has since grown steadily, with an average attendance of 15-20 members, every Sunday morning.

What sets 'Jaipur Reads' apart is its departure from the expected book club dynamics. In a city teeming with cultural events like art, theater, and the famed Jaipur Literature Festival, this community embraces a serene reading experience. Unlike the traditional book club setting, where members discuss a predetermined book, Jaipur Reads fosters a sense of community without the need for active conversations during reading sessions.

The roots of this community can be traced back to 'Cubbon Reads' in Bangalore, where Shruti Sah and Harsh Snehanshu began a silent reading ritual every Saturday in Cubbon Park, in December 2022.





Their initiative, posted on social media, sparked a movement that has now reached over 70 cities worldwide. In July 2023, Nishkant and Karan, inspired by 'Cubbon Reads,' brought this reading revolution to Jaipur.

The membership of 'Jaipur Reads' spans a diverse spectrum, currently ranging from 18 years to 45 years, encompassing voracious readers, writers, and newcomers alike. Inclusive and beginner-friendly, the community offers a platform for those who seek solace in the written word, like Karan, who, due to his shy nature, had been hesitant to join other book clubs in the past. "There are no forced conversations or awkward small talks during these sessions. Participants are free to come and go, as they please, with no subscription charges. Held in a park, the sessions are accessible to everyone, providing a much-needed respite from hectic schedules amid nature and sunlight," tells Karan.


Beyond the pages of books, Jaipur Reads has become a catalyst for forming connections. The community has birthed another group, 'Jaipur Paints,' and members often extend their camaraderie by going for coffee or tea after the reading session. Even as the co-founder, Nishkant, moved away from Jaipur for his educational pursuits, Karan continues to nurture and expand the community, ensuring its longevity. "The group members are also well versed with the activities that are currently being carried out by me such as keeping the instagram page active or making other members feel comfortable when they come. So, even if I am not there for a few weeks or if I decide to move out of Jaipur, anyone else from the group can easily take up my role," elaborates Karan.

For Anshi, who has been a part of 'Jaipur Reads,' since its inception, the experience can be encapsulated in one word, 'joy.' "The joy of reading under the open sky, the joy of companionship, and the joy of forming lasting connections. This community has not only rekindled my love for reading but has also brought beautiful connections into my life," says Anshi.

As 'Jaipur Reads' looks to the future, the vision is clear, to become the go-to community for anyone looking to embark on a reading journey. It is not just about the books, it is about finding joy, companionship, and a sense of belonging in the quiet communion of fellow book lovers, under the Jaipur sky.




## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# दीपक बुनकर ब्लाइंड मर्डर का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

## एक महिला के फोटो-वीडियो को लेकर मृतक व आरोपी के बीच चल रहा था विवाद



युवक की हत्या के मामले में शाहपुरा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया।

■ गुस्से में आकर आरोपी ने की थी गला घोंटकर युवक की हत्या

**पावटा,** (निसं)। विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के बाड़ीजोड़ी गांव स्थित सरकारी स्कूल परिसर में बाड़ीजोड़ी निवासी दीपक बुनकर ब्लाइंड मर्डर के मामले में शाहपुरा थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने महज 24 घंटे में मामले का खुलासा करते हुए हत्या के आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी रामजीलाल सैनी बाडीजोडी गांव का ही रहने वाला है।

जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक शांतनु कुमार के निर्देशन व कुशल नेतृत्व व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण हरिप्रसाद एवं शाहपुरा वृत्ताधिकारी उमेश कुमार के सुपरविजन एवं शाहपुरा थाना प्रभारी रामलाल ने शाहपुरा थाना मय टीम ने ब्लाइंड मर्डर का खुलासा किया। पुलिस ने बताया कि 15 जनवरी को बाड़ीजोड़ी स्थित सरकारी स्कूल के परिसर में स्थानीय निवासी दीपक कुमार का शव पड़ा मिला था। शव मिलने की सूचना पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे थे और मौका मुआयना किया था। इस दौरान परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने तकनीकी संसाधनों की सहायता से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और पूछताछ शुरू की। पूछताछ में आरोपी ने हत्या की वारदात करना कबूल कर लिया है।

आरोपी के परिवार की एक लड़की से मृतक का प्रेम प्रसंग था। मृतक ने रामजीलाल को उसके परिवार की लड़की के साथ प्रेम प्रसंग के फोटो व वीडियो दिखाए। इससे रामजीलाल को परिवार की इज्जत खराब होने का अंदेशा हुआ। उसने दीपक से फोटो वीडियो डिलीट करने को कहा लेकिन दीपक ने मना कर दिया। इससे नाराज होकर रामजीलाल ने सरकारी स्कूल में ले जाकर उसका गला घोंटकर हत्या कर दी। वहीं आरोपी पुलिस को गुमराह करने के गांव के लोगों के साथ धरना स्थल पर जाकर बैठ गया। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

# शव सड़क पर रखकर प्रदर्शन करने पर मुकदमा दर्ज

■ शाहपुरा थाना पुलिस ने 150-200 प्रदर्शनकारियों के विरुद्ध राजस्थान मृत शरीर का समान अधिनियम 2023 के तहत मुकदमा दर्ज किया

**पावटा,** (निसं)। जयपुर ग्रामीण के शाहपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम बाड़ीजोड़ी में युवक की हत्या के बाद न्याय व हर्जाने के लिए शव को सड़क पर रख कर धरना प्रदर्शन करने के मामले में शाहपुरा थाना पुलिस ने 150-200 प्रदर्शनकारियों के विरुद्ध राजस्थान मृत शरीर का समान अधिनियम 2023 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के बाड़ीजोड़ी गांव स्थित सरकारी स्कूल परिसर में बाड़ीजोड़ी निवासी दीपक बुनकर के रूप में हुई है। शव मिलने की सूचना पर शाहपुरा थानाधिकारी मय जाप्ता घटना स्थल पर पर पहुँचे तो वहां 40-50 लोगों का समूह जमा था। जिन्होंने मृतक के शव को चारों तरफ से घेर रखा था। शाहपुरा थानाधिकारी मय जाप्ता ने शव का पोस्टमार्टम व विधिक कार्यवाही शुरू करने के लिए मृत शरीर का निरीक्षण कर उसे अस्पताल ले जाना चाहा तो 5-10लोगों ने इसका विरोध करते हुए मृतक के शरीर को जबरन वहां से उठाकर बाड़ीजोड़ी बस स्टैंड तिराहे पर सड़क के बीच ले गए व शव को सड़क के बीच रखकर उसके चारो तरफ बैठ गए व सड़क पर पत्थर डालकर जाम कर दिया। जिस पर शाहपुरा थानाधिकारी द्वारा उच्च अधिकारियों को सूचित किया गया। जिस पर शाहपुरा वृत्ताधिकारी उमेश निठारवाल मौके पर पहुँचे व समझाईश के हर संभव प्रयास किये गए। लेकिन वहां एकत्रित लोगों ने शोर शराबा करते हुए मृतक के परिवार को 50 लाख मुवावजे की मांग की व मांग पूरी होने पर ही मृतक के शव को उठाने की बात कहीं। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय जयपुर ग्रामीण, एसडीएम शाहपुरा, तहसीलदार शाहपुरा मौके पर आये व समझाईश के हर संभव प्रयास किये।

लेकिन हंसराज गुर्जर पुत्र दुलीचंद, रवि पुत्र पूरणचंद, मुकेश पुत्र प्रह्लाद, नरसी यादव, सचिन वर्मा सहित अन्य व्यक्तियों द्वारा शव रख प्रदर्शन जारी रखा। मौके पर पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर भी पहुंचे जिन्होंने समझाईश के हर संभव प्रयास किये। लेकिन भीड़ में मौजूद कुछ लोगों द्वारा विरोध जारी रख प्रदर्शन करते करते रहे। उच्च अधिकारियों व थानाधिकारी द्वारा लोगों को समझाया गया कि मृत शरीर का कानूनन व विधिनुसार अंतिम संस्कार करवाया जाना आवश्यक है। इस प्रक्रिया को रोकना कानूनन अपराध है। लेकिन मृतक के परिजनों की सहमति के बाद भी ये लोग नही माने। वहीं वर्तमान विधायक कुलदीप धनकड़ भी मौके पर पहुँचे व समझाईश का प्रयास किया। लेकिन हंसराज गुर्जर पुत्र दुलीचंद, रवि पुत्र पूरणचंद, मुकेश पुत्र प्रह्लाद, नरसी यादव, सचिन वर्मा सहित अन्य 150-200 व्यक्तियों ने आक्रोशित होकर पूरे दिन शव को सड़क के बीच रख प्रदर्शन जारी रखा। काफी समझाईश के बाद परिजनों व उपस्थित मौजीज लोगों व विधायकों के सहयोग से शव के पोस्टमार्टम करने पर सहमति बनी। इस मामले मे आपराधिक प्रकरण मृतक दीपक कुमार के शव को सड़क पर रख प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

# लूणी के पूर्व विधायक विश्नोई का सोशल मीडिया अकाउंट हैक

■ हैकर ने फेसबुक अकाउंट पर किया अश्लील वीडियो अपलोड

■ फॉलोअर्स ने कंटेंट को देखने के बाद पूर्व विधायक महेंद्रसिंह विश्नोई को सूचना दी

**जोधपुर,** (कासं)। कांग्रेस नेता व लूणी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक महेंद्रसिंह विश्नोई के फेसबुक अकाउंट को हैक कर लिया गया है। हैकर ने उनके अकाउंट पर अश्लील वीडियो कंटेंट अपलोड कर दिया। उनके फॉलोअर्स ने कंटेंट को देखने के बाद बुधवार सुबह विश्नोई को सूचना दी। जिसके बाद उनके अकाउंट को रिकवर किया गया और आपत्तिजनक कंटेंट को हटाया गया।

जानकारी अनुसार लूणी के पूर्व विधायक महेंद्रसिंह का फेसबुक पर पेज बना हुआ है। इस पेज पर विश्नोई के करीब 47 फॉलोअर्स है। मंगलवार की रात को करीब दो बजे इस पेज को किसी अज्ञात द्वारा हैक कर दिया गया। इस पेज पर हैकर ने एक महिला का अश्लील वीडियो कंटेंट अपलोड कर दिया। वीडियो के बारे में विश्नोई की टीम को पता चलने के बाद वीडियो को हटा दिया गया और अकाउंट को तुरंत रिकवर किया गया।

इस मामले में विश्नोई ने पुलिस को शिकायत भी दर्ज करवाई है। पुलिस की आईटी टीम इस मामले में हैकर की जांच कर रही है। इस संबंध में पूर्व विधायक महेंद्र सिंह ने बताया कि उनके कार्यकर्ताओं से पेज हैक होने की जानकारी मिली थी।

इस पेज को टीम की ओर से ऑपरेट किया जाता है। टीम के अनुसार पेज को रात को करीब दो बजे के करीब हैक किया गया था। उन्होंने बताया कि इस संबंध में बोरानाडा पुलिस थाने में शिकायत भी दर्ज करवाई गई है। पुलिस की साइबर एक्सपर्ट टीम इस संबंध में जांच कर रही है।

# नीलगाय का शिकार करने वाला शिकारी गिरफ्तार, दो बंदूकें जब्त



वन विभाग की टीम ने नील गाय का शिकार करने वाले शिकारी को गिरफ्तार किया।

■ आरोपी से वारदात में शामिल अन्य आरोपियों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है

**खेतड़ी,** (निसं)। खेतड़ी उपखंड के नंगली सलेदी सिंह ग्राम पंचायत क्षेत्र में वन विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए नील गाय का शिकार करने वाले शिकारी को गिरफ्तार किया है। इस दौरान वन विभाग की टीम ने आरोपी के कब्जे से दो बंदूके भी जब्त की है।

रेंजर विजय कुमार फगेड़िया ने बताया कि ग्रामीणों ने सूचना दी की नंगली सलेदी सिंह ग्राम पंचायत की खोल की ढाणी के पास एक युवक नील गाय का शिकार करने के प्रयास में घूम रहा है। जिसकी सूचना पर एक विशेष टीम का गठन किया गया और मौके पर दबिश दी गई। वन विभाग की टीम को देख कर बंदूक लेकर घूम रहे युवक ने भागने का प्रयास किया। जिस पर पुलिस ने उनका पीछा कर कृष्ण नगर तन बडाऊ के रहने वाले सुरेश पुत्र पन्ना राम बावरिया को पकड़ लिया। इस दौरान विभाग की टीम ने हिरासत में लिए युवक से वन क्षेत्र से नीलगाय का शिकार करने के बारे में पूछताछ की गई तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। जिस पर विभाग की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

इस दौरान उसके कब्जे से दो बंदूक के भी बरामद की गई हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में भी कई बार बावरिया गैंग के युवकों द्वारा जंगली जानवरों के शिकार करने की बात सामने आई थी, जिन पर इनको समझाया भी गया था, लेकिन यह जंगली जानवरों का शिकार करने से बाज नहीं आ रहे। ऐसे में जंगली जानवरों का शिकार करने वाले आरोपियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाए। रेंजर फगेड़िया ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है तथा वारदात में शामिल अन्य आरोपियों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। आरोपी के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। इस दौरान टीम में रेंजर विजय कुमार फगेड़िया, वनपाल शाहरुख खान, सहायक वनपाल सत्यवान पूनिया, अरूण कुमार सैनी, ओमप्रकाश गुर्जर, जितेंद्र चौधरी, रतन सिंह पुहानियां, महिपाल सिंह रिणवा आदि मौजूद थे।

# पांच सितारा होटल जैसी सुविधाएं देने के नाम पर ठगी का आरोप

**जोधपुर,** (कासं)। देश-विदेश में पांच सितारा सुविधाएं देने के नाम पर लोगों से लाखों की ठगी का प्रकरण होली डे होटल विस्तारा एण्ड रिसोर्ट इन सुरारा प्राईवेट लिमिटेड के खिलाफ दर्ज हुआ है। जोधपुर के डॉक्टर, अधिवक्ता सहित कई लोग झांसे में आकर लाखों को पैकेज लेकर धोखाधड़ी का शिकार बने है। अब एक अधिवक्ता की तरफ से आधा दर्जन से ज्यादा लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण संयुक्त रूप से एयरपोर्ट थाने में दर्ज कराया गया है। पुलिस ने इसमें जांच आरंभ की है।

शिकारगढ़ एकलव्य के रहने वाले अधिवक्ता कुशवीर सिंह राठौड़ की तरफ से एक संयुक्त रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि 28 अप्रेल 23 को होली डे होटल विस्तारा एण्ड रिसोर्ट इन सुरारा प्राइवेट लिमिटेड की तरफ से लोगों को जोधपुर, भारत और विदेश में अच्छे ट्यूरिंग के पैकेज के लिए एक सेमिनार रेडिसन ब्लू में रखा गया था। इस सेमिनार में कंपनी के डायरेक्टर हेमंत आन्नद, विकास, पूजा, ग्रोवित आन्नद आदि ने बताया था कि कंपनी की तरफ से पांच सितारा, चार सितारा होटल में ठहरने खाने पीने की सुविधाएं प्रदान की जाएगी। कपंनी सस्ते पैकेज पर आप लोगों को लेकर जाएगी। इसके लिए कंपनी में जोधपुर के अधिवक्ता कुशवीर सिंह के साथ ही डॉक्टर इंद्रा, रवि कृष्णा, मोहन वैष्णव, गुलचंद मीणा, मुगल निनानी सहित कई लोगों ने अपने क्रेडिट-डेबिट और अन्य तरीकों से रूपयों को जमा करवाया था। मगर जब ट्यूरिंग करने की बात आई तो कंपनी या होटल मैनेजमेंट से जुड़े लोगों द्वारा टालमटोल जवाब दिया गया। पांच सितारा और चार सितारा का बोलकर सस्ते होटलों में व्यवस्था करवाई गई।

एक पीड़ित रविकृष्णा ने बताया कि उन्होंने अपने भतीजे के लिए कंपनी से बात की तो वहां पर टालमटोल जवाब के साथ उसके भतीजे को सस्ते होटल में रूकवाने कहा जिस पर वह वहां नहीं गया। इस तरह होली डे होटल विस्तारा द्वारा कई लोगों से 10-15 लाख की ठगी की गई है। अधिवक्ता कुशवीर सिंह से 80 हजार रूपए ऐंठे गए और रविकृष्णा से 48 हजार रूपए ऐंठ लिए गए। रविकृष्णा खुद बेरोजगारी का दंश भी झेल रहे हैं। आरोपी लोगों को फांस कर बड़े बड़े होटलों में सेमिनार करते है और फिर लोगों से के्रडिट एवं डेबिट कार्ड से रूपए लेकर चंपत हो जाते है। एयरपोर्ट थाना पुलिस ने धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है।

**पुलिस के पास दो महिने पहले पहुंचे शिकायत लेकर :-**पीड़ितों का कहना है कि पुलिस के पास में ठगी को लेकर दो महिने पहले भी गए थे। मगर पुलिस ने मामलें को पेंडिंग रख कर अब केस दर्ज किया है। एक अन्य होटल में कंपनी की तरफ से आयोजित सेमिनार में आरोपी आए हुए थे, तब एक पीड़ित पहुंचा और पुलिस भी गई थी और पीड़ित को उसका पैसा रिफंड करवाया गया था। मगर अन्य कोई नहीं आया तो सेमिनार कर चले गए। कई और लोगों के पीड़ित होने की आशंका बनी हुई है।

# राज्यपाल कलराज मिश्र की ओर से दरगाह शरीफ को चादर चढ़ाई

## राज्यपाल के प्रमुख विशेषाधिकारी गोविंद राम ने चादर पेश की



राज्यपाल राज्यपाल कलराज मिश्र के प्रमुख विशेषाधिकारी गोविंद राम जायसवाल ने मजार शरीफ पर पहुंच कर चादर भेंट की।

■ ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती का अमन और मोहब्बत का पैगाम जन-जन तक पहुंचे : राज्यपाल

**अजमेर,** (कासं)। राज्यपाल कलराज मिश्र की ओर से ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती के 812 वें सालाना उर्स के अवसर पर दरगाह शरीफ, अजमेर में बुधवार को चादर पेश की गई। राज्यपाल के प्रमुख विशेषाधिकारी गोविंद राम जायसवाल ने मजार शरीफ पर पहुंच कर राज्यपाल की तरफ से चादर भेंट की। उनके साथ परिसहाय स्क्वाड्रन लीडर विकास श्योराण भी थे। दरगाह कमेटी के नाजिम लियाकत अली अफाकी द्वारा दस्तार बांधकर सम्मान किया गया और सभी को तबर्रूक दी गई।

दरगाह पहुंचने पर पहले राज्यपाल की ओर से जियारत की गई। जियारत सैय्यद अब्दुल बारी एवं सैय्यद अब्दुल वसीम ने कराई। बाद में राज्यपाल मिश्र द्वारा भेजे संदेश को उनके प्रमुख विशेषाधिकारी गोविंद राम जायसवाल ने पढ़कर सुनाते हुए कहा कि ख्वाजा साहब देश की संस्कृति के संवाहक है। उन्होंने संदेश के अंतर्गत राज्यपाल द्वारा देश और प्रदेश के लोगों की खुशहाली, संपन्नता और निरोगी रहने की दुआ करते हुए देश-दुनिया से अजमेर आ रहे जायरीन को मुबारकबाद भी दी।

राज्यपाल मिश्र ने अपने संदेश में ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती के अमन और मोहब्बत का पैगाम जन-जन तक पहुंचाने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि यतीमों की मदद करने वाले ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती देश की राष्ट्रीय एकता, भाईचारे, सद्भाव और सौहार्द के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि ख्वाजा साहब का उर्स भावनात्मक एकता का प्रतीक है। यह सदा अमन और मोहब्बत का पैगाम लेकर आता है। राज्यपाल ने कहा है कि भारतीय संस्कृति संत-महात्माओं और पीर पैगम्बरों के उदात्त जीवन मूल्यों से जुड़ी है।

# ख्वाजा की दरगाह में पाकिस्तानी जायरीन की ओर से चादर पेश

## पाकिस्तानी जायरीन ने दोनों मुल्कों के आपसी रिश्तों के लिए दुआ मांगी



पाकिस्तानी जायरीन की ओर से मखमली चादर और अकीदत के फूल पेश किए गये।

■ साथ ही अपने परिवार की सेहतमंदी और खुशहाली की भी दुआ मांगी

**अजमेर,** (कासं)। महान सूफी संत हजरत ख्वाजा मोइनुददीन चिश्ती की बारगाह में बुधवार को उर्स की पांच तारीख को पाकिस्तान जायरीन की ओर से मखमली चादर और अकीदत के फूल पेश किए।

इस मौके पर पाकिस्तानी जायरीन ने दोनों मुल्कों के आपसी रिश्तों के लिए दुआ मांगी। साथ ही अपने परिवार की सेहतमंदी और खुशहाली की भी दुआ मांगी। सभी 233 पाक जायरीनों को लेकर पुलिस की कडी सुरखा व्यवस्था में दरगाह तक लाया गया। चादर पेश करने के लिए सेंट्रल गर्ल्स स्कूल से दस-दस जायरीन के ग्रुप को दरगाह के लिए रवाना किया गया। कुछ जायरीन नात पढते हुए झूमते गाते हुए चल रहे थे। दरगाह पहुंचने पर पाकिस्तानी जायरीनों के चेहरे पर खुशी दिखाई दे रही थी। दरगाह शरीफ में खादिमों की ओर से पाक जायरीन का स्वागत किया गया। सभी की दस्तारबंदी की। दरगाह कमेटी की ओर से भी पाक जायरीन का स्वागत बुलंद दरवाजे पर किया गया।

## संक्षिप्त

### संजय शर्मा ने पदभार गृहण किया

**अलवर।** वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने आज सचिवालय में पदभार गृहण किया, उन्होंने अपनी माता जी तारा शर्मा को अपनी कुर्सी पर बिठाया, शासन सचिव शिखर अग्रवाल सहित वन विभाग के आला अधिकारी उनसे मिलने आए, जिनसे मंत्री संजय शर्मा ने आगामी 100 दिन की कार्ययोजना जानी, और पार्टी के संकल्प पत्र में किए गए वादों को पूरा करने की दिशा में काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वन और पर्यावरण ही जीवन है, और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हम प्रदेश भर को हरा भरा करने का काम करेंगे।

### अवकाश के बावजूद खुल रहे निजी स्कूल

**शाहपुरा।** शाहपुरा उपखंड के निजी स्कूलों में राजस्थान सरकार ( शिक्षा विभाग) द्वारा आज गुरू गोविन्द सिंह जयंती पर अवकाश घोषित है, लेकिन उपखंड शाहपुरा के कई निजी स्कूलों पर इस आदेश का कोई असर दिखाई नहीं दे रहा है और कड़कड़ाती ठंड,कोहरे में विधार्थीयों को स्कूल बुलाया जा रहा। सरकारी आदेशों को दरकिनार करते हुए निजी स्कूलों के संचालकों ने स्कूलों को खुला रखा है। विधालयों की हठधर्मिता पर परिजनों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि इस कड़कडाती ठंड में सुबह जल्दी विधालय भेजने से बच्चों का बिमार होने का डर रहता है,शिक्षा विभाग से कार्रवाई की मांग की है। इससे पूर्व में भी शीतकालीन अवकाश में भी निजी विधालय संचालित किए गए थे।

### सजने लगे मंदिर

**मालपुरा**, (निस)। अयोध्या मे 22 जनवरी को आयोजित रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियो को लेकर सम्पूर्ण हिन्दु समाज मे अनेक धार्मिक आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है। मंदिरो मे साफ-सफाई व रंगीन रोशनी से सजावट करने का कार्य शुरू हुआ। ब्राह्मण समाज लाम्बाहरिसिंह अध्यक्ष विजय गौतम ने बताया कि कस्बे के सीतारामजी मंदिर,बंशीवारा मंदिर, चारभुजा नाथ, राधा कल्याण मंदिर, बाबा रामदेव मंदिर सहित कस्बे के सभी मंदिरो मे साफ-सफाई व आकर्षक सजावट के साथ-साथ धार्मिक कार्यक्रम किये जा रहै है।

# जिला कलेक्टर ने हनुमान मंदिर से स्वच्छ तीर्थ अभियान शुरू

**किशनगढ़ बास**/खैरथल। आगामी दिनों में अयोध्या में प्रस्तावित श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष में जिलेभर के मंदिरों में जिला स्तरीय स्वच्छ तीर्थ अभियान का शुभारंभ जिला कलेक्टर हनुमान मल ढ़ाका की ओर से हनुमान पहाड़ी मंदिर पर किया गया।

कार्यक्रम में जिला कलेक्टर ने अधिकारी जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों के साथ झाड़ू लगाकर स्वच्छ तीर्थ

■ सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन

का संदेश दिया और मंदिर में सुंदरकांड करवाया। स्वच्छ तीर्थ अभियान के शुभारंभ पर जिला कलेक्टर हनुमान मल ढाका ने 17 से 22 जनवरी तक मंदिरों व तीर्थ स्थलों पर सफाई कर स्वच्छता के इस अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की है।जिला कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधियों ने मंदिर परिसर की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया तथा जिला स्तरीय स्वच्छता अभियान के आमजन को मंदिर एवं तीर्थ स्थल को स्वच्छ रखने का संकल्प दिलाया। इस अभियान का उद्देश्य जिले के सभी मंदिर व तीर्थ स्थलों को स्वच्छ बनाना है।

जिला कलेक्टर ढाका ने नगर परिषद आयुक्त श्याम बिहारी गोयल को जिले के सभी अराजकीय मंदिरों में विभिन्न गतिविधियां जैसे मंदिर परिसरों की साफ सफाई, सजावट, रोशनी, सत्संग, सुंदरकांड, हनुमान चालीसा का पाठ, अयोध्या मंदिर में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण, विशेष आरती, मुख्य मंदिरों के आसपास होर्डिंग एवं प्रसादी आदि की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कार्यक्रम में जिला कलेक्टर हनुमान मल ढाका, केंद्रीय गृह मंत्रालय पर्यवेक्षक सदस्य राहुल यादव, गुरु गोविंद गिरी महाराज, हनुमान पहाड़ी महंत केसव गिरी, एसुरोलिया, नगर परिषद आयुक्त श्याम बिहारी, परिषद उपाध्यक्ष वरुण डाटा ,अनुराग कौशिक, टिल्लू भाई किसान नेता, ओमप्रकाश रोघा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



जिला कलेक्टर ने खैरथल में स्वच्छ तीर्थ अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

### अवैध खनन करते वाहन जप्त

**टोंक।** राजस्थान सरकार द्वारा अवैध खनन/परिवहन के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान एवं जिला पुलिस अधीक्षक, राजर्षि राज द्वारा जिले के थानाधिकारियों को दिये गये सख्त निर्देशों के तहत अवैध खनन/परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए जिला पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 17 जनवरी को थाना बरोनी, घाड़ एवं डिग्गी द्वारा अवैध खनन/ परिवहन के विरूद्ध कार्रवाई करते हुऐ लगभग 60,04,400 कीमत के 01 ट्रेलर, 02 ट्रेक्टर ट्रोली मय अवैध बजरी/पत्थर सहित जब्त कर 03 प्रकरण पंजीबद्ध कर 03 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।

इसी प्रकार खनिज विभाग के साथ जिला पुलिस द्वारा संयुक्त कार्रवाई के दौरान लगभग 15,02,000 कीमत के 500 टन पत्थरध्1860 टन बजरी के अवैध स्टॉक को जब्त किया गया। संयुक्त कार्रवाई के दौरान दो प्रकरण दर्ज कर 10,06,200 कीमत के 02 ट्रेक्टर ट्रोली मय 06 टन अवैध बजरी 05 टन अवैध पत्थर सहित जब्त कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया।

इसी प्रकार 151 सीआरपीसी में 12 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया तथा 207 एमवी एक्ट में कार्रवाई करते हुए 6 ट्रेक्टर ट्रोली जब्त की गई।

## सार-समाचार

### महिलाओं ने जय श्री राम के नारों के साथ विशाल कलश यात्रा निकाली



**फुलेरा।** कस्बे के पुराना फुलेरा स्थित तेजाजी चौक में बुधवार को प्रातः 11:15 बजे महिलाओं द्वारा एक गाजे बाजे के साथ विशाल कलश यात्रा का आयोजन किया गया। जो कि तेजाजी चौक से प्रारंभ होकर क्षेत्र के मुख्य मार्गों से होते हुए स्कूल खेल मैदान स्थित हरिसिद्ध संकट मोचन हनुमान मन्दिर पर पहुंची। उपरोक्त जानकारी देते हुए धर्मप्रेमी यादराम जोशी ने बताया कि उक्त विशाल कलश यात्रा का जगह-जगह पर लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत अभिनन्दन किया। गौरतलब है कि उक्त कलश यात्रा तेजाजी चौक से प्रारंभ होकर पुराना फुलेरा, ठाकुर जी महाराज मन्दिर, शीतला माता मन्दिर, शनि मन्दिर, आरओबी, अम्बेडकर सर्किल, गांधी चौक, गणगौरी बाजार, हलवाई बाजार, इन्दिरा बाजार, परशुराम सर्किल होते हुए जोबनेर रोड़ से स्कूल खेल मैदान स्थित हरिसिद्ध संकट मोचन हनुमान मन्दिर परिसर पहुंची। जहां सामूहिक रामधुनी के बाद महाआरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। वहीं सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। उक्त कलश यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर फुलेरा थानाधिकारी राजेन्द्र सिंह मय जाप्ते के साथ पूरी कलश यात्रा में साथ रहें। इस मौके पर धर्मप्रेमी बजरंगलाल जोशी, राजेश शर्मा, विष्णु कुमार सैन, वेदप्रकाश पारीक, गजेन्द्र सिंह शेखावत, जितेन्द्र वर्मा, सरदार चौधरी, धर्मेन्द्र सैनी, दिलीप सुरोलिया, गजेन्द्र सिंह शेखावत, पूनम कुमावत, पूजा भाटी, आशा सैनी, बीना शर्मा, किरण पारीक, अंकिता जैन, किशोर खारडिया, यतेन्द्र झांकड़ा, उर्मिला देवी सुरोलिया, हरिओम शर्मा, संतोष कुमावत, कमल वर्मा, दिनेश शर्मा, श्याम लाल सैनी सहित हजारों की संख्या में महिलाओ ने भाग लिया।

### ब्लॉक का कार्यक्रम का आयोजन किया

**फुलेरा।** कस्बे में पिछले कई वर्षों से संचालित राष्ट्र की अग्रणी संस्था कंज्यूमर्स एक्शन एण्ड प्रोटेक्शन सोसायटी एवं भारतीय मानक ब्यूरो के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय शाकम्भर पीजी महाविद्यालय में पंचायत के सरपंच एवं सचिव के मानव संवेदीकरण कार्यक्रम के तहत किशनगढ़ रेनवाल, जोबनेर एवं सांभरलेक पंचायत समिति के ब्लॉक का कार्यक्रम आयोजित किया गया इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय मानक ब्यूरो के प्रमोशन अधिकारी लव कुमार तो विशिष्ट अतिथि के रूप शाकम्भर पीजी महाविद्यालय के प्रोफेसर राधा मोहन रहे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता सोसाइटी के अध्यक्ष विजेन्द्र प्रकाश हलचल के द्वारा की गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में आगन्तुक अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत कीगई। तत्पश्चात कैप्स संस्था के महामंत्री हरीश शर्मा ने सभी अतिथियों का दुपट्टा ओढाकर स्वागत अभिनन्दन किया। इसके बाद कार्यक्रम के प्रारंभ में भारतीय मानक ब्यूरो के प्रमोशन अधिकारी लव कुमार ने भारतीय मानक ब्यूरो के क्रियाकलापों, इतिहास एवं प्रेजेंटेशन को प्रस्तुत किया। लव कुमार ने मानक चिन्ह हॉलमार्क एवं इलेक्ट्रॉनिक के चिह्न पर प्रकाश डालते हुए उनके उपभोग करने एवं शिकायत निवारण की प्रणाली से भी अवगत करवाया। उन्होंने बीआईएस केयरअप के जरिए वस्तु की गुणवत्ता चिह्न जांच करने एवं शिकायत करने के लिए भी प्रशिक्षण प्रदान किया।

### अक्षत कलश की निकाली शोभायात्रा

**बौंली/ बामनवास।** क्षेत्र के पीपलवाड़ा कस्बे में बुधवार को अयोध्या से आए श्री राम मंदिर अक्षत कलश की शोभा यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया एवं महिला पुरुषों ने सर पर कलश रखकर श्री राम दरबार की सजी झांकी के साथ नाचते गाते जयकारा लगाते हुए अक्षत कलश की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इसके बाद सीताराम जी के मंदिर में समापन अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सवाई माधोपुर जिला प्रचारक दीपक ने भगवान श्री राम के जीवन पर प्रकाश डालकर सभी को उनसे प्रेरणा लेने का आव्हान किया। शोभायात्रा के बाद सीताराम जी के मंदिर में सामूहिक आरती कर प्रसादी वितरण की गई। शोभायात्रा में प्रखंड मंत्री हेमराज दीक्षित, योगेंद्र शर्मा, रामनिवास गुर्जर, हनुमान मीणा, देवराज राजावत, रामसिंह सेन, धौलूलाल मीणा व पुखराज मीणा सहितअनेको श्रद्धालु उपस्थित थे इस दौरान पीपलवाड़ा कस्बे में अनेको जगह पर शोभायात्रा मार्ग पर रंगोलिया सजाई गई।

### 249 गुमशुदा मोबाईल बरामद किये

**टोंक।** जिले के आमजन के गुमशुदा मोबाईल नहीं मिलने के सम्बन्ध में आये दिन प्राप्त हो रहे परिवादों को संज्ञान में लेकर राजर्षि राज, जिला पुलिस अधीक्षक, टोंक ने पिछले एक वर्ष में गुमशुदा ऐसे मोबाईल जो अब तक परिवादी को नहीं मिले हो, को बरामद करने हेतु साईबर टीम को निर्देश प्रदान कर जिले में एक विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान साईबर सैल से हैड कानि. सुरेश चावला एवं टीम द्वारा गुमशुदा मोबाइलों की एक्टिवेशन डिटेल प्राप्त की गई एवं प्राप्त डिटेल में जो मोबाईल एक्टिवेट मिले, उन्हें बरामद करने हेतु सम्बन्धित थाना स्तर पर एक विशेष टीम बनाकर मोबाईल बरामद करने का अभियान चलाया गया। उक्त अभियान के दौरान अब तक 249 मोबाईल बरामद किये जा चुके है। बरामद मोबाईलों की अनुमानित लागत लगभग 35 लाख रूपये है। बरामद किये गये 249 मोबाईल सम्बन्धित परिवादियों को वितरित करने हेतु एक कार्यक्रम ''टोंक पुलिस आपके साथ, आपका मोबाईल आपके हाथ'' पुलिस लाईन टोंक में आयोजित कर सम्बन्धित परिवादियों को मोबाईल वितरित किये गये।

### 22 जनवरी को लाईव प्रसारण होगा

**टोंक।** अयोध्या में श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत जिलेभर में धार्मिक आयोजन किए जा रहे है। इसी क्रम में गांधीपार्क क्षेत्र के युवाओं की ओर से 22 जनवरी को कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एलईडी स्क्रीन पर किया जाएगा। कार्यक्रम से जुडे अजय, बुद्धिप्रकाश ने बताया कि अयोध्या के श्रीरामलला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को गांधी पार्क क्षेत्र में भी भव्य रुप में मनाया जाएगा। गांधी पार्क के रामलीला मैदान पर दो दिवसीय धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। इसमें पहले दिन 21 जनवरी रविवार को भव्य जागरण का आयोजन होगा। जिसमें भजनों की गंगा बहेगी। वही अगले दिन 22 जनवरी को रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सुबह 11 बजे से किया जाएगा। सुबह 10 बजे से महाप्रसादी का वितरण शुरु होगा। वही शाम 6 बजे से राध्त्रि 10.30 बजे तक धार्मिक भजनों पर डांडिया का आयोजन ध्होगा। आयोजन से जुडे लोगों ने सर्व समाज के लोगों से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शामिल होने की अपील की है।

### गौवंश से भरी पिकअप पकड़ी

**मालपुरा** (निस) डिग्गी थाना क्षैत्र के हरजीराम की ढाणी के पास मंगलवार की देर रात्री को गौरक्षको ने पीछा कर गौवंश से भरी एक पिकअप को पकड डिग्गी थाना पुलिस को किया सुपुर्द। थानाधिकारी अय्यूब खान सुचना मिलने पर मौके पर पहुंचे तथा मौके से गौवंश से भरी पिकअप व एक मोटरसाईकिल को जप्त किया गया। थानाधिकारी ने बताया कि गौरक्षको द्वारा गौतस्करी की दी सुचना पर तत्काल पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए नांकाबंदी की लेकिन पिकअप व बाईक छोडकर भागे गौतस्कर अंधेरे का फायदा उठा फरार हो गये। मौके से रैकी कर रही बाईक व पिकअप को जप्त कर आधा दर्जन गौवंश को कल्याण गौशाला मे छोडा गया। वही डिग्गी थाना पुलिस ने अवैध बजरी खनन मामले मे फरार चल रहै चालानशुदा दो गैर सायल आरोपी हंसराज बैरवा निवासी बम्बोरी व शीशपाल मीणा निवासी अजमेरी को गिरफतार किया गया।

### बालाजी को पोषबड़े का भोग लगाया

**मालपुरा** (निस) अरावली पर्वत की कंधराओं मे स्थित घाटी बालाजी मंदिर मे बुधवार को बालाजी सेवा समिति के तत्वाधान मे पोषबडा महोत्सव आयोजित किया गया। समिति अध्यक्ष रामअवतार जैन कडीला, राजेन्द्र कुमार विजय सहित समिति पदाधिकारियो व ग्रामीणो ने बालाजी की महाआरती कर पुण्य अर्जित किया। बालाजी की प्रतिमा पर चौला चढाया गया। दोपहर मे सामुहिक सुंदरकाण्ड के पश्चात प्रसादी का वितरण किया गया।

## गो ग्रास रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**श्रीमाधोपुर ।** श्री कृष्ण गोशाला अजीतगढ़ को एयू बैंक ने गो ग्रास रथ लोडिंग ई रिक्शा को उप संरक्षक सदस्य बलदेव अग्रवाल, एयू बैंक शाखा प्रबंधक आशीष पारीक, गोशाला सदस्यों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाना चाहिए। वर्तमान दौर में गोवंश के साथ काफी दुर्व्यवहार और अनदेखी होने से गायों के लिए परेशानी में बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने गोशाला के संचालन में सहयोग के अलावा निराश्रित गोवंश की सेवा की बात कही। इससे पूर्व बलदेव अग्रावाल की मिल से गौ ग्रास रथ में दलिया, गुड आदि देकर रवाना किया। इस दौरान गोशाला प्रबंधन ने गौ ग्रास संग्राहण वाहन के लिए एयू बैंक व कृषि भूमि समेत अन्य कार्य के लिए भामाशाह बडसीवाल को अवगत करवाया था। जिसे मोहन लाल बड़सीवाल ने गोपाष्टमी पर्व पर ट्रेक्टर प्रदान किया था। उसके बाद एयू बैंक के सुलतान पलसानिया ने गौ ग्रास संग्राहण वाहन ( लोडिंग ई रिक्शा ) की सहमति दी, जो सोमवार को गोशाला को प्रदान किया गया। बलदेव अग्रावाल की मील से गौ ग्रास रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। गौ ग्रास रथ व मोहन लाल बड़सीवाल द्वारा दिए ट्रेक्टर का अजीतगढ़ शहर के बाजारों में गौ ग्रास संग्रहण के लिए भ्रमण करवाया। शहर में गो भक्तो ने दलिया, गुड, आटा आदि देकर सहयोग किया।गोशाला अध्यक्ष चैतन्य कुमार मीणा एवं सचिव मूलशंकर शर्मा ने बताया कि अजीतगढ़ की श्री कृष्ण गौशाला अजीतगढ़ के विकास के लिए शहर के विभिन्न भामाशाह आगे आ रहे।

# पशु मित्र यूनियन संघ ने विधायक को ज्ञापन सौंपा

**कोटपूतली।** पशु मित्र यूनियन संघ ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर बुधवार को विधायक हंसराज पटेल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मासिक वेतन, संविदा कैडर में शामिल करने की मांग की गई है।

पशु मित्रों का कहना है कि राज्य सरकार ने हमारा चयन मेरिट बेस पर किया था, फिर भी राज्य सरकार ने हमारा मासिक वेतन निर्धारित नहीं किया है। देश के सभी राज्यों में उक्त योजना का संचालन हो रहा है, जिसमें पशु मित्रों को मासिक वेतन दिया जा रहा है। पशु मित्रों द्वारा लम्पी महामारी में गौ माताओं की निःस्वार्थ भाव से सेवा की गई थी एवं टीकाकरण अभियान में अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा 2022 में 300 पशुधन सहायक संविदा पर लगाये गये थे जिनको 17,700 रुपये मासिक वेतन दिया गया था। इसी आधार पर राज्य सरकार द्वारा पशु मित्र योजना को संविदा कैडर में शामिल करके इन डिप्लोमाधारियों का मासिक वेतन निर्धारित किया जाये। पशु मित्रों ने एसडीएम को भी ज्ञापन सौंपकर मासिक वेतन लागू करने की मांग की। इस दौरान पशु मित्र यूनियन संघ के अध्यक्ष राकेश कसाना, आदि मौजूद रहे।विद्यार्थियों ने जयपुर में विज्ञानप्रदर्शनी काकिया अवलोकन कोटपूतली। कस्बे के शक्ति विहार स्थित शिव सरस्वती उच्च माध्यमिक विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने बुधवार को जयपुर में आर्य इंजीनियरिंग कॉलेज (ओल्ड कैंपस) में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया। चेयरमैन इंजी. अनुराग अग्रवाल, प्रिंसिपल डॉ. अरुण आर्य, कार्डिनेटर इंजी. प्रशांत माथुर व उनकी टीम ने विद्यार्थियों को चलित मॉडल व लैब के बारे में जानकारी दी। विद्यार्थियों ने सभी विशेषज्ञों से सवाल पूछते हुए अपनी जिज्ञासाओं ०ने शांत किया। इस दौरान ऑटोमोबाईल लैब, रोबोटिक लैब, एयरोटिक लैब में विद्यार्थियों ने अधिक रूचि दिखाई। संस्था के निदेशक बद्री प्रसाद शर्मा ने आर्य ग्रुप ऑफ कॉलेज का आभार व्यक्त किया। प्रदर्शनी के सफलतापूर्वक अवलोकन के लिए संस्था के सह-निदेशक व्याख्याता डॉ. आदि का योगदान रहा। ।

# महिलाओं को उज्जवला गैस कनेक्शन का वितरण

**कोटपूतली ।** आमजन को केंद्र सरकार की विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं से जोड़ने और उनके प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिले की ग्राम पंचायतों एवं शहरी क्षेत्र में लगातार विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में गुरूवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर शहरी क्षेत्र बानसूर में जिला कलेक्टर श्रीमती कल्पना अग्रवाल ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा विभागीय अधिकारियों को आवश्क दिशा निर्देश दिये। जिला कलेक्टर ने कैंप में मौजूद महिलाओं को उज्जवला गैस कनेक्शन का वितरण किया तथा केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रचार प्रसार की सामग्री

■ जिला कलक्टर ने किया नगर पालिका में आयोजित कैंप का निरीक्षण

भी लोगों को वितरित की और सभी विभागों द्वारा आमजन को योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित करने की व्यवस्थाओ को जायजा लिया। जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि कैंप आयोजन से पहले क्षेत्र में प्रमुखता से प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि आमजन बढ़ चढ़कर हिस्सा ले सके।

आमजन को अधिकाधिक योजनाओ से लाभान्वित किया जाए। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने आमजन को केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में अवगत करवाया एवं बीमा योजनाओं में परिवार एवं स्वयं की सुरक्षा के लिए जुड़ने का अनुरोध किया।

इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे हेल्थ चेकअप के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर बानसूर एसडीएम राहुल सैनी सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, जिला वाइस प्रेसिडेंट बीजेपी शशिकांत बोहरा, नगर पालिका चेयरमैन नीता मिश्रा व जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।कोटपूतला जिला कलेक्टर ने कैंप में मौजूद महिलाओं को उज्जवला गैस कनेक्शन का किया वितरण अवैध खनन एवं परिवहन पर कसा शिकंजा

### शहर में श्रीराम यात्रा निकलेगी

**अलवर ।** श्री हनुमान जयंती महोत्सव समिति की ओर से 22 जनवरी 2024, सोमवार को अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में भगवान श्रीराम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर श्री राम रथ यात्रा निकाली जाएगी।

श्री रामरथ यात्रा केडल गंज, नगर परिषद, पंसारी बाजार, घंटाघर, बजाजा बाजार, त्रिपोलिया, मालाखेड़ा बाजार, अग्रवाल धर्मशाला, बस स्टैंड, मन्नी का बड़ होते हुए वापस केडलगंज पहुंचेगी।

इस श्रीराम रथ यात्रा में हजारों की संख्या में श्री राम भक्त महिला एवं पुरुष शामिल होंगे।

हनुमान जयंती महोत्सव समिति के अध्यक्ष महेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि इस राम रथ यात्रा में डीजे, घोड़ी, रथ, ध्वज यात्री शामिल होंगे। 22 जनवरी सोमवार दोपहर 1 बजे से रामरथ निकाला जाएगा।

## मंत्री झाबर सिंह खर्रा का स्वागत किया

**टोंक।** स्वायत्त शासन एवं नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा का टोंक में राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित एमआरएफ टायर शोरूम के बाहर पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मालाये पहनाकर, गुलदस्ते एवं तलवार भेटकर स्वागत किया गया।

इस दौरान राज्य मंत्री खर्रा ने कहा कि पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता से मेरा बड़े और छोटे भाई का रिश्ता है, जो आगे भी जारी रहेगा। टोंक में विकास की कोई कमी नहीं रहेगी, कार्यकर्ताओं की भावनाओं के अनुरूप काम होंगे। इस प्रकार बीजेपी सांसद, जिलाध्यक्ष जिला महामंत्री प्रभु बाडोलिया, सजनी चौधरी, नीलिमा आमेरा आदि द्वारा शीतल होटल पर मंत्री झाबर सिंह खर्रा का जबरस्त स्वागत करते हुए मंत्री खर्रा ने कहा कि मैने अधिकारियों से कह दिया है कि मेरे मंत्रालय के जितने भी काम हो 31 जनवरी के बाद ऑनलाइन हो जाएंगे और ऑनलाइन में समय से उनका निस्तारण हो जाना चाहिये। कार्यप्रणाली पूरी तरह से पारदर्शी होनी चाहिए, भ्रष्टाचार रहित होनी चाहिए, विकास कार्यो में गुणवत्ता होनी चाहिए, विभागों में आपस मे सामंजस्य हो, नगर परिषद सड़क बनाती है, उसको कभी पीएचइडी तोड़ देती है, कभी बिजली विभाग खोद देती हैं, इन सभी विभागों में सामंजस्य होगा तो इनका रख रखाव अच्छा होगा। 22 जनवरी को लेकर मैंने मेरे विभागों को निर्देशित किया है की उस दिन दीपोत्सव मनायेंगें, उन्होंने कहा जब से सृष्टि की रचना हुई है सतयुग हो, त्रेतायुग हो, द्वापरयुग हो या कलयुग धर्म व अधर्म की लड़ाई सदा चलती रही है।

### जूली के नेता प्रतिपक्ष बनने पर खुशी जताई

**अलवर।** कांग्रेस पार्टी आला कमान एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेन्द्र सिंह व पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा एक दलित पूर्व केबीनेट मंत्री टीकाराम जूली को नेता प्रतिपक्ष बनाने पर अलवर ग्रामीण विधानसभा में खुशी की लहर है एवं दलित समाज के नेताओं ने शीर्ष नेताओं का आभार व्यक्त किया है

विधानसभा पतिपक्ष नेता का पद पहली बार कांग्रेस पार्टी द्वारा दलित नेता को देकर कांग्रेस पार्टी ने इतिहास बना दिया जिसका सभी ने समर्थन किया है राजस्थान में पहली बार यह कारनामा होने पर अलवर ग्रामीण सीट के मतदाताओं सहित यहां के दलित नेताओं में खुशी की लहर है इस अवसर पर मालाखेडा प्रधान वीरमती जाटव ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह सम्मान दलित समाज को व क्षेत्र की जनता को कांग्रेस पार्टी ने दिया है इसके लिए वे शीर्ष नेताओं का आभार व्यक्त करती है उन्होंने कहा कि पूर्व में भी पूर्व केबीनेट मंत्री टीकाराम जूली ने ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यो की बाढ सी ला दी कुछ विकास कार्यो का जो शिलान्यास उनके द्वारा चुनाव के पूर्व हुआ था उन्हें पूरा करने का समय आ गया है टीकाराम जूली पार्टी के ऐसे नेता है जो सही को सही तो उनके लिए जन सेवा ही सबसे बडा काम रहा है उनके नेताप्रतिपक्ष बनने पर उन्होंने मालाखेडा क्षेत्र की जनता की तरफ से बधाई दी है।

# शिक्षा बदलाव का सबसे प्रभावी एवं कारगर साधन : उप राष्ट्रपति धनकड़

**टोंक।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ सपत्नीक बुधवार को वनस्थली विद्यापीठ के 40वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उपराष्ट्रपति एवं प्रदेश की उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी भारतीय वायुसेना के विमान से वनस्थली विद्यापीठ पहुंचे।

हेलीपैड पर सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया, जिला प्रमुख सरोज बंसल, विद्यापीठ के अध्यक्ष प्रो. सिद्धार्थ शास्त्री, संभागीय आयुक्त महेश चंद्र शर्मा, पुलिस महानिरीक्षक लता मनोज कुमार, जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा, पुलिस राजर्षि राज वर्मा, उपाध्यक्ष प्रो. ज्योति पारीक, कुलपति प्रो. ईना आदित्य शास्त्री, वनस्थली सेंटर फॉर आर्टिफिशियल के निदेशक डॉ. अंशुमान शास्त्री एवं कोषाध्यक्ष सुधा शास्त्री ने अगवानी की। इसके पश्चात उपराष्ट्रपति धनखड़ वनस्थली विद्यापीठ की मूल प्रेरणा शक्ति स्थल श्री शांता बाई शिक्षा कुटीर एवं गांधी घर गये। इसी स्थान पर उपराष्ट्रपति ने सपत्नीक विद्यापीठ परिवार की पूर्व छात्रा डॉ. सुदेश धनखड़ के साथ पौधारोपण किया। दीक्षांत समारोह में निवाई-पीपलू विधायक रामसहाय वर्मा एवं जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। दीक्षांत समारोह में छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्हाने कहा कि ने शिक्षा बदलाव का सबसे प्रभावी, मजबूत एवं कारगर साधन है। ज्ञान की शक्ति से ही आज भारत दुनिया की पांचवी आर्थिक महाशक्ति है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, अगले 2-3 वर्ष में जर्मनी और जापान भी हमसे पीछे हो जाएंगे और भारत जहां दुनिया की आबादी का छठा हिस्सा रहता है, वह तीसरी आर्थिक महाशक्ति बन जाएगा। आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। वे फौज में जा रही है, फाइटर प्लेन उड़ा रही है, चंद्रयान-3 की सफलता के पीछे महिलाओं का बहुत बड़ा योगदान था। उन्होंने छात्राओं से कहा कि आपको असफलताओं से डरना नहीं है। अगर आप असफलता से डरते है, तो सफलता का रास्ता बंद हो जाता है।धनखड़ ने कहा कि विश्व में महिलाओं की सबसे बड़ी आवासीय शिक्षण संस्था के 40वें दीक्षांत समारोह में भाग लेना मेरे लिए अत्यंत प्रसन्नता का विषय है। मैं पंडित हीरालाल शास्त्री, रतन शास्त्री एवं उन सभी व्यक्तियों को जिन्होंने इस संस्था को बनाने एवं महानता तक पहुंचाने का कार्य किया उन सभी को साधुवाद देता हूँ। उन्होंने कहा कि सादा जीवन उच्च विचार इस संस्था के मूल सिंद्धातों में है। छात्राओं का आचरण और यहां की व्यवस्था किसी गुरुकुल से कम नहीं है। वनस्थली विद्यापीठ के संस्थापक पंडित हीरालाल शास्त्री राजस्थान के प्रथम मुख्यमंत्री एवं संविधान निमात्री सभा के सदस्य रहे है। यह गौरव की बात है। वनस्थली विद्यापीठ पिछले 9 दशकों से लाखों महिलाओं को सशक्त कर शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही है। मैं वनस्थली विद्यापीठ को विश्व पटल पर देखना चाहता हूँ और मेरा विश्वास है कि यह नालंदा, तक्षशिला विश्वविद्यालय की तरह विश्व में अपना स्थान अर्जित करेंगी।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने वनस्थली विद्यापीठ में अध्ययनरत विभिन्न संकायों की 4 हजार 635 छात्राओं को उपाधियां प्रदान की। जिनमें 233 दीक्षार्थियों को पीएचडी उपाधि एवं 119 छात्राओं को मुख्य अतिथि ने स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया।

■ विभिन्न संकायों की 4 हजार 635 छात्राओं को उपाधियां प्रदान की




टोंक में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ सपत्नीक बुधवार को वनस्थली विद्यापीठ के 40वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

## संक्षिप्त

### कानून व्यवस्था पर चर्चा की

**दूदू ।** निकटवर्ती उपखंड मुख्यालय मोजमाबाद पर स्थित पुलिस थाना परिसर में बुधवार को पुलिस अधीक्षक दूदू नरेंद्र सिंह मीणा की अध्यक्षता में सीएलजी सदस्य की बैठक आयोजित की गई । बैठक में अपराधों पर अंकुश लगाने एवं आगामी गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान कानून व्यवस्था रखने पर चर्चा की गई, साथ ही मीणा ने कहा कि अन्य राज्यों से आकर रहने वाले परिवारो के सत्यापन करने के निर्देश पुलिसकर्मियों को एवं अधिकारी को दिए गए इस दौरान थाना प्रभारी कमलेश सैनी ने आमजन से कहा कि कस्बे किराएदार रखने के पूर्व मकान मालिक उनके आधार कार्ड लेकर अपने पास रखें एवं किराएदार की सूचना थाने में जरूर दर्ज करवाई हम सभी को मिलकर भाईचारे के साथ कानून व्यवस्था बनाए रखनी है । बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष घासीराम प्रजापत, उगम सिंह, जांदू गजेंद्र जाखड़, कैलाश नारायण शर्मा, मनीष कुमार सहित ग्रामीण जन मौजूद रहे।

### ए.डी.एम. को ज्ञापन सौंपा

**पावटा।** राजपूत सभा भवन इकाई विराटनगर विधान सभा के तत्वावधान में मंगलवार को ईडब्ल्यूएस आरक्षण पात्रता शर्तो मे संपति शर्तो को शिथिल संसोधन की मांग को लेकर प्रधानमंत्री व मुयमंत्री के नाम पाव टा उपखंड अधिकारी बी एल स्वामी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौपते हुए राजपूत सभा भवन इकाई विराटनगर विधानसभा अध्यक्ष राजेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि केंद्र सरकार की सेवाओ के लिए ईडब्ल्यूएस आरक्षण की पात्रता शर्तो मे संपति के आधारभूत मानदंड कृषि भूमि पांच एकड और अधिक, आवासीय लैट एक हजार वर्ग फीट और अधिक, आवासीय भूखंड 1०० वर्ग गज और अधिक, आवासीय भूखंड 200 वर्ग गज और अधिक की शर्ते अव्यवहारिक एवं बाधाकारी है।

### ट्रक जप्त, चालक गिरफ्तार

**श्रीमाधोपुर ।** उपखंड क्षेत्र श्रीमाधोपुर में अवैध खनन व परिवहन की जांच हेतु संयुक्त दल द्वारा अजीतगढ़ क्षेत्र में नियमित गस्त की जा रही थी तभी थोई की तरफ से एक ट्रक आता हुआ दिखाई दिया जिसे रोकने का इशारा किया तो चालक ने ट्रक को रोक दिया व पूछने पर ट्रक में जलावन होना बताया । टीम ने ट्रक का तिरपाल हटाकर जांच करने पर पाया गया कि ट्रक में पंचमेल लड़कियां भरी हुई थी जिसको राजस्थान वन अधिनियम के तहत कार्यवाही कर वाहन चालक राजेंद्र प्रसाद पुत्र श्रवण कुमार जाति जाट निवासी थोई ढाणी बाघोरी को गिरफ्तार किया गया।

### पकौड़ी, हलवे की प्रसादी पाई

**दूदू ।** निकटवर्ती पड़ासोली ग्राम पंचायत मुख्यालय पर स्थित शनि मंदिर में बुधवार को पौष बड़ा महोत्सव एवं भजन कीर्तन का आयोजन किया गया इस अवसर पर भगवान की पूजा अर्चना कर नवीन पोशाक धारण कराई जाकर झांकी सजाई गई । पश्चात आरती के बाद पकौड़ी, खड़ी, हलवे का भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया गया । भक्त जनों ने पूजा अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया इस अवसर पर महिला मंडल की सदस्य कल्पना भार्गव के साथ महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन एवं सुंदरकांड के पाठ किए गए ।

# जिला कलेक्टर ने खाटूश्यामजी की व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया

**खाटूश्यामजी ।** बाबा श्याम का वार्षिक लक्खी फाल्गुन मेला मार्च में आयोजित होगा। मेले में आने वाले लाखों श्याम भक्तों को सुगमतापूर्वक दर्शन कराने के साथ मेले का सफल संचालन को लेकर जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी

- मेला मार्ग का किया निरीक्षण
- अतिक्रमण, ई-रिक्शा व निकास की समस्या का समाधान बना चुनौती



जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी ने खाटूश्याम जी में मेला व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

खाटूश्यामजी पहुंचे।

जिला कलेक्टर ने मेला मजिस्ट्रेट कार्यालय में सभी विभागों से सम्पूर्ण व्यवस्थाओ का फीडबैक लिया तथा पूर्व मेले के दौरान रही खामियां कैसे दूर की जा सकती है,इसको लेकर चर्चा की गई। फाल्गुन मेले से पूर्व तैयारियों के मद्देनजर बसंत पंचमी पर होने वाली भीड़ को फाल्गुन मेले की तरह ही मेला मार्ग से दर्शन करवायें जायेंगे।जिससे व्यवस्थाओं की खामियां दिखने पर मेले से पूर्व व्यवस्था में सुधार किया जा सके।इसके साथ ही रींगस रोड़ पर हेलीपैड को अन्यत्र बनाने के लिए जगह चिंहित करने पर चर्चा की गई।इसके अलावा वीआईपी के लिए दांता रोड़ पर पार्किंग करने का सुझाव आया।सभी विभागों से फीडबैक के पश्चात डीएम मेला मार्ग का निरीक्षण करने पहुंचे तो कलेक्टर ने अधिकारियो से पूछा कि जब इतने लोगों के प्रवेश के लिए व्यवस्थाएं की जा रही है तो इनके निकास की क्या व्यवस्था है?इस पर किसी भी अधिकारी के पास कोई जबाब नहीं बना।निरीक्षण के दौरान ई रिक्शा, अस्थाई अतिक्रमण की समस्या भी डीएम को नजर आई।आलम यह रहा कि डीएम के दौरे के दौरान ई-रिक्शा, अस्थाई अतिक्रमण कर रखे लोगों में अफरातफरी मच गई और कलेक्टर के सामने ही भागने लगे। इसके साथ ही डीएम ने ईओ अरूण शर्मा को मेला मार्ग में बिना अनुमति चल रहे निर्माण कार्यों को रोकने के लिए नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।इस दौरान जिला कलेक्टर ने हाथ ठेले,रेहड़ी,थड़ी हटाने की पुख्ता कार्रवाई करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के पश्चात डीएम मंदिर कमेटी कार्यालय पहुंचे जहां मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान से मंदिर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।इस दौरान चौहान ने कहा कि खाटूश्यामजी में वर्ष भर ही भीड़ का रस रहता है। इसलिए प्रशासन दस दिन के मेले के हिसाब से व्यवस्था ना देखे,365 दिन आने वाली भीड़ के हिसाब से व्यवस्था करें।जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी ने निकास मार्ग को मजबूत करने पर जोर दिया।

## दीपोत्सव को लेकर बैठक हुई

**पावटा ।** 22 जनवरी को अयोध्याधाम में होने वाले प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम की भव्यता के लिए उपखंड पावटा सहित आसपास क्षेत्र के सभी मंदिरों में दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। वही आदर्श रामलीला मंडल पावटा द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान आदर्श रामलीला मंडल पावटा संरक्षक उमेश टांक, वीरेंद्र बंसल, अध्यक्ष योगेश शर्मा ने बताया कि 22 जनवरी को आदर्श रामलीला मंडल पावटा द्वारा निकाले जाने वाली शोभायात्रा की भव्यता व दिपोत्सव को लेकर इसकी रूप रेखा तैयार की गई है। और इसके हर बिंदुओ पर चर्चा की गई। इसको लेकर अध्यक्ष योगेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 22 जनवरी को दोपहर 1 बजे भव्य शोभायात्रा आदर्श रामलीला मैदान से निकलने के बाद कस्बे के मुय मार्गो से होते हुये पुनः आदर्श रामलीला मैदान में समाप्त किया जायेगा। शोभायात्रा में प्रभु श्रीराम की रथ यात्रा निकाली जायेगी साथ ही भगवान राम के साथ मां जानकी, श्री लक्ष्मण एवं संकटमोचन हनुमान की संजीव झांकी भी गाजे बाजे के साथ रहेगी। उसके बाद आदर्श रामलीला मैदान मे दिपोत्सव व महाआरती कार्यत्र्कम व आतिशबाजी का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान रामलीला कमेटी के वरिष्ठ सदस्य अमरनाथ पटेल, संरक्षक उमेश टांक, वीरेंद्र बंसल, सुभाष गोयल, कुलदीप पटेल सहित सदस्य मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### बाबा श्याम के दरबार में झाड़ू लगाई

**खाटूश्यामजी** (निसं)। कस्बे के प्रसिद्ध बाबा श्याम के दरबार में राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण व्यास ने बाबा की चौखट पर पहुंचकर पूजा अर्चना की उसके बाद मंदिर परिसर में झाड़ू लगाकर धार्मिक स्थल स्थल को स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान आयोग के अध्यक्ष व्यास ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आवाह्न किया है की धार्मिक स्थलों पर स्वच्छ रखा जाए और सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया जाए।इसी कड़ी में मंदिर परिसर में प्रतीक के रूप में सफाई की है हालांकि श्री श्याम मंदिर कमेटी द्वारा मंदिर परिसर में सफाई की उत्तम की गई हुई है उसके बावजूद भी प्रतीक के रूप में झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया है।



### राम कथा का शुभारम्भ आज

**लालसोट।** उपखंड क्षेत्र में डिगो के ठोडी बालाजी मन्दिर में कथा वाचक पंडित श्यामदास भारद्वाज महाराज के मुखारविंद से भगवान राम के गुणगान की कथा गुरुवार 18 जनवरी से शनिवार 20 जनवरी तक चलेगी। इसको लेकर खारीवाडा, डिगो,इंदावा , गोल आदि क्षैत्र के सभी बालाजी भक्तो मे कथा को लेकर काफी उत्साह है। कथावाचक पंडित श्याम भारद्वाज ने बताया कि ठोडी वाले बालाजी मंदिर डिगो में तीन दिवसीय संगीतमय संक्षिप्त राम कथा का आयोजन गुरुवार 18 जनवरी से शनिवार 20 जनवरी तक किया जाएगा।

## कारसेवकों का सम्मान किया

**श्रीमाधोपुर ।** क्षेत्र के 1990 अयोध्या में कारसेवा में गए हुए कारसेवकों का सम्मान समारोह सर्व हिंदू समाज श्रीमाधोपुर द्वारा बजाज धर्मशाला में किया गया।

सीकर के डॉक्टर बीएल रणवा की अध्यक्षता में आयोजित हुए इस सम्मान समारोह में श्याम सुंदर मंगलिहारा,सीताराम सैनी, डॉक्टर परशुराम भातरा,रामरतन सोनी मंचासिन रहें। मऊ, मुंडरू,महरौली, लिसारिया,खंडेला,श्रीमाधोपुर नगर के कारसेवकों द्वारा इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई गई। इस दौरान कारसेवको द्वारा उस यात्रा के अपने अपने अनुभव बताएं गए की किस तरह जगह जगह हिंदू समाज द्वारा उन लोगों के स्वागत में अनेक व्यवस्थाएं की गई और किस तरह लाखों की संख्या में अयोध्या में राम जन्मभूमि क्षेत्र में पूरे देश से कारसेवक पहुंचे। कारसेवको द्वारा 1990 में लाई गई ईट एवम उस दौरान की कई फोटोएं समारोह में साझा की।विशाल बोहरा एंव हेमकांत भातरा ने बताया की मंचासीन अतिथियों द्वारा कार सेवकों को दुपट्टा एवम साफा पहनाकर,श्रीफल एवम राम मंदिर की फोटो देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डॉक्टर बीएल रणवा ने बताया कि कारसेवको के अनुभव प्रत्यक्ष रूप से सुनना एवम इनका सम्मान का शोभाग्य मिलना हम सबके लिए बहुत ही गौरव की बात है। डाक्टर परशुराम भातरा ने बताया कि 22 जनवरी अयोध्या में भव्य राम मंदिर में श्रीराम प्रतिष्ठा से पूर्व इस तरह कारसेवकों का सानिध्य मिलना हम सबमें ऊर्जा का भाव भरता है।कार्यक्रम का मंच संचालन कर रहे रामोतार मिश्रा ने बताया कि हमे 22 जनवरी को महा दीपोत्सव मनाने के साथ साथ बलिदानी कारसेवको के सम्मान में भी दीपक जलाकर उन्हें नमन करना है। उपस्थित कार सेवकों में पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष सालिगराम चौधरी, मखन लाल सरपंच, लाल चंद थोई, विनोद पारीक, सूरजभान सामोता,मालीराम बोहरा,घनश्याम जाजोद, शंकर लाल के अलावा अन्य कारसेवको के प्रतिनिधि के तौर पर उनके पारिवारिक सदस्य मौजुद रहें।कार्यक्रम में प्रहलाद सोमानी, अजय मिश्रा, किशोर शर्मा,घनश्याम डोरवाल, शंकर हरकनका, राजेंद्र सैनी, कैलाश शर्मा, राजेंद्र शर्मा, भारत महर्षि, सतीश कुमावत, उमाशंकर ठठेरा, पंकज शर्मा हांसपुर, रामजीलाल कुमावत आदि मौजूद रहें।

## भगवान की जीवंत झांकियां सजाई

**रामगढ़ पचवारा।** उपखंड मुख्यालय पर बुधवार को महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश धारण कस्बे के प्रमुख मार्ग चौराहा हो आदि जगहों से भव्य कलश शोभा यात्रा को निकाला गया। इस शोभायात्रा के दौरान भगवान की विभिन्न जीवंत झांकियां को भी प्रदर्शित किया गया। इस शोभायात्रा के दौरान भगवान राम की जयकारों की गूंज ने पूरे क्षेत्र में माहौल राममय कर दिया। 22 जनवरी को अयोध्या में भव्य राम मंदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। ऐसे में पूरे क्षेत्र भर में जगह-जगह कलश यात्रा और शोभा यात्राएं निकाली जा रही है। प्राण प्रतिष्ठा को उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। बुधवार को रामगढ़ पचवारा कस्बे में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा रामगढ़ पचवारा में नले वाले बालाजी से शुरू हुई। इस दौरान 1100 महिलाओं ने अपने सिर पर मंगल कलश रखकर बैंड बाजे के साथ नाचते गाते हुए कस्बे के मुख्य रास्तों से होते हुए रामगढ़ पचवारा कस्बे मेंस्थित सीताराम मंदिर तक पहुंची। दूसरी ओर लालसोट के बिलौना कला गांव में भी भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में भव्य कलश यात्रा निकाली है।

# अधिवक्ता की आकस्मिक मृत्यु पर आश्रितों को दी जायेगी 51 हजार रुपये की सहायता

**पावटा।** मंगलवार को पावटा बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों व सदस्यों की एक बैठक का आयोजन किया गया।

पावटा बार एसोसियन मीडिया प्रभारी निर्मल कुमार मौर्य ने बताया कि बैठक में सभी अधिवक्ताओं ने सर्वसमति से निर्णय लिया कि सदस्य अधिवक्ता की आकस्मिक मृत्यु पर मृत सदस्य अधिवक्ता के आश्रितों को अभिभाषक संघ पावटा द्वारा 51 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसी क्रम में अभिभाषक संघ पावटा द्वारा पावटा द्वारा अभिभाषक संघ पावटा सदस्य अधिवक्ता दानाराम कुलदीप की आकस्मिक मृत्यु होने पर उसके निवास पर जाकर उसकी पत्नी संगीता देवी को 51 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की व भविष्य मे भी हर संभव मदद करने का आश्वासन देते हुए मृतक के परिवार को सांत्वना दी। इस मौके पर अभिभाषक संघ पावटा अध्यक्ष विष्णु शर्मा, उपाध्यक्ष सुरेश धानका, सचिव ओम प्रकाश सैनी, कोषाध्यक्ष अनिल



पावटा बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने दानाराम कुलदीप की मृत्यु होने पर परिजनों को सहायता राशि दीं

यादव, मीडिया प्रभारी निर्मल कुमार मौर्य, संयुक्त सचिव दिनेश दायमा, पुस्तकालयाध्यक्ष मुकेश यादव व दिलीप सिंह, उपवन सैनी, लोकेश शर्मा, अशोक गुर्जर, मेहर सिंह जाट, मुकेश स्वामी, नरेश यादव, सुरेंद्र सिंह, रतिराम मीणा, सीता राम सैनी, गौरव शर्मा, घनश्याम शर्मा, बुद्धराम यादव, हजारी लाल यादव उपस्थित रहे।

# श्रीमाधोपुर में मंदिर स्वच्छता अभियान शुरू

**श्रीमाधोपुर।** विहिप प्रखंड अध्यक्ष अजय मिश्रा ने बताया की अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम से पहले एक हफ्ते तक देश के मंदिरों में सफाई अभियान छेड़ने का आ ान किया था। विहिप बजरंग दल ने पीएम मोदी के आव्हान पर सफाई अभियान की शुरुआत गणेश मंदिर से की बजरंग दल के प्रखंड संयोजक दीपेंद्र योगी ने कहा की सभी सामाजिक संगठनों को साथ लेकर इस कार्य को गति प्रदान की जाएगी

आज सामाजिक संगठन लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट के उपखण्ड प्रभारी मुकेश कुमार शर्मा ,अध्यक्ष महावीर प्रसाद ठटेरा विहिप बजरंग के साथ गणेश मंदिर में मंदिर की सफाई की, झाड़ू लगाकर पानी से धोया पौछा लगाया।प्रखंड मंत्री महेश शर्मा ने कहा यह कार्यक्रम 17 से 22 तक कस्बे के मंदिरों में चलेगा स्वच्छता अभियान पीएम मोदी के आव्हान पर विहिप बजरंग दल ने एक विस्तृत कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की है।

सभी सामाजिक संगठनों को साथ लेकर इस कार्य को गति देने का प्रयास करेंगे विहिप बजरंग दल अब पूरे कस्बे में मंदिरों और उसके परिसरों को गंदगी मुक्त करने के मिशन में जुट गई है। विहिप बजरंग दल ने सभी से अपील की है कि अपने आस पड़ोस के मंदिरों की साफ-सफाई करना शुरू कर दें और 22 जनवरी को दीपक जलाए मिठाई का प्रसाद आस पास में वितरित करे इस अवसर पर विहिप जिला मंत्री उमाशंकर महिंद्रा , सेवा प्रमुख कृष्ण मुरारी चेजारा, उपाध्यक्ष अमित कुमार ठ्टेरा आदि करकर्ता उपस्थित रहे।



श्रीमाधोपुर में विहिप प्रखंड अध्यक्ष अजय मिश्रा के नेतृत्व में मंदिर में सफाई की।

## विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन

**कोटपूतली।** कस्बे के शक्ति विहार स्थित शिव सरस्वती उच्च माध्यमिक विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने बुधवार को जयपुर में आर्य इंजीनियरिंग कॉलेज (ओल्ड कैंपस) में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया। चेयरमैन इंजी. अनुराग अग्रवाल, प्रिंसिपल डॉ. अरुण आर्य, कार्डिनेटर इंजी. प्रशांत माथुर व उनकी टीम ने विद्यार्थियों को चलित मॉडल व लैब के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्यार्थियों ने सभी विशेषज्ञों से सवाल पूछते हुए अपनी जिज्ञासाओं को शांत किया। इस दौरान ऑटोमोबाईल लैब, रोबोटिक लैब, एयरोटिक लैब में विद्यार्थियों ने अधिक रूचि दिखाई। संस्था के निदेशक बद्री प्रसाद शर्मा ने आर्य ग्रुप ऑफ कॉलेज का आभार व्यक्त किया। प्रदर्शनी के सफलतापूर्वक अवलोकन के लिए संस्था के सह-निदेशक हृदेश शर्मा, योगेंद्र कुमार, गिरधारी लाल यादव, निष्ठा शर्मा व संगीता गौतम आदि का योगदान रहा। प्रदर्शनी में लगभग 250 विधार्थियों ने भाग लिया।

# 20 किलो डोडा चूरा सहित दो आरोपी पकड़े

- कोतवाली व डी.एस.टी. टीम की अवैध मादक के खिलाफ कारवाई

**दौसा।** पुलिस थाना कोतवाली व डीएसटी टीम ने सयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ सहित दो लोगों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने जानकारी देते हुए बताया की पुलिस थाना कोतवाली दौसा व जिला डीएसटी टीम की विशेष टीम द्वारा गश्त के दौरान आकस्मिक चैकिंग के दौरान अवैध मादक पदार्थों डोडा चुरा की तस्करी करते हुए उमेश बिहारी पुत्र श्याम बिहारी शर्मा उम्र 42 साल निवासी गोपाल जी का मन्दिर पुरानी अनाज मण्डी के पास लालसोट थाना लालसोट तथा विष्णु कुमार शर्मा पुत्र सुरेश कुमार शर्मा उम्र 37 साल निवासी ग्राम डीडवाना भरतडा ढाणी थाना लालसोट को गिरफ्तार कर मुलजिमान के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ कुल 20 किलो 50 ग्राम डोडा चुरा बरामद करने में सफलता अर्जित की गई है। जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय बजार में अनुमानित कीमत करीब एक लाख है। गठीत टीम में कैलाश चन्द उप निरीक्षक हैड कांस्टेबल प्रदीप राव, लोकेश कुमार, नरसीराम, कास्टेबल राजू लाल घनश्याम, पन्ना लाल विजय कुमार, राकेश कुमार, कुम्हेर, हेमन्त कुमार व राजू लाल डीएसटी की विशेष भूमिका रही। इस सबंध में प्रकरण पंजीबद्ध कर अनुसंधान घासीलाल मीणा थानाधिकारी सैथल दौसा द्वारा किया जा रहा है गिरफ्तार शुदा अभियुक्त गणो से अवैध मादक पदार्थ के आयात व निर्यात के स्त्रोतो व उक्त मादक पदार्थ किन्हे सप्लाई किया जाता है इस संबंध में अनुसंधान किया जा रहा है।

# नहर परियोजना में विराटनगर के बांधों को नहीं जोड़ने पर धरना 24 को

**पावटा।** ईआरसीपी में विराटनगर क्षेत्र के बांधो छितौली, बूजा, पणदो, बडोदिया, पंच पहाडी, पाछूडाला बांध शामिल नहीं किए जाने पर पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहां कि भाजपा सरकार हमारी जनता के साथ धोखा कर रही है। इसके लिए 24 जनवरी को धरना दिया जायेगा

क्या इसी के लिए क्षेत्र की जनता ने भाजपा को वोट दिया था। अगर हमारे बाँधों को ईआरसीपी में नहीं जोडा तो विराटनगर क्षेत्र को क्या फायदा मिलेगा। पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर ने बताया कि भूजल स्तर नीचे चले जाने के कारण क्षेत्र की स्थिति इतनी खराब है कि ना तो पीने के लिए और ना ही सिंचाई के पर्याप्त जल उपलब्ध है। जिसके कारण क्षेत्र के लोगो के सामने पेयजल संकट बना हुआ है। जिले के सभी बांधो को डीपीआर में जोडने की पुरजोर मांग की है। विराटनगर क्षेत्र के इन बांधों को ईआरसीपी में जोडने पर यहाँ का जलस्तर बढेगा व किसान खुशहाल होगा। क्षेत्र में पेयजल व सिंचाई की समस्या का हमेशा के लिए समाधान हो जाएगा।

वही पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर ने कानून व्यवस्था को लेकर निशाना साधते हुए कहा कि अभी शुरुआती दौर है, कहने और करने में बहुत अंतर है। यह जितना बोल रहे हैं बढ-चढकर के ऐसा काम करके दिखाएं। कानून व्यवस्था ठीक रहती तो लोगों को चोरी के मामलों मे एफआईआर दर्ज करवाने के लिए थानो के चक्कर नही लगाने पडते, युवक की हत्या पर न्याय मांग रही जनता पर मामले दर्ज नही होते। यह सरकार बातों में ज्यादा चल रही है और अभी धरातल पर उतरी नहीं है। विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में दिन-प्रतिदिन कानून व्यवस्था की हालत खस्ता होती जा रही है। ऐसा प्रतीत होता है कि क्षेत्र में जंगल राज चल रहा है। विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के कोने-कोने में विभिन्न प्रकार के अपराधों की संया बढती चली जा रही है और यह क्षेत्र के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा की क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। चोरी, फायरिंग और मारपीट की घटनाओं को अंजाम दिया गया है। क्या यही राम राज है। और यदि यही राम राज है तो ऐसा राज नही चाहिये। इस मौके पर बडी संख्या मे कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

ईआरसीपी मे क्षेत्र के बडे बाँधो को जोडने की मांग को लेकर विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड व कोटपुतली विधान सभा क्षेत्रीय विधायक हँसराज पटेल ने क्षेत्र में पानी की समस्या को देखते हुए जयपुर विधानसभा मे सिंचाई मंत्री सुरेश कुमार रावत से मिलकर पूर्वी राजस्थान नहर योजना परियोजना में क्षेत्र के बडे बांधो को जोडने तथा ईसरदा बांध पेयजल परियोजना को कोटपुतली, विराटनगर विधानसभा क्षेत्र तक विस्तृत करने की मांग की। विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड ने सिंचाई मंत्री सुरेश कुमार रावत को अवगत करवाया कि पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों की 3.50० करोड लोगों की प्यास बुझाने व 4.31 लाख हेक्टेयर सिंचाई की जलदायनी पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना से क्षेत्र के जवानपुरा, छितौली, बुचारा सहित अन्य बडे बाँधो को जोडने से कोटपुतली, विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के लोगों को पेयजल व सिंचाई का लाभ मिल सकता है। वर्षो पहले भी इस बाँधो से किसानो को सिंचाई का लाभ मिलता रहा है। क्षेत्र मे भूजल स्तर नीचे चले जाने के कारण स्थिति इतनी खराब है कि ना तो पीने के लिए और ना सिंचाई के पर्याप्त जल उपलब्ध है। जिसके कारण क्षेत्र के लोगो के सामने पेयजल संकट बना हुआ है। क्षेत्र के बडे बांधो को इस योजना में जोडने की पुरजोर मांग की।

वही विधायक कुलदीप धनकड ने कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए कहाँ कि विगत पांच वर्षो मे इन बाँधो को जोडने व पेय जल समस्या के लिए पूर्ववृत्ति सरकार ने इन क्षेत्रों की उपेक्षा की है। अगर पूर्व सरकार चाहती तो इन बाँधो को योजना से जोडने का प्रयास कर सकती थी। लेकिन कांग्रेस ने अपने पांच साल के कार्यकाल मे केवल भ्रष्टाचार पर ध्यान दिया है। तुष्टिकरण की राजनीति की है।

## चेक पाकर खुशी से खिले चेहरे

**किशनगढ़ बास / खैरथल ।** गांव गांव पहुंच रही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत खैरथल तिजारा जिले की किशनगढ़ बास की ग्राम पंचायत मुसाखेड़ा व हरसोली कैंप में राजीविका स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को 1.70 करोड़ का ऋण चेक जब केंद्र सरकार की ओर से लगाए गए जिला प्रभारी अधिकारी राहुल यादव व पूर्व विधायक रामहेत यादव ने दिया तो महिलाओं का चेहरा खुशी से खिल उठा और उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हुए मुख्यमंत्री भजनलाल का खुशी से शुक्रिया अदा किया।

इस दौरान जिला प्रभारी व पूर्व विधायक ने कैंप का निरीक्षण कर अधिकारियों को भारत सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार करने के लिए निर्देशित किया। कैंप में निरीक्षण पर पहुंचे जिला प्रभारी अधिकारी और पूर्व विधायक यादव का ग्रामीण एवं अधिकारियों की ओर से स्वागत किया गया। शिविर में उपस्थित सभी ने विकसित भारत बनाने की शपथ ली।कैंप में सांस्कृतिक व धरती कहे पुकार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# अवैध बजरी खनन में लिप्त 4 जने पकड़े

**उनियारा / चौरु ।** उनियारा उपखंड सोप थाना क्षेत्र में अभियान के दौरान अवैध बजरी खनन व परिवहन में लिप्त 4 व्यक्ति व शांति भंग में एक व्यक्ति धारा 151 सीआरपीसी मे गिरफ्तार सोप थानाधिकारी भोपाल सिंह ने जानकारी में बताया कि सुखलाल स. उ.नि. मय जाप्ता द्वारा दोराने कार्यवाही के अवैध बजरी खनन व परिवहन में लिप्त राजाराम पुत्र मोरध्वज जाति मीना उम्र 46 साल निवासी बांसला थाना सोप जिला टोंक, हरिकेश पुत्र मोरध्वज जाति मीणा उम्र 48 साल निवासी बांसला थाना सोप जिला टोंक, दिग्विजय सिंह पुत्र नाथुलाल जाति जात उम्र 27 साल निवासी सैदरी मालियान थाना सोप जिला टोंक,राजू पुत्र बद्री लाल जाति गुर्जर उम्र 25 साल निवासी सैदरी मालियान थाना सोप जिला टोंक व ग्राम बांसला मे शांति भंग करने पर विजेन्द्र पुत्र कमलेश जाति मीणा उम्र 19 साल निवासी बांसला थाना सोप जिला टोंक को धारा 151 सीआरपीसी में गिरफ्तार किया गया ।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने पीला जोहड़ हनुमान मंदिर में की सफाई

**कोटपूतली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाये जा रहे मंदिर एवं तीर्थ स्थान स्वच्छता अभियान के तहत बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एड. हीरालाल रावत के नेतृत्व में ग्राम सांगटेड़ा स्थित पीला जोहड़ हनुमान मंदिर में साफ-सफाई की। इस मौके पर रावत ने कहा कि 22 जनवरी का दिन हम सबके लिए बहुत ही सौभाग्य का दिन है। इस दिन हम प्रभु श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा के साक्षी बनने जा रहे हैं। उन्होंने सभी से मंदिरों एवं तीर्थ स्थानों की साफ-सफाई में योगदान दिये जाने की बात कही। इस दौरान उपप्रधान प्रतिनिधि एड. राजेन्द्र रहीसा, भाजपा नेता सांवतराम रावत, एड. कृष्ण गुर्जर, रविन्द्र प्रजापत समेत भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



मैच से पहले मैं वास्तव में घबराई हुई थी। मैं वास्तव में ओन्स से प्रेरित हूं, जिस तरह से वह खेलती है। डब्ल्यूटीए टूर पर खेलना शुरू करने से पहले मैं हमेशा उसके मैच देखती थी और अब मुझे उसके खिलाफ खेलने का मौका मिला। - मीरा एंड्रीवा

रूस की टेनिस खिलाड़ी, ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 में ओन्स जाबेउर को हराने के बाद।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## फिन एलन



न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज फिन एलन ने आज तीसरे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तानी गेंदबाजों की जमकर धुनाई करते 62 गेंदों में 137 रन की शतकीय पारी में 16 छक्कों के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। एलन अब टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में न्यूजीलैंड के लिए सबसे बड़ी पारी खेलने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने इस पारी में 137 रन बनाते हुए ब्रेंडन मैकुलम के 123 रन के रिकार्ड को पीछे छोड़ दिया। इसके साथ ही उन्होंने 16 छक्के जड़ते हुए एक पारी में सबसे अधिक छक्कों के विश्व रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली।

**क्या आप जानते हैं ?...** इंग्लैंड के वाल्टे हैंड पहले क्रिकेटर थे जिन्होंने 100 कैच पकड़े, उन्होंने 1939 में वेस्टइंडीज के जॉर्ज हैडली का कैच पकड़कर यह उपलब्धि हासिल की।



# भारत ने दूसरे सुपर ओवर में अफगानिस्तान को हराया

नई दिल्ली, 17 जनवरी। भारत ने दूसरे सुपर ओवर में अफगानिस्तान को हराया। इससे पहले ओवर में टीम ने 18 रन बना कर मैच टाई कर दिया। पहली बॉल पर चौका पड़ा। फिर 1 डॉट बॉल के बाद एक वाइड हो गई। तीसरी बॉल पर 2 रन बने और फिर चौथी बॉल पर गुलबदीन ने छक्का लगा दिया। आखिरी 2 गेंद पर दोनों बैटर्स ने दौड़कर 2-2 रन लिए।

18वें ओवर में अफगानिस्तान के बल्लेबाजों ने 10 रन बनाए। मुकेश कुमार ने ओवर की शुरुआत शानदार की, पहली बॉल पर जनत रनआउट हुए। आखिर की 2 बॉल में गुलबदिन को 2 चौके लगाए। 17वें ओवर में वॉशिंगटन सुंदर ने मोहम्मद नबी का विकेट लिया। उन्होंने इस ओवर में 5 रन ही खर्च किए। 16वां ओवर लेकर आए रवि बिश्नोई की बॉल पर लगातार तीन बाउंड्री आई। उन्होंने इस ओवर में 17 रन दिए।

मोहम्मद नबी ने 15वें ओवर में कुलदीप की शुरुआती दो बॉल पर दो छक्के जमाए। यह उनका 100वां टी-20 सिक्स भी है। इस ओवर में 17 रन बने। 14वां ओवर लेकर आए आवेश खान के ओवर में नाइब ने लगातार तीन बाउंड्री जमाई। इनमें दो छक्का और एक चौका शामिल रहा। उनके इस ओवर से 20 रन आए।

13वां ओवर डालने आए वॉशिंगटन सुंदर की पहली बॉल पर छक्का पड़ा। उन्होंने दो बॉल पर लगातार दो विकेट लिए। सुंदर ने इब्राहिम जादरान को सैमसन के हाथों स्टंप कराया। फिर ओमरजई को रवि बिश्नाई के हाथों कैच कराया। 12वां ओवर लेकर आए रवि बिश्नोई ने किफायती गेंदबाजी की। उन्होंने इस ओवर में महज 5 रन खर्च किए। इस ओवर के बाद टीम का स्कोर 98/1 रहा। अफगानी ओपनर गुरबाज अर्धशतक जमा चुके हैं। उन्होंने 29 बॉल पर अर्धशतक पूरा किया। अर्धशतक जमाने के बाद उन्हें कुलदीप यादव ने सुंदर के हाथों कैच कराया। गुरबाज ने 32 बॉल पर 50 रन बनाए।

## आईसीसी ने द्विपक्षीय श्रृंखला के लिए रेडफर्न को किया तटस्थ महिला अंपायर नियुक्त

दुबई, 17 जनवरी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच आगामी महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय द्विपक्षीय श्रृंखला के लिए इंग्लैंड की सू रेडफर्न को महिला तटस्थ अंपायर नियुक्त किया है। सभी आईसीसी महिला चैम्पियनशिप श्रृंखला और टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच के लिये आईसीसी के एक तटस्थ अंपायर नियुक्त करने के फैसले के बाद रेडफर्न की नियुक्ति की गयी है। इसी के साथ रेडफर्न द्विपक्षीय श्रृंखला में आईसीसी द्वारा नियुक्त पहली महिला तटस्थ अंपायर बन गयी है। रेडफर्न ने अपनी नियुक्ति पर कहा, यह महिला क्रिकेट और महिला क्रिकेट अधिकारियों दोनों के लिए निर्णायक क्षण है। मैं आईसीसी और इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहूंगी और ऐसी ही और नियुक्तियों की उम्मीद करती हूं। आईसीसी के क्रिकेट महाप्रबंधक वसीम खान ने कहा, यह महिला क्रिकेट के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है क्योंकि हम महिला मैच अधिकारियों के मार्ग कार्यक्रम को लागू करने और अपने सबसे अच्छे प्रदर्शन करने वालों के लिए स्थानापन्न अवसरों में तेजी लाने पर विचार कर रहे हैं । उन्होंने कहा, तटस्थ नियुक्तियों से महिला अंपायरों को विभिन्न परिस्थितियों के बारे में अधिक जानकारी मिलेगी और उनके साथ अंपायरिंग करने वाली स्थानीय महिला अंपायरों को सीखने और विकास में मदद मिलेगी।

## सद्भावना क्रिकेट मैच में तुलछानी क्लब जीता

खाटूश्यामजी, 17 जनवरी। कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में कस्बे के युवा और अनुभवी खिलाड़ियों के बीच सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन हुआ। सद्भावना मैच में कस्बे के पूराने खिलाड़ियों के चर्चित खिलाड़ियों के



साथ मैच का खूब आनन्द लिया। मैच में बिदावत क्रिकेट क्लब ने पहले खेलते हुए सुरेश कुमावत के शतक की बदौलत 15 ओवर में 163 रन बनाए ज़बाब में तुलछानी क्रिकेट क्लब ने राजेन्द्र बिजारणियां के 72 रन नॉट आउट तथा योगेश सोनी के तेजतर्रार 41 रन की बदौलत जीत दर्ज की। समापन के अवसर पर श्री श्याम मंदिर कमेटी के मंत्री श्याम सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में विजेता व उपविजेता टीम को ट्राफी प्रदान की गई। इस दौरान राकेश रामूका, ऋषि जांगिड़, गौरीशंकर मीणा, गौतम खाटूवाला, सायर मुंडोतिया, मुरारी जोशी,मुकेश वैष्णव, कयूम खान, संजय तिवाड़ी सहित अनेक खेल प्रेमी मौजूद रहे। मैच के समापन पर पौष बड़ा महोत्सव का भी आयोजन किया गया।

## सॉफ्टबॉल विजेता टीम का स्वागत एवं सम्मान

### मोनिका कुमावत बेस्ट पिचर व निशा सामोता बेस्ट केचर

श्रीमाधोपुर, 17 जनवरी। महात्मा गाँधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, श्रीमाधोपुर में बुधवार को सॉफ्टबॉल (बालिका वर्ग) विजेता टीम का स्वागत व सम्मान किया गया। महाविद्यालय प्रवक्ता राकेश शर्मा ने बताया की अतिथि आशीष शर्मा, निदेशक




मोहर सिंह खर्रा, सचिव गीता खर्रा, प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र सैनी, उपप्राचार्य विजेन्द्र पूनिया, कला संकाय प्रभारी सुशीला देवी, विज्ञान संकाय प्रभारी वीरेंद्र यादव, वाणिज्य संकाय प्रभारी मांगीलाल कुमावत, कार्यालय प्रभारी कैलाश बिजारणियां, खेल प्रभारी राम सिंह जाट, एनसीसी सीटीओ सुरेश सामोता द्वारा स्वागत कर सम्मान किया गया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय सॉफ्टबॉल खेल प्रतियोगिता में महाविद्यालय के खिलाड़ियों का अच्छा प्रदर्शन रहा। खेल प्रभारी राम सिंह जाट ने बताया की इस प्रतियोगिता का आयोजन एसबीडी तोदी कॉलेज, लक्ष्मणगढ़ में हुआ।

## फिन ऐलन के तूफानी शतक से न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को 45 रनों से हराया

डुनेडिन, 17 जनवरी। फिन ऐलन की रिकार्ड 137 रनों की तूफानी पारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने बुधवार को तीसरे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को 45 रनों से हरा दिया है। इसी जीत के साथ न्यूजीलैंड ने पांच टी-20 मैचों की श्रृंखला में पाकिस्तान पर 3-0 से अजेय बढ़त ले ली है। आज यहां पाकिस्तान ने टॉस जीतकर न्यूजीलैंड को बल्लेबाजी करने का न्योता दिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत ठीक नहीं रही और चौथे ओवर में उसने डेवन कॉन्वे सात रन का विकेट गंवा दिया। इसके बाद फिन एलन और टिम साइफर्ट के साथ तूफानी बल्लेबाजी करते हुए दूसरी विकेट लिये 125 रन जोड़े। साइफर्ट 31 रन बनाकर आउट हुये। फिन एलन ने अपनी तूफानी पारी में पांच चौके और 16 छक्के लगाते हुए 62 गेंदों 137 रन बनाए। ग्लेन फिलिप्स 18 और डैरिल मिचेल आठ रन बनाकर आउट हुये। न्यूजीलैंड ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 224 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। पाकिस्तान की ओर से हारिस रउफ ने दो विकेट लिये। शाहीन शाह अफरीदी, जमान खान,मोहम्मद नवाज और मोहम्मद वसीम ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। 225 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत भी ठीक नहीं रह और चौथे ओवर में उसने सलामी बल्लेबाज सईम अयूब 10 रन का विकेट खो दिया। हालांकि तीसरे नबंर पर खेले आये बाबर आजम ने आठ चौकों और एक छक्के की मदद से 37 गेंदों 58 रन बनाए। मोहम्मद रिजवान ने 20 गेंदों में 24 रन, फखर जमान ने 19 रन, नवाज 28 रन बनाकर आउट हुये। कप्तान शाहीन शाह अफरीदी 16 रन पर नाबाद रहे। पाकिस्तान की टीम निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 179 रन ही बना सकी। न्यूजीलैंड की ओर से टिम साउदी ने दो विकेट लिये। मैट हेनरी, लॉकी फर्ग्युसन, मिचेल सैंटनर और ईश सोढ़ी को एक-एक विकेट मिला। पाकिस्तान की पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला में यह लगातार तीसरी हार है। न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच चौथा टी-20 मुकाबला 19 जनवरी और पांचवां और आखिरी मैच 21 को होगा।

## एडिलेड टेस्ट में विंडीज 188 रन पर ऑलआउट

### आखिरी जोड़ी ने 55 रन बनाए, कमिंस और हेजलवुड को 4-4 विकेट, ऑस्ट्रेलिया 59/2

एडिलेड, 17 जनवरी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में वेस्टइंडीज 188 रन पर ही ऑलआउट हो गया। एडिलेड में मुकाबले के पहले दिन टीम तीसरे सेशन में ही सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया से कप्तान पैट कमिंस और जोश हेजलवुड ने 4-4 विकेट लिए। विंडीज टीम से केमार रोच और शमार जोसेफ ने 10वें विकेट के लिए 55 रन की पार्टनरशिप की। कर्क मैकेंजी ने सबसे ज्यादा 50 रन बनाए। दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया ने 59 रन के स्कोर पर 2 विकेट गंवा दिए। उस्मान ख्वाजा और कैमरन ग्रीन नॉटआउट लौटे।



एडिलेड ओवल स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। वेस्टइंडीज की शुरुआत खराब रही और टीम ने 14 रन के स्कोर पर ही तेजनारायाण चंद्रपॉल का विकेट गंवा दिया। वह 6 रन ही बना सके। चंद्रपॉल के बाद कप्तान क्रैग ब्रैथवेट और एलिक एथनाज भी 13-13 रन बनाकर ही पवेलियन लौट गए। ऑस्ट्रेलिया से कमिंस ने 2 और हेजलवुड ने एक विकेट लिया। पहला सेशन खत्म होने तक टीम ने 64 रन के स्कोर पर 3 विकेट गंवा दिए।

दूसरे सेशन में कर्क मैकेंजी ने वेस्टइंडीज का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। वह 94 बॉल में 50 रन बनाकर आउट हुए। उनसे पहले केवम हॉज भी 12 ही रन बनाकर पवेलियन लौट गए थे। मैकेंजी के विकेट के वक्त टीम का स्कोर 107/5 था। 5 विकेट के बाद वेस्टइंडीज ने 26 रन बनाने में ही अगले 4 विकेट गंवा दिए। देखते ही देखते टीम का स्कोर 133 रन पर 9 विकेट हो गया। ऑस्ट्रेलिया से कमिंस और हेजलवुड दोनों को 4-4 विकेट मिले।

133 रन पर 9 विकेट गंवाने के बाद केमार रोच और शमार जोसेफ ने वेस्टइंडीज की पारी संभाली। दोनों ने टीम का स्कोर 150 रन के पार पहुंचाया।

## भारतीय महिला हॉकी टीम ने सेमीफाइनल में बनाई जगह, इटली को 5-1 से हराया

रांची, 17 जनवरी।। भारतीय महिला हॉकी टीम ने यहां झारखंड स्थित रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में जारी एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर- 2024 के अपने तीसरे पूल-बी मैच में मंगलवार को इटली को 5-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। भारत के लिए आज उदिता ने पहले और 55वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर, दीपिका ने 41वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक पर,सलीमा टेटे ने 45वें मिनट में मैदानी गोल और नवनीत कौर ने 53वें मिनट में मैदानी गोल किए। इटली के लिए एकमात्र गोल केमिला माकिन ने 60वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर किया।

पेरिस ओलंपिक-2024 का टिकट पाने के लिए भारत के सामने अब सेमीफाइनल में पूल-ए की टेबल टॉपर जर्मनी की चुनौती होगी। भारत और जर्मनी के बीच यह सेमीफाइनल मुकाबला 18 जनवरी को होगा। वहीं,दूसरे सेमीफाइनल में अमेरिका का मुकाबला जापान से होगा।

न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को 3-1 की शानदार जीत के बाद भारत ने इटली के खिलाफ मैच के पहले ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल कर लिया। पिछले मैच में स्कोर शीट पर अपना नाम लिखवाने वाली उदिता ने एक परफेक्ट शॉट के साथ गोल करके भारत के लिए पहला गोल दाग दिया। मैच के पहले ही मिनट में 1-0 की बढ़त बनाने के बाद भारत ने शानदार शुरुआत की और अगले मिनटों में अपने आत्मविश्वास को बनाए रखा।

## फिन ने 16 छक्कों के साथ विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की

डुनेडिन, 17 जनवरी। न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज फिन एलन ने आज तीसरे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तानी गेंदबाजों की जमकर धुनाई करते 62 गेंदों में 137 रन की शतकीय पारी में 16 छक्कों के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। एलन अब टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में न्यूजीलैंड के लिए सबसे बड़ी पारी खेलने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने इस पारी में 137 रन बनाते हुए ब्रेंडन मैकुलम के 123 रन के रिकार्ड को पीछे छोड़ दिया। इसके साथ ही उन्होंने 16 छक्के जड़ते हुए एक पारी में सबसे अधिक छक्कों के विश्व रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली। अफगानिस्तान के हजरतुल्लाह जजई ने 16 छक्कों के साथ शीर्ष पर हैं और अब फिन एलेन भी उनकी बराबरी पर पहुंच गए हैं।

## आईएलटी-20 के चैम्पियन को मिलेंगे 5.80 करोड़

### फाइनल हारने वाली टीम को मिलेगा 2.50 करोड़ रुपये का इनाम, प्राइज मनी का ऐलान




नई दिल्ली, 17 जनवरी। इंटरनेशनल लीग-20 (आईएलटी-20) का दूसरा सीजन 19 जनवरी से 17 फरवरी तक में खेला जाएगा। लीग ऑफिसियल्स ने दूसरे सीजन की प्राइज मनी का ऐलान बुधवार, 17 जनवरी को कर दिया है। इस बार के चैंपियन को करीब 5.80 करोड़ रुपए (700,000 डॉलर) की इनामी राशि मिलेगी, जबकि उपविजेता को करीब 2.50 करोड़ रुपए (300,000 डॉलर) मिलेंगे। लीग का पहला मैच शुक्रवार, 19 जनवरी को शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में डिफेंडिंग चैंपियन गल्फ जाइंट्स और शारजाह वॉरियर्स के बीच खेला जाएगा। पूर्व भारतीय क्रिकेटर और ब्रॉडकास्टर सबा करीम ने बताया कि 20 एक फ्रेंचाइजी बेस टी-20 लीग है, जिसे अमीरात क्रिकेट बोर्ड करवाता है। लीग में 6 फ्रेंचाइजी की टीमें हिस्सा लेती हैं। 19 जनवरी 2024 से लीग का दूसरा सीजन शुरू होगा। पहले सीजन का खिताब गल्फ जाइंट्स ने जीता था। टीम ने 12 फरवरी 2023 को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में डेजर्ट वाइपर्स को 7 विकेट से हराया था।

## गोल्डन डक हुए विराट

नई दिल्ली, 17 जनवरी। भारत के दिग्गज बैटर विराट कोहली का बुधवार को अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में बल्ला खामोश रहा। वह बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में गोल्डन डक (पहली गेंद पर आउट) का शिकार हुए। कोहली अपने टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर में पहली बार गोल्डन डक हुए हैं। उन्हें फरीद अहमद ने तीसरे ओवर की चौथी गेंद पर अपने जाल में फंसाया। कोहली ने ऑफ स्टंप के बाहर आई शॉर्ट पिच गेंद को सही से पढ़ नहीं पाए और मिडऑफ की दिशा में इब्राहिम जादरान को कैच थमा दिया।

शून्य पर आउट होने के बाद कोहली के नाम शर्मनाक रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। वह सबसे अधिक बार जीरो पर आउट होने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। कोहली कुल 35वीं बार बिना खाता खोले पवेलियन लौटे हैं। उन्होंने महान बल्लेबाज को पछाड़ा है, जो 34 मर्तबा शून्य पर आउट हुए। उनके बाद रोहित शर्मा (34) हैं। वहीं, कोहली ने सर्वाधिक गोल्डन डक का शिकार (टॉप-7 में बल्लेबाजी करते हुए) होने वाले भारतीय प्लेयर्स की लिस्ट में सौरव गांगुली और रोहित को पीछे छोड़ दिया है। कोहली के साथ 10 जबकि गांगुली और रोहित के संग 9 बार ऐसा हुआ।

इंडिया वर्सेस अफगानिस्तान तीसरे टी20 की बात करें तो कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। हालांकि, मेजबान भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही। ओपनर यशस्वी जायसवाल 6 गेंदों में 4 रन ही बना सके। फरीद ने तीसरे ओवर में लगातार गेंदों पर यशस्वी और कोहली को अपने जाल में फंसाया। शिवम दुबे ने 6 गेंदों में 1 रन बनाया। उन्हें अजमतुल्लाह उमरजई ने चौथे ओवर में आउट किया। फरीद ने पांचवें ओवर में संजू सैमसन का शिकार किया। सैमसन ने भी पहली गेंद पर अपना विकेट गंवाया। भारत ने 22 रन पर चार विकेट खो दिए।

## ऑस्ट्रेलियन ओपन : मीरा एंड्रीवा ने ओन्स जाबेउर को हराया

मेलबर्न, 17 जनवरी। ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 के चौथे दिन रूस की 16 वर्षीय टेनिस खिलाड़ी मीरा एंड्रीवा ने दूसरे राउंड में बड़ा उलटफेर करते हुए छठी वरीयता प्राप्त ओन्स जाबेउर को सीधे सेटों में हरा दिया। मेलबर्न पार्क में अपना पहला टूर्नामेंट खेल रही एंड्रीवा ने तीन बार की ग्रैंड स्लैम रनर-अप को महज 54 मिनट में 6-0, 6-2 से हराया। एंड्रीवा पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन में हिस्सा ले रहीं है। उन्होंने ग्रैंड स्लैम पिछले वर्ष पर्दापण किया था। उन्होंने पहली बार विश्व की शीर्ष 10 रैंकिंग में मौजूद खिलाड़ी को हराया है। एंड्रीवा ने कहा, मैच से पहले मैं वास्तव में घबराई हुई थी। उन्होंने कहा, मैं वास्तव में ओन्स से प्रेरित हूं, जिस तरह से वह खेलती है। डब्ल्यूटीए टूर पर खेलना शुरू करने से पहले मैं हमेशा उसके मैच देखती थी और अब मुझे उसके खिलाफ खेलने का मौका मिला। एंड्रीवा ने मैच जीतने के बाद कहा, मैच के बाद वह मेरे पास आईं, उन्होंने मुझे शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, मैं बस इतना जानता हूं कि वह जैसी है वैसी ही है और वह कभी नहीं बदलती। मुझे उसके बारे में यही पसंद है।

# आखिरी ओवर में 20 रन बनाकर जीता जिम्बाब्वे

## श्रीलंका को दूसरे टी-20 में 4 विकेट से हराया, सीरीज 1-1 से बराबर

कोलंबो, 17 जनवरी। जिम्बाब्वे ने 20वें ओवर में 20 रन बनाकर दूसरा टी-20 मुकाबला जीता। जिम्बाब्वे ने मंगलवार को रोमांचक टी-20 मुकाबले में श्रीलंका को 4 विकेट से हरा दिया। आखिरी ओवर में टीम को 20 रन की जरूरत थी। यहां ल्यूक जोंगवे और क्लाइव मदाने ने 5 ही गेंद पर 24 रन बनाए और जिम्बाब्वे को जीत दिला दी। श्रीलंका से एंजलो मैथ्यूज आखिरी ओवर फेंक रहे थे।

दूसरे टी-20 में जीत के साथ जिम्बाब्वे ने 3 मैचों की सीरीज को 1-1 से बराबरी पर ला दिया। पहला टी-20 श्रीलंका ने 3 विकेट से जीता था। तीसरा और आखिरी मुकाबला 18 जनवरी को कोलंबो में खेला जाएगा। आर प्रेमदासा स्टेडियम में जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। पहले बैटिंग करते हुए श्रीलंका ने 27 रन के स्कोर पर ही 4 विकेट गंवा दिए। पथुम निसांका 1, कुसल मेंडिस 4 और सदीरा समरविक्रमा 16 ही रन बनाकर आउट हो गए। कुसल परेरा तो खाता भी नहीं खोल सके।

शुरुआती 4 विकेट जल्दी गंवाने के बाद चरिथ असलंका ने एंजलो मैथ्यूज के साथ श्रीलंका को संभाला। दोनों ने सेंचुरी पार्टनरशिप कर टीम को भी 100 रन के पार पहुंचाया। असलंका 39 बॉल पर 69 रन बनाकर आउट हुए और दोनों के बीच 118 रन की पार्टनरशिप टूटी।




असलंका के बाद पूर्व कप्तान दसुन शनाका भी 9 ही रन बनाकर पवेलियन लौट गए। मैथ्यूज फिर भी टिके रहे, उन्होंने अपनी फिफ्टी पूरी की और टीम का स्कोर 173 रन तक पहुंचा दिया। वह 51 बॉल में 66 रन बनाकर नॉटआउट रहे। कप्तान वनिंदु हसरंगा ने एक बॉल खेली लेकिन वह खाता नहीं खोल सके। जिम्बाब्वे से ब्लेसिंग मुजरबानी और ल्यूक जोंगवे ने 2-2 विकेट लिए। रिचर्ड नगारवा और वेलिंगटन मसाकाद्जा को एक-एक सफलता मिली। 174 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे ने चौथे ओवर में ही पहला विकेट गंवा दिया। लेकिन यहां से क्रैग इरविन और ब्रायन बेनेट ने 74 रन की पार्टनरशिप कर दी। 13वें ओवर में बेनेट 25 रन बनाकर आउट हो गए और दोनों की पार्टनरशिप टूटी।

इरविन की फिफ्टी, टीम ने लगातार विकेट गंवाए बेनेट के बाद जिम्बाब्वे ने लगातार विकेट गंवाए। कप्तान सिकंदर रजा 8, शॉन विलियम्स 1 और रायन बर्ल 13 ही रन बनाकर आउट हो गए। इरविन ने अपनी फिफ्टी पूरी कर टीम को जीत के करीब पहुंचाया लेकिन वह भी 70 रन बनाकर आउट हो गए। टीम ने 17.4 ओवर में 143 रन के स्कोर पर 6 विकेट गंवा दिए। 14 बॉल पर 31 रन की जरूरत जिम्बाब्वे को आखिरी 14 बॉल पर 31 रन की जरूरत थी। यहां ल्यूक जोंगवे और विकेटकीपर क्लाइव मदाने क्रीज पर थे। दोनों ने 8 बॉल पर 11 रन बनाए और आखिरी ओवर में टीम को 20 रन की जरूरत आ गई। श्रीलंका से एंजलो मैथ्यूज आखिरी ओवर फेंकने आए। पहली बॉल मैथ्यूज ने ऑफ स्टंप के बाहर फुलर लेंथ फेंकी, जोंगवे ने इस पर सिक्स लगा दिया। थर्ड अंपायर ने रिप्ले देखने के बाद इसे नो-बॉल भी करार दे दिया। फ्री हिट बॉल फुलर लेंथ रही, जोंगवे ने एक्स्ट्रा कवर्स की दिशा में चौका लगा दिया। दूसरी बॉल मैथ्यूज ने फिर फुलर लेंथ फेंक दी, जोंगवे ने इस बार लॉन्ग-ऑन के ऊपर से सिक्स लगा दिया। अब 4 बॉल पर 3 ही रन की जरूरत। तीसरी बॉल पर कोई रन नहीं आया। चौथी बॉल मैथ्यूज ने ऑफ स्टंप के बाहर स्लोअर फेंकी। जोंगवे ने बॉल हवा में खड़ी कर दी लेकिन कवर पॉइंट पोजिशन पर खड़े महीश तीक्षणा ने कैच ड्रॉप कर दिया। पांचवीं बॉल मैथ्यूज ने फिर फुलर फेंक दी, अब विकेटकीपर मदाने ने मिड-विकेट दिशा में सिक्स लगाया और टीम को रोमांचक जीत दिला दी।

जीत के खुशी मनाते जिम्बाब्वे के ल्यूक जोंगवे और क्लाइव मदाने। श्रीलंका के एंजलो मैथ्यूज (बाएं) निराश खड़े। जोंगवे प्लेयर ऑफ द मैच 2 विकेट लेने और 12 बॉल पर 25 रन बनाने के लिए ल्यूक जोंगवे को प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला। मैच के बाद उन्होंने कहा कि वह मैथ्यूज को रोल मॉडल मानकर ही बड़े हुए हैं। अब मैथ्यूज के ही खिलाफ उन्होंने आखिरी ओवर में अपनी टीम को जीत दिलाई।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को नई दिल्ली के श्रम शक्ति भवन में केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री आर.के. सिंह से मुलाकात की।

# मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को जान से मारने की धमकी दी

## सेंट्रल जेल में पोक्सो एक्ट के मामले में बंद कैदी ने बुधवार सुबह पुलिस कन्ट्रोल रूम में फोन कर धमकी दी थी

- पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी की मानसिक हालत ठीक नहीं है।
- पुलिस ने तीन बंदियों को चिन्हित किया है, जल्द ही प्रोडक्शन वारंट पर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।
- मामले में दो जेल वार्डन को निलम्बित कर दिया गया है।

जयपुर, 17 जनवरी। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को जयपुर सेंट्रल जेल में बंद कैदी ने, बुधवार सुबह कंट्रोल रूम में फोन कर जान से मारने की धमकी दी। आनन-फानन में पुलिस कॉल करने वाले का पता लगाकर सेंट्रल जेल पहुंची और आरोपी से पूछताछ की। पुलिस मामला दर्ज कर बंदी को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार करेगी। इस मामले में दो जेल वार्डन को निलम्बित कर दिया गया है।

घटनानुसार, जयपुर पुलिस कन्ट्रोल रूम में बुधवार सुबह करीब साढ़े सात से आठ बजे के बीच एक मोबाइल नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने मुख्यमंत्री को शूट करने की धमकी दी। बाद में अपना मोबाइल बंद कर लिया। मुख्यमंत्री को शूट करने की धमकी से पुलिस में अफरा-तफरी मच गई, तुरंत मामला आला अधिकारियों को बताया गया।

पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने तकनीकी टीम को फोन करने वाले की जानकारी जुटाने के निर्देश दिए। जांच में पता चला कि फोन जयपुर सेंट्रल जेल के अंदर से आया है। करीब दोपहर 12 बजे जेल में धोखाधड़ी के मामले में बंद एक कैदी तक पुलिस पहुंची। उसने बताया कि पोक्सो के मामले में बंद बंदी ने उससे मोबाइल मांगकर फोन किया था। दोनों बंदियों के खिलाफ लालकोठी थाने में एफआइआर दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जांच में सामने आया कि आरोपी पांच साल से पोक्सो एक्ट के मामले में जेल में बंद है। उसकी मानसिक हालत ठीक नहीं है। बंदी से पूछताछ के बाद पता चलेगा कि जेल के अंदर मोबाइल किसने पहुंचाया। पुलिस कन्ट्रोल रूम में फोन करने वाला बंदी ही है या फिर अन्य कोई बंदी भी इसमें शामिल है। इस संबंध में भी जांच की जा रही है। फोन किस मकसद से किया गया, इसका भी पता लगाया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार पुलिस ने आरोपी मुकेश उर्फ मुक्का, राकेश और चेतन को चिन्हित किया है। जल्द ही उन्हें प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया जाएगा।

सूत्रों के अनुसार जेल में कोई भी सामान बिना तस्दीक के नहीं जाने दिया जाता है। आशंका जताई जा रही है कि किसी जेलकर्मी ने ही बंदियों तक मोबाइल पहुंचाया है। इस संबंध में जेल प्रशासन भी जांच कर रहा है। जेल में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। सूत्रों के अनुसार मामले में दो वार्डन को निलम्बित किया गया है।

## प्र.मंत्री मोदी ने ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

ही दिन पूर्व रामास्वामी मंदिर के दर्शन करने के कारण वे स्वयं को धन्य मानते हैं। उन्होंने कहा कि, केरल के कलाकारों ने आज सुबह जो सुन्दर प्रस्तुति दी। उससे उन्हें केरल में भी अवध पुरी जैसी अनुभूति हुई। इस अवसर पर उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं को भी संबोधित किया और उनकी क्षमताओं को सराहा। लोकसभा चुनावों के महासंघर्ष से पूर्व उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि "मेरे जीवन का एक बड़ा भाग संगठन के लिए पार्टी कार्यकर्ता के रूप में कार्य करते गुजरा है। अतः अपने अनुभव के आधार पर मैं यह कह सकता हूं कि, इस तरह के महासम्मेलन का आयोजन एक मजबूत संगठन द्वारा ही किया जा सकता है। इससे पता चलता है कि, केरल में आप सभी ने कड़ी मेहनत की है।"

प्रधानमंत्री ने भारतीय जनता पार्टी को पूरे देश की पार्टी बताया और आम चुनावों के मद्देनज़र विकास कार्यों को प्रमुखता से उठाते हुए तीव्र विकास के सरकार के ट्रैक रिकॉर्ड पर जोर दिया।

# विद्युत संकट से बचने के लिये राजस्थान ने 1000 मेगावाट का अस्थाई आवंटन मांगा

- मुख्यमंत्री भजन लाल ने ऊर्जा मंत्री आर.के. सिंह से मुलाकात कर यह मांग की।
- केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री ने केन्द्र सरकार के हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

नई दिल्ली/जयपुर, 17 जनवरी। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को नई दिल्ली के श्रम शक्ति भवन में केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री आर.के. सिंह से मुलाकात की। इस दौरान प्रदेश के ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री हीरालाल नागर भी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री का ध्यान प्रदेश में रबी सीजन के दौरान बिजली की बढ़ी हुई मांग की ओर आकृष्ट किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम (आरवीयूएन) को आवंटित परसा ईस्ट-कांता बेसिन कैप्टिव कोल माइन्स से खनन प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हो पाने के कारण प्रदेश को कोयले की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। इससे आरवीयूएन की लगभग 4 हजार 340 मेगावाट क्षमता की इकाइयों में विद्युत उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। मुख्यमंत्री एवं ऊर्जा मंत्री ने प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को पर्याप्त तथा किसानों को 6 घंटे प्रतिदिन विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर सिंह से आग्रह किया कि केन्द्र की कोयला आधारित विद्युत इकाइयों के अनावंटित कोटे से प्रदेश को 1 हजार मेगावाट बिजली का अस्थायी आवंटन किया जाए।

केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री ने मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि राजस्थान के लिए केन्द्र सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रबी के सीजन में प्रतिदिन लगभग 3250 लाख यूनिट से अधिक की बिजली खपत हो चुकी है। अतः बढ़ी हुई मांग को पूरा करने के लिए अतिरिक्त विद्युत आपूर्ति की जानी चाहिए।

बैठक के दौरान केन्द्रीय ऊर्जा मंत्रालय के सचिव पंकज अग्रवाल, ऊर्जा विभाग के प्रमुख शासन सचिव आलोक गुप्ता तथा ऊर्जा विकास निगम के एमडी एम.एम.रिणवा भी मौजूद थे।

## आर.ए.एस.-2023 की उत्तर ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

28 जून को आरएएस एवं अधीनस्थ सेवा के 905 पदों के लिए भर्ती निकाली गई। उसकी प्रारंभिक परीक्षा गत 1 अक्टूबर को हुई। आयोग ने इसी दिन उत्तर कुंजी जारी कर अभ्यर्थियों से आपत्तियां मांग ली। इस पर याचिकाकर्ताओं ने कुछ सवालों को लेकर अपनी आपत्तियां आयोग में पेश कर दी। याचिका में कहा गया कि आरपीएससी ने उनकी आपत्तियों का निस्तारण नहीं किया और गत बीस अक्टूबर को प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया। जबकि मान्यता प्राप्त पुस्तकों और बोर्ड की किताबों के आधार पर याचिकाकर्ताओं के प्रश्न सही हैं और याचिकाकर्ताओं ने यदि आरपीएससी प्रश्नों के जवाब सही दिए हैं तो उनका मुख्य परीक्षा के लिए चयन हो जाना चाहिए था।

याचिका में गुहार की गई कि मामले में विशेषज्ञ कमेटी का गठन कर इन प्रश्नों का पुनः परीक्षण कराया जाए और कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर प्रारंभिक परीक्षा का संशोधित परिणाम जारी किया जाए। दूसरी ओर आरपीएससी की ओर से कहा कि "विवादित प्रश्न-उत्तरों की एक्सपर्ट से जांच करवा ली है और चार प्रश्नों को डिलीट कर दिया है। इसके अलावा जिन अभ्यर्थियों ने आपत्ति दर्ज कराई थी उन्हें भी निस्तारित कर दिया है।" गौरतलब है कि वर्ष 2021 की आरएएस भर्ती की प्रारंभिक परीक्षा के विवादित सवालों का विवाद भी हाईकोर्ट पहुंचा था। तब हाईकोर्ट के आदेश के बाद करीब 240 अभ्यर्थी मुख्य परीक्षा में शामिल हुए थे।

# वैदिक मंत्रोच्चार के साथ चार मंत्रियों ने पदभार ग्रहण किया

- बाबूलाल खराड़ा, के.के. विश्नोई, ओटाराम देवासी तथा संजय शर्मा ने मंत्री पद का काम संभाला।

जयपुर, 17 जनवरी (का.सं.)। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भजनलाल सरकार के चार मंत्रियों ने आज पदभार ग्रहण किया।

कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी (जनजाति क्षेत्रीय विकास, गृह रक्षा विभाग़) ने बुधवार को सचिवालय स्थित मंत्रालय भवन के कमरा संख्या 6206 में विधिवत् मंत्रोच्चार के बीच पदभार ग्रहण किया। उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के राज्य मंत्री कृष्ण कुमार विश्नोई ने सचिवालय परिसर में स्थित मंत्रालय भवन में अपना पदभार संभाला। उन्होंने कहा कि, आमजन से जुड़े जनहित के मुद्दों को ध्यान में रखते हुए कार्य किए जाएंगे। इस अवसर पर कार्यकर्ता व संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के राज्य मंत्री ओटाराम देवासी ने सचिवालय परिसर में स्थित मंत्रालय भवन में अपना पदभार संभाला। उन्होंने बातचीत के दौरान कहा कि पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग आमजन से जुड़ा हुआ विभाग है। आमजन से जुड़े जनहित के मुद्दों को ध्यान में रखते हुए कार्य किए जाएंगे। वन विभाग एवं पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने सचिवालय परिसर में स्थित मंत्रालय भवन में अपना पदभार संभाला।

## 6 शहीद जवानों के परिवार को एक-एक करोड़ रू. की सम्मान राशि

नयी दिल्ली, 17 जनवरी। दिल्ली सरकार ड्यूटी के दौरान अपनी जान गंवाने वाले छह शहीद जवानों के परिवारों को एक-एक करोड़ रुपए की सम्मान राशि देगी।

राजस्व मंत्री आतिशी ने बुधवार को बताया कि दिल्ली सरकार सेना, पुलिस, पैरामिलिट्री, दिल्ली सिविल डिफेंस और होम गार्ड के जवानों की बहादुरी का सम्मान करती है। हमारी सरकार वर्दी पहनने वाले हर एक उस जवान की कद्र करती है जो अपनी जान पर खेल कर देश और समाज की रक्षा करते हैं।

आतिशी ने कहा कि सरकार में आते ही मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने देश की रक्षा करते हुए अपनी जान गंवाने वाले शहीदों के परिवार को एक करोड़ रुपए की सम्मान राशि देना शुरू किया।

इस सम्मान राशि से शहीदों के परिवारों के नुकसान की भरपाई तो नहीं की जा सकती, लेकिन उनके परिवार को एक सम्मानजनक जीवन जीने में थोड़ी मदद ज़रूर मिलेगी।

# महाराष्ट्र विधायक अयोग्यता विवाद पर सर्वोच्च न्यायालय में सोमवार को सुनवाई

- विधानसभा अध्यक्ष ने एकनाथ शिंदे व अन्य विधायकों के खिलाफ दायर अयोग्यता याचिका को 10 जनवरी को खारिज कर दिया था।
- इस फैसले के खिलाफ उद्धव गुट ने सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की, जिसमें आज कपिल सिब्बल ने शीघ्र सुनवाई की मांग की।
- याचिका में कहा गया है कि, स्पीकर का फैसला विधायकों के बहुमत को बेरोटकोट दलबदल करने की अनुमति देता है। यदि अधिकांश विधायकों को राजनीतिक दल माना जाता है तो वास्तविक राजनीतिक दल बहुमत विधायकों की इच्छा के अधीन हो जाता है, जो असंवैधानिक है।

नयी दिल्ली, 17 जनवरी। उच्चतम न्यायालय मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अन्य विधायकों के खिलाफ दायर अयोग्यता याचिकाओं को खारिज करने के महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के आदेशों को चुनौती देने वाली उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) की याचिका पर 22 जनवरी को सुनवाई करेगा।

मुख्य न्यायाधीश डी. वाय. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने बुधवार को वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल के इस मामले में शीघ्र सुनवाई करने की गुहार स्वीकार करते हुए कहा कि, इस मामले में वह सोमवार को सुनवाई करेगी। शीर्ष अदालत के समक्ष सिब्बल ने यूबीटी गुट का पक्ष विशेष उल्लेख के दौरान रखा।

याचिकाकर्ता यूबीटी गुट के सुनील प्रभु ने विधानसभा अध्यक्ष के 10 जनवरी के फैसले के खिलाफ 15 जनवरी को शीर्ष अदालत में याचिका दायर की। उन्होंने अपनी याचिका में कहा कि, निर्णयों की "पूर्ण विकृति" इस तथ्य से स्पष्ट है कि, अयोग्यता याचिकाओं पर निर्णय लेते समय अध्यक्ष ने मुख्य निर्विवाद घटना यानी 30 जून 2022 को शपथ ग्रहण पर विचार ही नहीं किया है, जिसने निर्णायक रूप से स्थापित किया कि उनके सभी कार्य (21 जून 2022) का उद्देश्य महाराष्ट्र में अपने ही राजनीतिक दल के नेतृत्व वाली निर्वाचित सरकार को गिराना था।

याचिका में कहा गया, "अयोग्यता का इससे स्पष्ट मामला नहीं हो सकता था। शिंदे ने राज्यपाल से मुलाकात की और 30 जून 2022 को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के समर्थन से मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। सभी प्रतिवादी विधायकों ने इस निर्णय का समर्थन किया, जो स्वयं स्वेच्छा से हार मानने के समान था।"

याचिका में कहा गया है कि, दसवीं अनुसूची का उद्देश्य उन विधायकों को अयोग्य ठहराना है, जो अपने राजनीतिक दल के खिलाफ काम करते हैं। हालांकि, यदि अधिकांश विधायकों को राजनीतिक दल माना जाता है, तो वास्तविक राजनीतिक दल के सदस्य बहुमत विधायकों की इच्छा के अधीन हो जाते हैं। यह पूरी तरह से असंवैधानिक है। इसे रद्द किया जाना चाहिए। वरिष्ठ अधिवक्ता निशांत पाटिल के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया है, "विधायक दल एक कानूनी इकाई नहीं है। यह केवल एक राजनीतिक दल के टिकट पर चुने गए विधायकों के समूह को दिया गया एक नाम है, जो अस्थायी अवधि के लिए सदन के सदस्य होते हैं।"

## यू.पी. के 6 शहरों से अयोध्या दर्शन के लिये हैलीकॉप्टर सेवा

- गोरखपुर, वाराणसी, लखनऊ, प्रयागराज, मथुरा व आगरा से यह सेवा शुरू की जायेगी।

अयोध्या, 17 जनवरी। उत्तर प्रदेश सरकार छह जिलों से राम भक्तों को अयोध्या धाम के दर्शन कराने के लिये हेलीकॉप्टर सेवा उपलब्ध कराने जा रही है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हेलीकॉप्टर सेवा की शुरुआत लखनऊ से करेंगे। सरकार की ओर से प्रदेश के छह जिलों से शुरू होने वाले हेलीकॉप्टर सेवा प्रदाता ऑपरेटर का चयन किया गया है, जो ऑपरेशनल मॉडल पर हेली सर्विसेस की सेवायें प्रदान करेगा।

राम भक्तों और पर्यटकों को हेलीकॉप्टर सेवा गोरखपुर, वाराणसी, लखनऊ, प्रयागराज, मथुरा और आगरा से मिलेगी। वहीं आने वाले समय में प्रदेश के अन्य जिलों से भी इस सुविधा को जल्द शुरू किया जाएगा। इतना ही नहीं, योगी सरकार श्रद्धालुओं को अयोध्या नगरी और राम मंदिर के हवाई दर्शन भी कराएगी।

## एक फरवरी से आयोजित...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

दिल्ली में मंगलवार शाम आयोजित "कर्टन रेज़र" में आयोजकों ने बताया कि, "जयपुर बुकमार्क", एक प्रकाशन सम्मेलन का 11वां संस्करण, जे.एल.एफ. के समानांतर चलेगा। इस सम्मेलन में दुनिया भर के प्रकाशक, संपादक, साहित्यिक एजेंट, लेखक, अनुवादक और पुस्तक विक्रेता एकत्रित होंगे। इस वर्ष, "जयपुर बुकमार्क", जो मुख्यतः पुस्तकों के व्यापार पर केन्द्रित रहता है, जे.एल.एफ. के साथ पूरे पाँच दिनों तक चलेगा।

लेखक, इतिहासकार और जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के को-डायरेक्टर विलियम डेलरिम्पल ने कहा, जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में हर साल हम अपना ही स्तर बढ़ाने का प्रयास करते हैं, और 2024 अब तक का सबसे बेहतर साल होने जा रहा है। ये अभिव्यक्ति का ऐसा मंच है, जहाँ प्रत्येक क्षेत्र और धाराओं के लोग अपना मत व्यक्त करने को स्वतंत्र हैं। उन्होंने कहा, वक्ताओं की हमारी लिस्ट में शामिल हैं: पॉल लिंच, हेर्नन डिआज़, बेन मकिन्त्रे, बोनी गार्मुस, रिचर्ड ओसमान, पीटर फ्रैंकोपन, कोलिन थुब्रों, मैरी बियर्ड, केय बर्ड, कैटी किटामुरा, मोनिका अली, निकोलस शेक्सपियर, डेमों गल्गुट, ल्यूक स्यों, कैथरीन रुंडेल, मेर्वे एमरे, विन्सेंट ब्राउन, अमिया श्रीनिवासन, पैट्रिक रेडेन कीफ, जैरी ब्रोटों और अन्य। यकीनन यह फेस्टिवल बहुत ग्रैंड होने वाला है!

टीमवर्क आर्ट्स के मैनेजिंग डायरेक्टर और जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के प्रोडूसर, संजॉय के. रॉय ने कहा, जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल 2024 की ओर बढ़ते हुए, हमारा मकसद समावेशिता है। हम ऐसे साहित्य की बात करते हैं, जो सबको जोड़ता है और वैश्विक स्तर पर संवाद को बढ़ावा देता है। हमारा फेस्टिवल बहुलवाद, विविधता और बहुभाषावाद का प्रतीक है, जिसमें 24 से अधिक भाषाएं प्रस्तुत होंगी, जिनमें से 16 भारत से हैं।

# दिल्ली में घने कोहरे के कारण ऑरेंज अलर्ट

- लगभग 120 उड़ानें प्रभावित, ट्रेन भी देरी से चल रही हैं।

नयी दिल्ली, 17 जनवरी। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बुधवार सुबह घना कोहरा छाए रहने के कारण इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर लगभग 120 घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में देरी हुई। इस बीच, घने कोहरे के कारण दिल्ली जाने वाली कई ट्रेनें भी देरी से चल रही हैं या रद्द कर दी गई हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, दिल्ली में न्यूनतम तापमान चार डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। मौसम एजेंसी ने कहा है कि, इस कड़कड़ाती शीत लहर की स्थिति से कोई राहत नहीं मिलने के आसार हैं और अगले दो से तीन दिनों में घना कोहरा छाया रहेगा।

आईएमडी ने मंगलवार को दिल्ली में घने कोहरे और शीतलहर की स्थिति को देखते हुए बुधवार और गुरुवार के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया था।

विभाग ने पंजाब और हरियाणा में बुधवार को घने कोहरे और शीत लहर की स्थिति के लिए रेड अलर्ट और गुरुवार को दोनों राज्यों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। कोहरे से संबंधित व्यवधान को ध्यान में रखते हुए, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को बताया था कि, दिल्ली हवाई अड्डे को कैट तृतीय सक्षम चौथे रनवे के परिसंचालन में तेजी लाने के लिए कहा गया है। उन्होंने यह भी कहा कि, प्रतिकूल मौसम की स्थिति के कारण उड़ान रद्द होने और देरी के मद्देनजर असुविधा को कम करने के लिए यात्रियों के बेहतर संचार और सुविधा के लिए एयरलाइंस के लिए नागरिक उड्डयन महानिदेशालय द्वारा एक मानक संचालन प्रक्रिया तैयार की जाएगी।

## 'मंदिर जाने के लिये हमें निमंत्रण की आवश्यकता नहीं'

पटना, 17 जनवरी। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने अयोध्या में नवनिर्मित भगवान राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर आज फिर हमला बोला और कहा कि, भाजपा केवल वोट के लिए आस्था का दिखावा कर रही है।

जदयू के वरिष्ठ नेता एवं बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित 'जनसुनवाई' कार्यक्रम के बाद संवाददाताओं से बातचीत में कहा, मंदिर जाने के लिए किसी भी निमंत्रण या नेवता की आवश्यकता हमें नहीं है। प्रतिदिन हम अपने घर में भगवान राम की पूजा करते हैं।

कुमार ने कहा कि, हमारी आस्था असली है, बल्कि भारतीय जनता पार्टी सिर्फ वोट के लिए आस्था का दिखावा करती है। उन्होंने सीट बंटवारे के मुद्दे पर कहा कि, इंडिया गठबंधन के शीर्ष नेता इस मामले को देख रहे हैं। जल्द ही सीट बंटवारे पर अंतिम फैसला हो जाएगा। लघु एवं जल संसाधन मंत्री जयंत राज ने कहा कि, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को राम मंदिर के उद्घाटन समारोह का निमंत्रण मिला है या नहीं इसकी प्रमाणिक जानकारी उनके पास नहीं है।

## अखिलेश यादव ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

से होकर गुजरेगी। इस यात्रा का प्रयास पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों और उच्च जाति के लोगों को भी एकजुट करना है। उन्होंने यह भी कहा कि, समाजवादी पार्टी ही केवल मात्र एक ऐसी पार्टी है जो देश में संवैधानिक मूल्यों और संविधान को बचाने के लिए संघर्ष कर रही है। इस बीच, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने संवाददाताओं से चर्चा में कहा कि, राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय पदयात्रा के उत्तर प्रदेश में 14 फरवरी तक पहुंचने की संभावना है।

उन्होंने बताया कि, यह यात्रा उत्तर प्रदेश में 11 दिन तक चलेगी, इस दौरान यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी के साथ ही कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी के निर्वाचन क्षेत्र रायबरेली एवं राहुल गांधी के पूर्व निर्वाचन क्षेत्र अमेठी से भी गुजरेगी। अमेठी का वर्तमान में प्रतिनिधित्व केन्द्रीय मंत्री स्मृति इरानी कर रही हैं। कुल मिलाकर यह यात्रा उ.प्र. के 20 जिलों तक पहुंचेगी और 1074 किलोमीटर का सफर तय करेगी। इससे पूर्व अखिलेश यादव ने कहा कि, प्रदेश के युवाओं को उनकी शैक्षणिक योग्यता के अनुसार रोजगार नहीं मिल रहा है, कुछ भी हो वर्ष 2024 परिवर्तन और बदलाव का वर्ष है।

उन्होंने प्रदेश की भाजपा सरकार को भी घेरने की कोशिश की और पूछा कि, उस 40 लाख करोड़ के एम.ओ.यू. का क्या हुआ जो सरकार ने निवेशकों के सम्मेलन में करने का दावा किया था। वो किधर गए, क्योंकि युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है।

## डिप्टी सी.एम...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

सन्, 1994 में विवाह किया था। ठाकुर बुद्ध सिंह को उनके बड़े पुत्र कुंवर अजीत सिंह ने मुखाग्नि दी। जयपुर राज परिवार के उत्तराधिकारी पद्मनाभ सिंह एवं राजकुमारी गौरवी भी अपने दादाजी के अंतिम संस्कार में शामिल हुईं।

ठाकुर बुद्ध सिंह की अंतिम यात्रा में पूर्व संसदीय सचिव भवानी सिंह राजावत, हिमाचल प्रदेश के राज परिवार के उत्तराधिकारी महाराज लक्षराज सिंह सहित अनेकों जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग शामिल हुए। पूर्व में दिवंगत ठाकुर बुद्ध सिंह की पार्थिक देह को बुधवार को 11 बजे अंतिम दर्शनों के लिए रखा गया एवं परंपरागत तरीके से उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई। कोटडा गढ़ ठाकुर बुद्ध सिंह अपने सरल स्वभाव एवं सामाजिक सरोकार निभाने के लिए क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान रखते थे।

# पूर्व मुख्यमंत्री गिरिधर गमांग कांग्रेस में शामिल

- गमांग उड़ीसा के पूर्व मुख्यमंत्री हैं तथा 11 वर्ष केन्द्र में मंत्री रहे हैं।
- वे वाजपेयी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर विवादास्पद मतदान करने के लिये जाने जाते हैं।

नयी दिल्ली, 17 जनवरी। ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं 80 वर्षीय आदिवासी नेता गिरिधर गमांग बुधवार को पुनः कांग्रेस में शामिल हो गए।

कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन और पार्टी के ओडिशा प्रभारी अजोय कुमार की मौजूदगी में यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक समारोह में गमांग के साथ तीन अन्य नेता कांग्रेस में शामिल हुए। कांग्रेस की सदस्यता लेने वाले इन नेताओं में गमांग के पुत्र शिशिर गमांग, पूर्व सांसद हेमा गमांग और संजय भोई भी शामिल हैं।

गौरतलब है कि, वर्ष 1999 में लोकसभा में मतविभाजन के दौरान अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के एक वोट से गिरने में गमांग का हाथ था, लेकिन गमांग वर्ष 2015 में कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामलि हो गये थे।

उन्होंने पिछले वर्ष जनवरी में भाजपा छोड़ दी और चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली भारत राष्ट्र समिति में शामिल हो गए थे।

ओडिशा के कोरापुट क्षेत्र के एक प्रमुख आदिवासी नेता, गिरिधर गमांग प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। उन्होंने कांग्रेस पार्टी में फिर शामिल किए जाने पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी का आभार व्यक्त किया है।

गमांग ने कहा कि, कांग्रेस ने उन्हें 11 बार टिकट दिया था और वह 11 साल केंद्र में मंत्री रहे हैं। वह वर्ष 1972 से वर्ष 2004 के बीच नौ बार कोरापुट लोकसभा क्षेत्र से सांसद रहे ।

गमांग ने मई 1999 में लोकसभा में अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर मतविभाजन के दौरान विवादास्पद रूप से मतदान किया था। वह उस समय ओडिशा के मुख्यमंत्री बन गए थे लेकिन सदन की कार्यवाही में हिस्सा लिया था। उस समय उन्होंने फरवरी 1999 में मुख्यमंत्री का पदभार संभाला था, लेकिन लोकसभा से इस्तीफा नहीं दिया था।

उनका कांग्रेस पार्टी में पुनः स्वागत करते हुए माकन ने कहा कि, गमांग के आने से ओडिशा और देश में भी पार्टी मजबूत होगी और राहुल गांधी की न्याय की लड़ाई में बल मिलेगा।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908